आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 13 दिसंबर 2022 ■ पौष कृष्ण पक्ष-5 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-254 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 14 दिसंबर 2022 ₹ 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राजा पटेरिया को कुत्ता बोलने पर कांग्रेस को आपत्ति

**रायपुर, 13 दिसंबर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता राजा पटेरिया के विवादित बयान पर सियासत तेज हो गई है. पूर्व मंत्री व विधायक अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर कांग्रेस पर निशान साधा है. उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री को भानुप्रतापपुर में पीएम के सम्मान की चिंता थी, अब कहां गया प्रधानमंत्री के प्रति सम्मान? क्या पटेरिया के खिलाफ छग में कार्रवाई करेंगे. भाजपा नेता अजय चंद्राकर ने ट्वीट कर कहा है कि राजा पटेरिया कुत्ते की तरह भौंक रहा है और आप मौन हैं. अजय चंद्राकर के ट्वीट पर कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने पलटवार करते हुए कहा कि अजय चंद्राकर अपने अभद्र और अशिष्टता की वजह से पहचान बना चुके हैं. उनकी बातों को कांग्रेस गंभीरता से नहीं लेती.

सुशील आनंद ने कहा, राजा पटेरिया ने जो बात कही थी, उन्होंने स्पष्टीकरण दिया. उनके बयान से कांग्रेस पार्टी ने खुद को अलग किया है. दूसरे दल के नेता 'कुत्ता' जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे, क्या बीजेपी उनके बयान का स्पष्टीकरण देगी.

### पेड़ से टकराई कार में आग, 2 की मौत

**मनेंद्रगढ़ ,13 दिसंबर।** मनेंद्रगढ़ से लगे बेलबहरा में सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई, वहीं 4 लोग घायल हैं, जिसका अस्पताल इलाज चल रहा है।मिली जानकारी के मुताबिक, कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई. इसके बाद कार में आग लग गई और देखते-देखते कार धू-धू कर जलने लगी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस मौके पर पहुंची और कार में सवार लोगों को बाहर निकाला. कार में 6 लोग सवार थे, जिसमें से दो लोगों की मौत हो गई है. वहीं 4 लोग घायल हैं, जिसे जिला अस्पताल बैकुंठपुर भर्ती कराया गया है।

### नग्न अवस्था में मिला युवती का शव खेत में

**कवर्धा, 13 दिसंबर।** कबीरधाम जिला के पिपरिया थाना के ग्राम इंदौरी में 19 साल की युवती का शव नग्न अवस्था में गाँव के बाहर खेत में देखा गया। आसपास कपड़ों के आधार पर शव की पहचान गाँव के ही रानू साहू के रूप में की गई। मृतका रानू साहू 5 दिसम्बर से घर से लापता थी जिसकी रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी।


दरअसल आज सुबह गाँव के बाहर खेत मे शव देखा गया, जिसके बाद गांव में हलचल मच गई, मामले की सूचना पिपरिया थाना में दी गई। पुलिस शव का पंचनामा कर जांच में जुटी हुई है। वहीं रायपुर से फॉरेंसिक टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है। शव के हाथ, सिर में चोट के निशान है, हाथ शरीर से पूरी अलग हो चुका था। हालांकि पुलिस पीएम के बाद ही हत्या के सही कारणों का खुलासा होने का दावा कर रही है।

मृतिका रानू के शरीर पर कपड़ा नही था, वही सिर के बाल को नोचा गया है। परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था, लेकिन पुलिस समय पर जांच शुरू नहीं की। वहीं युवती की हत्या का आरोप परिजन लगा रहे हैं, साथ ही हत्या को अंजाम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की गई है। पिपरिया थाना पुलिस पूरे मामले में पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की जांच व कार्यवाही की बात कही है।

# ड्रैगन को मुहंतोड़ जवाब देने एयर फोर्स की बड़ी तैयारी

## तवांग की घटना के बाद एक्शन में आया भारत

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर।** तवांग में भारतीय सेना ने चीनी सैनिकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। बताया जा रहा है कि चीनी सैनिक पूरी तैयारी के साथ आए थे। झड़प में चीन के 20 से ज्यादा सैनिक घायल हो गए हैं। रक्षा सूत्रों के मुताबिक 200 से ज्यादा चीनी सैनिकों ने तवांग में घुसपैठ की कोशिश की। तवांग से 35 किलोमीटर दूर चीनी सैनिक एलएसी के पास पहुंचे थे। 9 और 11 दिसंबर को दोनों देशों की सेनाओं के बीच आमने सामने की झड़प हुई थी। झड़प में दोनों पक्षों को चोटें भी आई हैं। घायलों में चीनी सैनिकों की संख्या ज्यादा हैं। झड़प में भारतीय सैनिकों को गंभीर चोटें नहीं आई हैं। सूत्रों के मुताबिक 9 और 11 दिसंबर की झड़प में सिख और जाट रेजीमेंट के जवान घायल हुए। पीएलए के 200 सैनिकों को भारत के 50 जवानों ने रोक दिया। आधे घंटे के भीतर भारतीय सेना की बैकअप टीम मौके पर पहुंच गई। दोनों तरफ से पहले पत्थारबाजी हुई, फिर हाथापाई की नौबत आई। बैकअप फोर्स के तुरंत मोर्चे पर आने से चीन तुरंत ही बैकफुट पर आ गया। झड़प के बाद विवादित क्षेत्र से



दोनों के सैनिक हटे। झड़प के बाद कमांडर स्तर की फ्लैग मीटिंग हुई और शांति बहाली पर चर्चा हुई। फिर दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे।

### वायु सेना ने संभाला मोर्चा

9 दिसंबर की घटना के बाद पीएलए की तरफ से जवाबी कार्रवाई भी की जा सकती है। सीमा पर भारतीय सेना पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। चीन के भारतीय एयरस्पेस में घुसने का खतरा मंडरा रहा है। जिसके बाद अब वायु सेना ने चीन की नापाक हरकत को रोकने के लिए अरुणाचल प्रदेश में सक्रिय लड़ाकू गश्त चालू कर दी है। सूत्रों ने पुष्टि की है कि अरुणाचल प्रदेश में चीन द्वारा सीमा उल्लंघन को रोकने की कवायद के बद्देनजर फाइटर जेट्स को दो तीन बार उड़ाया जाना है।

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुलाई उच्चस्तरीय बैठक

**नई दिल्ली, 13 दिसंबर।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प के मुद्दे पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी जो कि अब समाप्त हो गई है। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेना प्रमुख रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को घटना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं आज इस मुद्दे पर संसद में हंगामे के भी आसार हैं। कांग्रेस ने जहां प्रधानमंत्री मोदी से जवाब की मांग कर रही है वहीं विपक्ष के कई सांसदों ने सस्पेंशन ऑफ बिजनेस नोटिस दिया है।



# हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं : सीएम

**बसना, 13 दिसम्बर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

भेंट मुलाकात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हर वर्ग के लिए अलग-अलग योजनाएं बनाई गयी हैं, ताकि हर वर्ग को योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। हम विधानसभा में नीति-कानून बनाते हैं, उसका क्रियान्वयन हो रहा या नहीं पता करने आये हैं।उन्होंने कहा कि हम हितग्राहियों से मिलकर सुख-दुख के गोठ करते हैं और योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत चार क़िस्त में राशि दी गई, किसानों को राशि सीधे अकाउंट में दिया गया । 17 को शपथ लिये थे, चार साल होने में तीन चार दिन बचे हैं। उन्होंने कहा कि शपथ के बाद सीधे मंत्रालय गए, बैठक लेकर कर्ज माफी और समर्थन मूल्य का निर्णय लिया। हमने पहले निर्णय में 19 लाख किसानों के 9 हजार 50 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया। भले ही केंद्र सरकार मदद करे या न करे पर जो वादा हमने किया, उसे पूरा करने का कार्य भी कर रहे हैं। किसानों के जरूरत के अनुसार भी उन्हें राशि दे रहे हैं, जिनका उपयोग त्यौहार, शादी आदि में हो रहे हैं।

कौशिल्या बाई यादव ग्राम अठारह गुड़ी ने बताया कि राशन कार्ड बना है। परिवार में 12 सदस्य हैं। बहु-बेटे के लिए अलग और हम दोनों का अलग राशन कार्ड है। 10-10 किलो चांवल मिलता है। राशन निःशुल्क मिलता है। नमक भी निःशुल्क है। रसोई गैस 1200 रुपये में मिलता है, जो महंगा है। जिसके कारण इसका उपयोग नहीं कर पाते। मुख्यमंत्री ने कहा- कौशल्या दीदी से बात करने में काफी अच्छा लगा।

## लालू यादव की हालत चिंताजनक

**पटना, 13 दिसंबर।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री व राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है. किडनी ट्रांसप्लांट होने के बाद भी उनकी स्थिति सामान्य नहीं है. अभी भी वो पूरी तरह ठीक नहीं हुए हैं. वहीं लालू प्रसाद को किडनी डोनेट करने वाली उनकी बेटी रोहिणी आचार्य अब पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है. अस्पताल से घर आने के बाद रोहिणी आचार्य ने सोमवार को ट्वीट किया कि आज मैं आप लोगों की दुआओं और आशीर्वाद से हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर घर आ गई, मगर पापा अभी भी हॉस्पिटल में हैं. उनकी तबीयत कुछ नासाज बनी हुई है. बस आप लोगों की दुआओं की शक्ति चाहिए कि पापा भी जल्द ठीक होकर आपके बीच, आपके अधिकार की खातिर आवाज बुलंद कर सकें. तेजस्वी यादव ने पटना एयरपोर्ट पर कहा था कि लालू प्रसाद की तबीयत में अब सुधार है. किडनी ने भी काम करना शुरू कर दिया है.



## सदन में किसी भी जाति और धर्म का उल्लेख न करने की चेतावनी

**नईदिल्ली, 13 दिसंबर।** संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है. इस दौरान सरकार और विपक्ष में खूब नोक झोंक होती हुई दिखाई देती है. इसी तरह का नजारा देखने को मिला जब कांग्रेस के एक सांसद ने निर्मला सीतारमण पर आरोप लगाया कि उन्होंने अपने भाषण में जाति आधारित टिप्पणी की है. इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदस्यों को सदन में किसी भी जाति और धर्म का उल्लेख न करने की चेतावनी दी है। दरअसल, प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस सांसद ए रेवंत रेड्डी ने खुद से संबंधित सामाजिक वर्ग का उल्लेख करने के लिए एक शब्द का इस्तेमाल किया. इस पर आपत्ति जताते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनता ने जाति और धर्म के आधार पर सदस्यों को लोकसभा के लिए नहीं चुना है. अगर वो जाति और धर्म को लेकर चर्चा करेंगे तो उन पर कार्रवाई की जाएगी. इसके अलावा, ओम बिरला ने इस पर भी आपत्ति जताई जिसमें कांग्रेस सांसद ने सवाल पूछते हुए बाधित नहीं करने के लिए कहा।



इसको लेकर ओम बिरला ने लोकसभा में विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी से कहा कि वो अपनी पार्टी के सदस्यों को समझा दें कि वो स्पीकर के बारे में इस तरह की टिप्पणी न करें. उन्होंने कहा कि आप सदन के नेता हैं. आप अपने सदस्यों को समझा दें कि भविष्य में स्पीकर पर ऐसी टिप्पणी न करें कि आप (स्पीकर) दखल नहीं दे सकते. आप समझ गए न कि मैंने क्या कहा? क्या है पूरा मामला? रेड्डी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक पुराने कथन का उल्लेख कर रहे थे तो बिरला ने कहा कि आप प्रश्न पूछिए. इस पर रेड्डी ने कहा कि आप हस्तक्षेप मत करिए. लोकसभा अध्यक्ष ने उनके इस कथन पर भी आपत्ति जताते हुए कहा, आप (अधीर रंजन चौधरी) नेता हैं. आप सदस्यों को समझा दें कि वो ऐसा नहीं कह सकते कि मैं हस्तक्षेप नहीं कर सकता. मेरे पास अधिकार है कि हस्तक्षेप करूं.

## मोदी की हत्या वाले बयान पर पूर्व मंत्री राजा पटेरिया गिरफ्तार

**पन्ना, 13 दिसंबर।** मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता राजा पटेरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने पीएम मोदी की हत्या के लिए तत्पर रहने संबंधी विवादित बयान दिया था। विवादित बयान के कारण उन्हें आज (मंगलवार) सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके बिगड़े बोल का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने पर एमपी की राजनीति में भूचाल आ गया था। सत्ताधारी पार्टी बीजेपी द्वारा निशाने पर लिया था। उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर बीजेपी प्रतिनिधि मंडल ने डीजीपी को ज्ञापन सौंपा था। उसके खिलाफ कल सोमवार को पवई थाना में एफआईआर दर्ज किया गया था।जानकारी के अनुसार कांग्रेस सरकार के पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को पन्ना पुलिस ने उनके निज निवास से आज सुबह 7 बजे गिरफ्तार किया है। पुलिस उन्हें पवई थाने लेकर गई है। आज सुबह हटा एसडीओपी वीरेंद्र बहादुर भारी पुलिस बल के साथ उसके निवास गिरफ्तार करने पहुंचे थे। राजा पटेरिया को हटा, दमोह से पन्ना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ पवई थाने में कल सोमवार को मामला दर्ज हुआ था।

# 18 साल बाद बजी स्कूल की घंटी

**बीजापुर-12 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

देश का सर्वाधिक माओवाद प्रभावित माना जाने वाला बीजापुर इलाके की तस्वीर शिक्षा को लेकर बदल रही है । सरकार की विश्वास बहाली की कोशिशें के बीच अब ग्रामीण इन इलाकों में शिक्षा को लेकर जागरूक हो रहे है। साल 2005 में सलवा जुडूम अभियान के दैरान उपजे हिंसा और आतंक के माहौल के बाद जिले के तकरीबन 300 स्कूल बंद हो गए । इनमें सर्वाधिक माओवाद प्रभावित मनकेली गांव है जहाँ 18 साल से स्कूल और तमाम सरकारी सुविधाएँ जमींदोज हो गई । बीजापुर से महज 13 किलोमीटर दूर मनकेली आम तौर पर सरकारी मुलाजिम और सरकारी योजनाओं के लिए प्रतिबन्धित इलाका है जहाँ हर कदम चुनौती और दहशत से भरा होता है । अब यहां के हालात बदल रहे है और शिक्षा से शांति का वातावरण तैयार हो रहा है । ग्रामीण अब शिक्षा की मुहिम में आगे आकर एक एक नई मिसाल पेश कर रहे हैं । सोमवार को बीजापुर के बीईओ ज़ाकिर खान के साथ शिक्षा विभाग की टीम मनकेली पहुंची



और 18 साल बाद 100 बच्चों को दाखिल कर नए अध्याय की शुरुआत की । दुर्गम और भयावह रास्तों से गुजरने के बाद शिक्षा विभाग की टीम ने मनकेली के बच्चों को स्कूल बैग, कॉपी किताब भेंट किया तो बच्चों के साथ ग्रामीण भी खुशी से झूम उठे । यहाँ के सरपंच लखु उरसा, पुजारी मोडियंम लक्खू और मुखिया पुनेम सन्नू ने शिक्षा की अलख जगाने पर खुशी का इजहार कर तिलक लगाकर बच्चो का स्वागत किया और बैग कॉपी पुस्तक भेंट किया । मनकेली में स्थानीय ज्ञान दूत के माध्यम से स्कूल का संचालन होगा जिसमें स्कूल शेड के साथ जरूरी सुविधाओं की बहाली जिला प्रशासन के माध्यम से किया जा रहा है । 18 साल बाद राष्ट्रगान का हुआ गायन । स्कूल और सरकारी सुविधाओं के ध्वस्त होने के बाद मनकेली में तमाम सरकारी गतिविधियां बन्द हो गई । अब जब स्कूल के जरिये बदलाव की बयार बही तो 18 साल बाद मनकेली की वादियों में राष्ट्रगान की गूंज भी सुनाई दी । स्कूल शुरू करने के मौके पर बच्चों के साथ ग्रामीणों और मौजूद शिक्षा विभाग की टीम ने राष्ट्रगान का गायन कर औपचारिक रूप से कक्षाओं की शुरुआत की ।

## एनपीएस का पैसा कर्मचारियों का है, कैसे इंकार कर सकती है केंद्र सरकार: भूपेश

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**रायपुर, 13 दिसंबर।** मोदी सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू करने से साफ इनकार कर दिया है. वित्त मंत्री ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना को लागू करने का कोई विचार नहीं है. इस पर अब सियासत गरमा गई है. छ्रू भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि राशि लौटाने से केंद्र सरकार कैसे इनकार कर सकती है ? दरअसल, पुरानी पेंशन स्कीम की राशि नहीं लौटाने पर छत्तीसगढ़ सरकार एक्शन मोड में है. ओल्ड पेंशन स्कीम पर मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि आगे का कदम कर्मचारी-अधिकारी संगठनों से बातचीत कर तय किया जाएगा. एनपीएस का पैसा राज्य सरकार और प्रदेश के कर्मचारियों का पैसा है. सीएम बघेल ने अधिकारियों को निर्देशित किया है. उन्होंने कहा कि कर्मचारी संगठनों से बातचीत करें, आगे का कदम तय करे. सीएम बघेल ने कहा कि राशि लौटाने से केंद्र सरकार कैसे इनकार कर सकती है ? भूपेश बघेल ने कहा यह पैसा निश्चित रूप से राज्य के कर्मचारियों का है, राज्य का अंशदान है. भारत सरकार का इसमें एक पैसा भी नहीं है. केंद्रीय कर्मचारियों का पैसा उनके पास है, लेकिन यह जो पैसा है. राज्य के कर्मचारियों का है. यहां का अंशदान है. इसके लिए हम लगातार मांग कर रहे हैं.सीएम बघेल ने कहा कि भारत सरकार का इसमें नकारात्मक रवैया है. मैंने कल ही अधिकारियों को कहा है कि कर्मचारी संगठन के साथ बैठक करें. बैठक करके रास्ता निकालने के लिए विचार विमर्श करें. उसके बाद हम लोगों के पास आएं, ताकि हम ओल्ड पेंशन स्कीम का हल निकाल सकें.

## फुटबाल: कतर विश्व कप 2022, सेमीफायनल तक अप्रत्याशित उलट-पुलट का जारी है दौर

jasclaudius@gmail.com

# पल भर में परिणाम बदलने वाली प्रतियोगिता

✍ **जसवंत क्लाडियस, तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

इस चैंपियनशिप के नतीजे चौंकाने वाले हैं। सबसे अच्छी स्थिति उन खेलप्रेमियों की है जो खेल का आनंद लेने पर यकीन करते हैं अर्थात् किसी टीम के न तो वे समर्थक न ही विरोधी। फुटबाल की दुनियां में ऐसे लोग 2022 के विश्व कप को कभी भूला नहीं पायेंगे। उतार चढ़ाव का दौर ग्रुप स्टेज से ही जारी है। स्थिति यह आ गई कि पहले सेमीफायनल में विश्व की तीसरी वरीयता प्राप्त दक्षिण अमेरिका महाद्वीप की टीम अर्जेंटीना का मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त यूरोप की टीम क्रोएशिया से है। क्वार्टर फायनल में पहली वरीयता प्राप्त ब्राजील को विजेता की दौड़ से क्रोएशिया ने बाहर किया तो अफ्रीका महाद्वीप का प्रतिनिधित्व करने वाली विश्व की 22वें क्रम की टीम मोरक्को ने नौंवी वरीयता प्राप्त पुर्तगाल को स्पर्धा के बाहर का रास्ता दिखाया। मोरक्को की शक्तिशाली लेकिन अनजान टीम ने क्वार्टर फायनल में सातवीं वरीयता प्राप्त स्पेन को पछाड़ा था। फुटबाल में ऐसे देश जिनकी टीम विश्व कप 2022 के मुख्य दौर के लिए योग्यता हासिल की है उनके समर्थक या दर्शकों के लिए मोरक्को की टीम आंख की किरकिरी बन गई है। फुटबाल के आंकड़ों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए इस प्रतियोगिता के परिणाम अचरच भरे हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि सेमीफायनल में पहुंची क्रोएशिया और मोरक्को दोनों ही मुख्य दौर के ग्रुप स्टेज में एक ही ग्रुप एफ में थे। इस ग्रुप में विश्व की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम भी थी। इस चैंपियनशिप के इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि 10 से ऊपर वरीयता प्राप्त टीम एक ही ग्रुप में होने के बावजूद सेमीफायनल में पहुंची है। मजेदार बात यह है कि ग्रुप स्टेज में मोरक्को व क्रोएशिया



की टीम अपने लीग मैच में 0-0 से बराबरी पर थी। मोरक्को ने दूसरी वरीयता प्राप्त बेल्जियम को 2-0 से शिकस्त दी। जबकि क्रोएशिया व बेल्जियम का मुकाबला ड्रा हुआ था। ग्रुप एफ की 41वीं वरीयता प्राप्त चौथी टीम कनाडा को क्रोएशिया, मोरक्को व बेल्जियम ने शिकस्त दी थी। सेमीफायनल में स्थान बनाने वाली दो अन्य टीम अर्जेंटीना ग्रुप सी से जबकि फ्रांस ग्रुप डी से आई हैं। फुटबाल यूरोप, दक्षिण अमेरिका, अफ्रीका महाद्वीप के सबसे लोकप्रिय खेल माने जाते हैं। इस बार सेमीफायनल में तीन महाद्वीप की टीम होने के कारण फुटबाल की दीवानगी सिर चढ़कर बोलेगी। कहते हैं कि क्रिकेट में जब तक मैच का आखिरी गेंद न फेंक दिया जाए तब तक परिणाम के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता ठीक उसी तरह 2022 के विश्व कप में यह बात साबित हो गई कि जब तक खेल समाप्ति के लिए रैफरी की सीटी या हूटर न बज जाए तब तक नतीजे के बारे में कुछ भी नहीं कहा जा सकता। खेल के 117वें मिनट में क्रोएशिया के पेटकोविक ने गोल करके पेनाल्टी शूटआउट से ब्राजील को पछाड़कर उसके मुंह से जीत का निवाला छीन लिया। मोरक्को ने तो पेनाल्टी शूटआउट में कमाल का प्रदर्शन किया तथा पहले राउंड आफ 16 में स्पेन को पेनाल्टी शूटआउट से हराया। इसी प्रकार अर्जेंटीना ने नीदरलैंड्स को पटकनी दी। विश्व कप 2022 राउंड आफ 16 में क्रोएशिया ने जापान को पेनाल्टी शूटआउट में परास्त किया था अर्थात् गोलकीपर और पेनाल्टी शूटआउट लेने वाले के ऊपर हार-जीत पाने के लिए दबाव बढ़ गया है। पुर्तगाल, ब्राजील, स्पेन, नीदरलैंड्स जैसी टीम के ख्याति प्राप्त फुटबालर पेनाल्टी शूटआउट को गोल में तब्दील करने में नाकामयाब रहे जबकि क्रोएशिया, मोरक्को, अर्जेंटीना के गोलकीपरों ने शानदार बचाव करते हुए अपनी टीम को सेमीफायनल चक्र तक पहुंचा दिया। अब सेमीफायनल में जय-पराजय को लेकर उत्सुकता बनी हुई है लेकिन सफलता उसी टीम को मिलेगी जिसके सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा, खेल क्षमता का प्रदर्शन उचित अवसर पर करेंगे।

## वंदे भारत की टिकिट महंगी, मध्यम वर्ग नहीं कर पायेगा सफर: भूपेश

**रायपुर, 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** 11 दिसंबर को प्रदेश को वंदे भारत ट्रेन की सौगात प्रदेशवासियों को मिली. लेकिन इस कार्यक्रम में बिलासपुर रेलवे स्टेशन में जहां राज्य गीत का अपमान किया गया, वहीं इस पूरे कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण तक रेलवे के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को देना जरूरी नहीं समझा. इतना ही नहीं रेलवे ने राज्य सरकार को इसकी सूचना तक नहीं दी. इसकी पुष्टि खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की है.



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ये भी कहा कि वंदे भारत ट्रेन शुरू हुई प्रदेश को सौगात दी गई लेकिन टिकट इतनी ज्यादा है कि मध्यम वर्ग के लोगों को दिक्कत होगी और गरीब लोगों का तो महज इस ट्रेन में सफर करना सपने जैसा होगा. मुख्यमंत्री ने ये भी कहा कि रेलवे ने गरीबों के सुविधा के लिए जो ट्रेन चलाई थी उसे बंद कर दिया है. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ये भी कहा कि जब ट्रेनें बन्द हुई तो भाजपा नेताओं ने कुछ नहीं बोला और आज स्वागत के लिए सब पहुंच गए. मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में एक नहीं बल्कि 10 वंदे भारत ट्रेन चले हम बधाई देते है. लेकिन इस ट्रेन का किराया कम होना चाहिए. दूसरी बात लोकसभा में राजनांदगांव के सांसद ने ट्रेन रद्द होने का कभी कोई मुद्दा नहीं उठाया और न ही कभी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने. बता दें कि नई ट्रेन शुरू होने की सूचना और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को निमंत्रण न दिए जाने का ये कोई पहला मामला नहीं है, इससे पहले भी एक बार रेलवे के अधिकारी ऐसा कर चुके हैं.

## एक नजर

### टेसू सोनबेर ने अंचल का गौरव बढ़ाया




उतई, 13 दिसंबर। कुमारी टेशु सोनबेर पिता गोविंद प्रसाद सोनबेर (मूर्तिकार) ग्राम बोरीगारका ने शैलदेवी महाविद्यालय अंडा से बीएससी बीएड फाइनल ईयर में सातवा स्थान प्राप्त कर अंचल एवम पूरे परिवार समाज का नाम रोशन किया है अभी वर्तमान में बिलासपुर में पी एस सी की तैयारी कर रही है यह जानकारी उनके बड़े पिताजी समाज सेवी प्रेमचंद सोनबेर ने दिया ।अंचल वासियों ने कुमारी टेशू को बधाई देते हुए उनकी उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बीएसपी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग,पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित



भिलाई, 13 दिसंबर। जनसंपर्क विभाग द्वारा सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग के सहयोग से भिलाई आर्ट्स क्लब के साथ संयुक्त रूप से आजादी का अमृत महोत्सव के तहत बीएसपी स्कूलों के छात्रों के लिए एक ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 से अधिक बीएसपी स्कूलों के लगभग 300 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 8 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों ने पेंसिल, क्रेयॉन और वाटर कलर के साथ अपने ड्राइंग कौशल का प्रदर्शन किया। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 में तिरंगे रंग के गुब्बारे आसमान में छोड़ा, जिसका प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत किया। कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे ने सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 का भ्रमण कर प्रतिभागी बच्चों को ड्राइंग व पेंटिंग बनाते देखा। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक एस वी नंदनवार, महाप्रबंधक (एलए एवं पीआर) जैकब कुरियन, महाप्रबंधक (शिक्षा) सुश्री शिखा दुबे, महाप्रबंधक श्रीकांत रामराजू, सहायक महाप्रबंधक आर जे राजू, कला क्लब, भिलाई से पी के नंदी, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 की प्रिंसिपल, सुश्री रूबी बर्मन रॉय, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-8 से सुश्री श्रीदेवी दुर्गे सहित विभिन्न बीएसपी स्कूलों के शिक्षक और कर्मचारी गण उपस्थित थे।

### आरक्षके से मारपीट करने वाले गिरफ्तार



भिलाई । भिलाईनगर थाना क्षेत्र सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे युवक को आरक्षक ने मना किया तो आरोपी ने मारपीट की। पुलिस ने आरोपी को भिलाईनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 307, 506 के तहत कार्रवाई की है भिलाईनगर टीआई राजेश साहू ने बताया कि रविवार शाम को जरवाय भिलाई -3 निवासी रविवार को अनल देव अपने साथी के साथ मिलकर सेक्टर 06 नाला के पास शराब पी रहा था जिसे प्रार्थी आरक्षक विपीन कुमार सिंह) द्वारा मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी पर हमला कर मारपीट की मामले में पुलिस ने आरोपी अनल देव को गिरफ्तार कर लिया है।

### बालोद जिला में दिव्यांगों के लिए सर्वे 14 से

भिलाई, 13 दिसंबर। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा 14 दिसम्बर तक दिव्यांगजनों को नि:शुल्क सहायक उपकरणों के वितरण हेतु सर्वे एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत 12 दिसम्बर को दल्ली राजहरा, 13 दिसम्बर को महामाया तथा 14 दिसम्बर को बालोद में सर्वे का आयोजन किया जा रहा है।

# भाजपा किसान मोर्चा ने सोसायटियों का दौरा कर जानी किसानों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



उतई,13 दिसंबर। दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा द्वारा द्वारा सोमवार को पूर्व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष प्रितपाल बेलचंदन ,जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष विनायक ताम्रकार के साथ भाजपा किसान नेताओ ने सोमवार को पाटन विधानसभा क्षेत्र के सेलूद, फेकारी,गाड़ाडीह, कुम्हली ,जामगांव-आर,कुम्हली, भरर,रानितराईट्ठ डीडाभाठा, तेलीगुंडरा,पाटन के धान खरीदी केंद्र में निरीक्षण करने पहुंचे एवं खरीदी केंद्रों में किसानों से चर्चा भी किये। भाजपा नेताओं द्वारा किसानों से चर्चा के दौरान कहा गया कि प्रदेश के कांग्रेस सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। 2018 की में किसानो के ऋण माफी के भुगतान में कांग्रेस सरकार द्वारा जो विलंब की गई उसकी ब्याज की भरपाई प्रति करोड़ में 4 लाख रुपए सहकारी समिति को नुकसान हुआ जो किसानों के लिए शुद्ध नुकसान है। जो लाभांश के रूप में किसानों को मिलता वह सहकारी समिति कर्ज के बोझ तले दब गई है। जो कांग्रेस सरकार के गलत नीति का परिणाम है। भाजपा किसान नेताओ ने कहा केंद्र सरकार द्वारा धान खरीदी के लिये प्रति क्विंटल 300 रुपये दिया जाता है उसका कही पर किसी सोसायटी में उल्लेख नही है। पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक प्रीतपाल बेलचंदन ने कहा कि राज्य सरकार किसान के धान और गौमाता के नाम से केवल राजनीति कर रही है। भाजपा शासन में सहकारिता मजबूत स्थिति में थी। भाजपा शासन के दौरान जैविक खेती को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा था तब कांग्रेस द्वारा विरोध किया गया। आज किसानों को जैविक खाद के नाम पर गोबर को बगैर जांचे परखे अमानक खाद दिया जा रहा है। जिसके कारण उनके फसल की पैदावारी कम हो रही है। दुर्ग जिला भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनायक ताम्रकार ने कहा कि सोसायटी में किसानों के साथ धोखा किया जा रहा है वर्मी कम्पोस्ट खाद की राशि अनेकों किसानों की काट लिया गया है लेकिन आज तक उसे खाद नही दिया गया है। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू , मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने कहा कि धान खरीदी केंद्र में परिवहन नही होने से किसानों को परेशानी हो रही ,कुछ सोसायटी में किसानों की धान को नमी बताकर वापस किया जा रहा है जो गलत है वही गाड़ाडीह सोसायटी भगवान भरोसे चल रही वहां के प्रबंधक अतुल वर्मा 11 बजे तक उपस्थित नही थे जिससे किसान परेशान थे ,प्रबंधक लो कार्य में लापरवाही और किसानों की परेशानी के कारण बर्खास्त करना चाहिए । सांसद प्रतिनिधि भगवान चंद्राकर ने बताया की जाम गांव आर में किसानों को पूर्व में 1 से 3 प्रतिशत में लघु पशुपालन के लिए लोन दिया गया था उसे अब 12 प्रतिशत में वसूली किया जा रहा है जो गलत है ।मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रितपाल बेलचंदन,प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य धनराज साहू ,जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष दुर्ग विनायक ताम्रकार, दक्षिण पाटन मण्डल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, जिला भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक घनश्याम दिल्लीवार , पूर्व सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अण्डा योगेन्द्र दिल्लीवर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश बेलचन्दन, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष औंधी दीपक चंद्राकर , सांसद प्रतिनिधि भगवान सिंह चंद्राकर , किसान नेता प्रकाश चंदाकर , सांसद प्रतिनिधि तेजेंद्र पिपरिया , दक्षिण पाटन भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष कमलेश साहू , पूर्व अध्यक्ष रामकुमार चंद्राकर , पूर्णेंद्र सिन्हा , अजय राजपूत , दुर्गा चंद्राकर,परीक्षित साहू , सिया राम चंद्राकर ,संजय चंद्राकर ,रामनारायण साहू ,निर्मल जैन ,तुला राम साहू , अशोक शर्मा, द्रोण चंद्राकर ,भारत साहू , कृष्णा साहू ,सतीश नायक , कमलेश चंद्राकर ,दिनेश साहू , प्रशांत तिवारी ,श्रीमती उत्तरा साहू ,श्रीमती मंजू अंगारे ,श्रीमती गायत्री यादव , श्रीमती पुष्पा खरे , भूषण साहू ,चंद्रकांत बंछोर ,दिनेश देवांगन , लखन लाल वर्मा , नारायण ठाकुर ,बुधराम साहू , सागर सोनी , योगेश विक्की भाले ,केशव बंछोर , राजा साहू , सहित भाजपा नेता , सांसद प्रतिनिधि ,भाजपा निगरानी समिति सदस्य व कार्यकर्ता और किसान उपस्थित रहे।

### राजीव युवा मितान क्लब ने कराया रात्रिकालीन बैडमिंटन टूर्नामेंट



भिलाई, 13 दिसंबर। रविवार को राजीव युवा मितान क्लब सेक्टर 1 के क्लब द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सेक्टर 1 के लोगों के लिए कराया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया जिसमें पुरुष 15 साल से 35 साल उम्र में डबल्स में विजेता सुनील एवं सी पी रितेश बनें और दूसरे स्थान में राजीव एवं अब्दुल रहे , पुरुष 15 साल से 35 साल उम्र में सिंगल्स में विजेता आयुष बने दूसरे स्थान में राजीव रहे , महिला डबल्स में विजेता शिवाली एवं सुमन बनें महिला सिंगल्स में विजेता चंचल बनीं एवं दूसरे स्थान में श्रेया रहीं 7 मुख्य अतिथि के रूप में आदित्य सिंह (पार्षद एवं खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी ), आशीष यादव ( जिला समन्वयक, राजीव युवा मितान क्लब ), राजीव युवा मितान क्लब ), डामेंद्र परगनिया एवं अन्य सीनियर खिलाड़ी उपस्थित हुए। सभी ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया एवं युवा मितान के सभी सदस्यों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत बधाई दी ।

# मोहम्मद अकबर ने 126 परिवारों को आवासीय पट्टा प्रदान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



कवर्धा,13 दिसंबर। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर ने आज कलेक्टर कार्यालय में 126 परिवारों को आवासीय पट्टा एवं 09 परिवारो को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान बनाने की स्वीकृति पत्र का वितरण किया। कैबिनेट मंत्री मो.अकबर, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने हाथों से आवासीय पट्टा एवं प्रधानमंत्री स्वीकृति पत्रक वितरण कर बधाई व शुभकामनाएं दी। अब तक कैबिनेट मंत्री मो.अकबर के हाथों 1 हजार 104 व्यक्तियों को आवासीय पट्टा प्रदान किया जा चुका है ।

इन परिवारों को मिला आवास स्वीकृति पत्रक

कवर्धा शहर के 126 हितग्राहियों को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आवसीय पट्टा तथा 09 क्रमशः सुनीता पति बाल स्वरूप, हंसी बाई पति अकल सिंह, जैतराम पति उधोराम, प्रेमा पति गोवर्धन यादव,, बेंदिया पति गौतरिहा, फेकन बाई पति भगवानी मानिकपुरी, लक्ष्मी श्रीवास पति विनोद श्रीवास, जमेली बाई पति अधनू जायसवाल, सविता मानिकपुरी पति फुलदास मानिकपुरी को प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति पत्रक वितरण किया।

### कैबिनेट मंत्री ने 126 हितग्राहियों का नाम पढ़कर सुनाया

आवासीय पट्टा व स्वीकृति पत्र पाकर हितग्राही भी गदगद हुए। कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर सभी परिवारों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी वार्डो के हितग्राहियों का नाम पढ़कर हितग्राहियों को अवगत कराया। उन्होंने सभी पात्र परिवारों को पट्टा व प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होनें निर्देशित करते हुए कहा कि मूलभूत समस्याओं को विशेष ध्यान रखे तथा शासन की सभी योजनााओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने व सुविधा उपलब्ध कराये जाने को कहा।

### हमारी सरकार, गरीबों की सरकार:ऋषि कुमार शर्मा

नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों की सरकार है हमारी सरकार जनता से वादा किया है उसको हमारी सरकार पूरा कर रहे है आपके माध्यम से शहर के अब तक पात्र 1 हजार 104 परिवारों को उनके हक-अधिकार प्रदान करते हुए राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत आवसीय पट्टा प्रदान किये है। इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष जमील खान, सभापतिगण, पार्षदगण, एल्डरमेन गण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, कार्यपालन अभियंता एम.एल.कुर्रे सहित अधिकारी-कर्मचारीगण, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### लोक निर्माण प्रभारी ने किया निरीक्षण, बाक्स कल्वट निर्माण के साथ ही नाला से निकाले मलबा



रिसाली। बारिश के पानी को रिहायशी क्षेत्र से आसानी से निकालने 24 लाख 50 हजार की कार्य योजना तैयार कर मूर्त रूप दिया जा रहा है। नाला पर बाक्स कल्वट बनाया जा रहा है। सोमवार को रिसाली निगम के लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे ने निगम अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। महापौर परिषद के लोक निर्माण विभाग प्रभारी ने कहा कि आमतौर पर निर्माण के बाद आस पास जमी मिट्टी को निकाला नहीं जाता। बाद में यही मिट्टी (मलबा) नाला में पानी के बहाव को रोकता है। उन्होंने नाला में चैन माउंट मशीन उतारकर मलबा निकालने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सदस्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, विनय नेताम, चन्द्र प्रकाश सिंह, कार्यपालन अभियंता एस.के. बाबर, सहायक अभियंता आर.के.जैन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। रिसाली क्षेत्र का मुख्यालय कृष्णा टॉकीज रोड, आशीष नगर, प्रगति नगर होते निकलता है। अधिकांश सिवरेज लाइन व बारिश के पानी इसी नाला में बहता है। सड़क 15 ए व 15 सी में हुयूम पाइप डाल पानी निकासी का साधन बनाया गया था। इस वजह से पानी का प्रवाह अधिक होने पर जाम की स्थिति निर्मित होकर रिहायशी क्षेत्र में पानी भर जाता था। बाक्स कल्वट बनाने से पानी का प्रवाह रूकेगा नहीं। लोक निर्माण विभाग प्रभारी ने निरीक्षण के दौरान वार्ड पार्षद व स्थानीय नागरिकों से चर्चा की। नागरिकों का कहना था कि सड़क 15 सी में नाला का संगम है। रूआबांधा से आने वाला गंदा पानी इसी में मिलता है। अगर प्रगति नगर मुख्य मार्ग पर भी कल्वट बनाया जाए तो स्थाई समाधान होगा। इस पर एमआईसी सदस्यों ने निगम अधिकारियों को प्राक्कलन तैयार करने निर्देश दिए।

# युवा कांग्रेस कवर्धा ने संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



कवर्धा। भारतीय युवा कांग्रेस कवर्धा द्वारा जिले के मुख्य दोनों सहकारी शक्कर कारखाने में सुविधा एवं निर्माण कार्य के लिए कबीरधाम कलेक्टर महोदय के नाम संयुक्त कलेक्टर दीसी गौवते जी को ज्ञापन सौपा गया।इस विषय पर माननीय कैबिनेट मंत्री मो.अकबर भैया जी को अवगत कराकर मांग किया जाएगा युवा कांग्रेस कवर्धा विधानसभा अध्यक्ष वाल्मिकी वर्मा ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना रामहेपुर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल कारखाना पंडरिया में किसानो एव कर्मचारी हित में निर्माण कार्य एवं सुविधा के लिए कारखाना में पानी टंकी,किसान प्रतीक्षालय,बैठने हेतु चबूतरा,नहाने के लिए स्नानागार हो,किसानो के मदद हेतु हेल्पडेस्क,वेबसाइट के माध्यम से सर्वे व पर्ची की जानकारी व पर्ची हिंदी में जारी हो,किसानों के लिए उच्चतम एवं उन्नत किस्म की गन्ना रोपण कर कम दर में प्रदान एव मृदा परीक्षण केंद्र प्रारंभ सहित किसानों और कर्मचारियों के हित में विभिन्न निर्माण कार्य सुविधा प्रदान किया जाए।भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना में शेयर प्रक्रिया में परिवर्तन कर शेयर स्थानांतरण करे । उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपस्थित अश्वनी वर्मा,धनराज वर्मा,माधवेश चंद्रवंशी,नारद चंद्रवंशी, जितेंद्र लहरे,राजेश पात्रे,रामगोपाल वर्मा,आनंद चंद्रवंशी,लक्ष्यकुमार वर्मा,चिंतामणी चंद्रवंशी,गजेंद्र वर्मा, परमानंद वर्मा,लुकेश वर्मा,नितेश वर्मा,मोहन वर्मा,ऋषि तिवारी,कामोद चंद्रवंशी,रामू लांझी, मिथुन कश्यप सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# निदान-1100 में दर्ज शिकायतों के निराकरण में भिलाई निगम को ए ग्रेड



भिलाई, 13 दिसंबर। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में शहर से ऑनलाइन दर्ज बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ग्रेडिंग में ÷ए ग्रेड÷ हासिल कर रही है। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने के बाद अधिकतम शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया है। ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की रिपोर्ट के अनुसार शहर से निदान-1100 में माह अप्रैल से लेकर अब तक कुल 30559 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से 25287 शिकायतों का निगम ने समय सीमा में निराकरण कर दिया है तथा इसमें से 4993 शिकायतों का भी निराकरण कर दिया। यानी कि निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे से सप्ताह भर के अंदर 82.74 फीसद शिकायतों का निराकरण कर लिया। बाकी कुछ आवेदनों को समय-सीमा के बाद निराकरण किया गया। शिकायतों के लिए अलग-अलग मामलों में समय सीमा भी अलग-अलग निर्धारित की गई है। भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास की नियमित मॉनिटरिंग से निदान में प्राप्त शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सड़क, नाली की सफाई, स्ट्रीट लाइट, मृत जानवर का उठाव, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, आवारा मवेशियों इत्यादि से होने वाले समस्याओं के निराकरण के लिए कुछ साल पहले निदान 1100 की शुरुआत की थी।



### एसएमएस-2 ने लगाया शतक; 100 हीट बना कर बनाया नया कीर्तिमान

भिलाई, 13 दिसंबर। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक 2 ने दिनांक 10 दिसंबर 2022 को 100 हीट्स उत्पादन कर 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड दिया। पिछला दैनिक रिकॉर्ड माह जनवरी 2011 में 95 हीट्स का था। 10 दिसंबर को ही हाई स्पीड कास्टर क्रमांक 6 से एक ही सीक्वेंस यानी लगातार 36 हीट बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया। इस कास्टर का पिछला रिकॉर्ड 6 दिसंबर 2022 को 35 हीट का था। एसएमएस-3 के शटडाउन के मद्देनजर एसएमएस-2 के मिक्सर, कन्वर्टर, कास्टर एवं अन्य उपकरणों के संचालन हेतु योजना एस एसएमएस-2 के शीर्ष अधिकारी, विभिन्न सेक्शन के टीम के सदस्यों तथा सहायक विभागों को साथ लेकर बनाई गई । संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस द्वारा लगातार हॉट मेटल की आपूर्ति की जा रही थी। सारे चुनौतियों को स्वीकारते हुए और बनाई गई योजना को एसएमएस-2 के सी जी एम एस के घोषाल के नेतृत्व में बेहतरीन टीम वर्क के साथ कार्यान्वयन करते हुए एसएमएस-2 बिरादरी ने न केवल उत्पादन के निरंतरता को योजनाबद्ध तरीके से जारी रखा, बल्कि 100 हीट बनाकर नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। एसएमएस-2 के पांच कास्टर का एक साथ संचालन कर क्रूड इस्पात को कास्ट ब्लूम एवं कास्ट स्लैब में परिवर्तित कर उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करना भी अपने आप में एक चुनौती थी। एसएमएस-2 के इतिहास में पहली बार प्रथम पाली के दौरान पांच कास्टर का एक साथ संचालन लगभग ढाई घंटे के लिए किया गया। 11 दिसंबर 2022 के सुबह संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने एसएमएस-2 जा कर संपूर्ण मिल बिरादरी एवं सहायक विभागों को योजनानुसार उत्पादन बनाए रखते हुए नई कीर्तिमान स्थापित करने हेतु बधाई दी।

### हादसे में युवक की मौत

भिलाई। दुर्ग से पाटन रोड में देमार चौक के पास हुए भयानक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है तीन बाइक सवार अपने घर लोहरसी जा रहे थे तभी देमार चौक के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई जिससे तीनो जमीन पर गिर पड़े घटना में एक युवक

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




कवर्धा,13 दिसंबर। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री महोबे ने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण करते हुए अस्पताल के प्रथमतल पर पहुंचे। कलेक्टर ने प्रथम तल के छत पर स्टोर पुराने सामाग्री का अवलोकन किया और शीघ्र ही विविध प्रक्रिया के तहत नीलामी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान मेडिकल में उपयोग में लाई गई वेस्ट मेडिकल सामाग्री का बेहतर ढंग से बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मेडिकल के वेस्ट समाग्री का बेहतर प्रबंधन नहीं होने पर अस्पताल प्रबंधन पर कड़ी नाराजगी जताई। कलेक्टर ने सामाग्री का अवलोकन करते हुए बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सीजीएमएससी से शीघ्र स्थल को सुरक्षित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने इस कार्य के लिए शीघ्र कार्ययोजना तैयार कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि जिला अस्पताल में अनुपयोगी कबाड़ सामाग्री की नीलामी के लिए विधिवत प्रक्रिया अपनाई गई है। इसके लिए निविदा निकाली गई है और 16 दिसम्बर तक अधिक दर पर प्राप्त आवेदक को सभी समाग्री दी जाएगी।कलेक्टर श्री महोबे ने औचक निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के ओपीडी कक्ष, पैथोलॉजी कक्ष,जनरल वार्ड, महिला वार्ड, प्रसुति वार्ड, पोषण पुर्नवास केन्द्र, नवजात बच्चों की स्पेशल वार्ड, स्टोर रूम सहित पूरे परिसर का अवलोकन किया। कलेक्टर ने पूरे परिसर में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुजॉय मुखर्जी, सिविज सर्जन डॉ एम के सुर्यवंशी, अस्पताल सहालकार सुश्री रीना सलुजा उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने आक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया,कहा बैकअप के लिए एक प्लांट को तैयार रखें

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज जिला अस्पताल परिसर में लगे अत्याधुनिक आक्सीजन प्लांट का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में दो अलग-अलग आक्सीजन प्लांट लगाए गए है। जिसमें एक प्लांट की क्षमता 570 लीटर प्रति मिनट है। इस प्लांट से वर्तमान में जिला अस्पताल में ऑक्सीजन सप्लाई हो रही है। वही दूसरे प्लांट की क्षमता 1000 लीटर प्रति मिनट है। कोविड संक्रमण के दौरान केयर फड से ज्यादा क्षमता वाली आक्सीजन प्लांट स्थापित किया गया था, जिससे समीप में संचालित कोविड अस्पताल में इसकी सप्लाई होती थी। कलेक्टर ने आज निरीक्षण करते हुए कहा कि ज्यादा क्षमता वाली आक्सीजन प्लांट को बैंकअप के तौर पर तैयार रखें। इस प्लांट से सप्लाई के लिए आवश्यक कार्ययोजना तैयार करें।

### एक्सपायरी दवाइयों का विधिवत डिस्पोज करें- कलेक्टर

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज जिला अस्पताल के मेडिकल दवाई स्टोर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टोर में रखी सभी दवाइयों की मात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने दवाइयों का अवलोकन करते हुए कहा कि एक्सपायरी दवाइयों का विधिवत रूप से डिस्पोज करें। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि एक्सपायरी दवाइयों को विधिवत रूप से सीजीएमएससी के माध्यम से वापस करने की प्रक्रिया है। कलेक्टर ने इस प्रक्रिया को अपनाने के निर्देश दिए।



### लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता मंत्री अकबर के सामने ली

कवर्धा, 13 दिसंबर। विश्राम गृह में ओबीसी महासभा अध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकार के नेतृत्व में 15 लोगो ने केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के सामने कांग्रेस की सदस्यता ली ।

### बीएसपी में डिजिटल परिवर्तन परियोजना की वायर रॉड मिल से शुरुआत



भिलाई, 13 दिसंबर। भिलाई इस्पात संयंत्र में डिजिटल परिवर्तन (डीएक्स) कार्यक्रम के तहत ली गई पहली परियोजना को वायर रॉड मिल (डब्ल्यूआरएम) में लागू किया जाएगा। संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक तपन सूत्रधार, कार्यपालक निदेशक एम एम गद्रे, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ ए के पंडा तथा कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती की उपस्थिति में 12 दिसंबर 2022 को बीएसपी के निदेशक अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा परियोजना का औपचारिक रूप से शुभारम्भ किया गया। परियोजना को 10 माह में क्रियान्वित किया जाएगा। वायर रॉड मिल एक उच्च गति वाली मिल है और मिल के संचालन के दौरान ऑपरेटरों के लिए उपकरणों की स्वास्थ एवं स्थिति का आंकलन करना बहुत मुश्किल होता है। इससे उपकरण के संचालन पर विपरीत असर पड़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कोबल्स के साथ मिल के संचालन में ठहराव हो सकता है। ऑपरेटरों को ऑपरेशन के दौरान उपकरणों की सही स्थिति के बारे में जानकारी देने में सक्षम बनाने के लिए, यह डीएक्स प्रोजेक्ट वास्तविक समय में उच्च गति उपकरण द्वारा उत्पन्न डेटा का विश्लेषण करेगा ।

# गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ में युवाओं और महिलाओं की होगी अहम भूमिका : सीएम

### गौठान में महिलाएं कर रही मटर, बैंगन आलू और भाजी की खेती, 5 महीनों में ही मिला 45 हज़ार का शुद्ध लाभ

**रायपुर 13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को 376 करोड़ 50 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। योजनांतर्गत कोरिया जिले में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के मझगंवा गौठान की प्रगति महिला स्व सहायता समूह की 03 महिलाएं बाड़ी का कार्य कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर रहीं हैं। साथ ही अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणाश्रोत बन रहीं हैं।



समूह की अध्यक्ष शमशुन निशा बताती हैं कि समूह के गठन से वे गौठान में विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समूह में 10 सदस्य हैं, जिनमें से 03 महिला सदस्यों के द्वारा बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है। समूह की सचिव अंजुलता ने बताया कि हम पहले ही घरों में छोटे स्तर पर आवश्यकतानुसार सब्जियां लगाते थे, और जब गौठान में बड़े पैमाने पर समूह की महिलाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका मिला तो पहले की प्रैक्टिस से ये काम और आसान हो गया।

उन्होंने बताया कि विगत 5 महीनों से हम बाड़ी विकास का कार्य कर रहें हैं। 25 हजार की लागत से बाड़ी विकास का काम शुरू किया। वर्तमान में यहां मटर, बैगन, मूली, आलू तथा भाजी लगाए गए हैं। जिसका विक्रय कर महिलाओं को 45 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ हुआ है और लगातार मुनाफा बढ़ रहा है। स्थानीय बाज़ारों में ही सब्जियों की खपत हो जाती है। महिलाएं कहतीं हैं कि जब से हम यह कार्य कर रहीं हैं अच्छी आमदनी से आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर-परिवार की ज़रूरतों को पूरा कर पा रहीं हैं।

नरवा गरूआ घुरूवा बाड़ी योजना विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में अद्यतन 98690 बाड़ियां विकसित कर ली गई हैं। प्रदेश में निर्मित 8408 गौठानों में 39090 हितग्राहियों के साथ 4429 सामुदायिक बाड़ियां संचालित हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी और गोधन न्याय योजना आमजनों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। ग्रामीण परिवेश में निवासरत लोगों के लिए यह योजना आर्थिक उन्नति का माध्यम बनकर उभरी है। योजनांतर्गत जिले के गौठानों में स्वसहायता समूह की महिलाएं सब्जी उत्पादन सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।

## एक नजर

### भारतीय जनता पार्टी मगरलोड मंडल की बैठक 14 को

**नगरी/मगरलोड 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी मगरलोड मंडल की आवश्यक बैठक 14 दिसंबर को दोपहर 1 बजे ग्राम कुल्हाड़ीकोट में भाजपा कार्यकर्ता मनीष कश्यप के निवास में रखी गई है।उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिला के अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार,भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री एवं पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शिवराज शाह,पूर्व विधायक श्रवण मरकाम,भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री और मगरलोड मंडल के प्रभारी राजेंद्र गोलछा,भारतीय जनता पार्टी के जिला के उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा,भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के जिला के महामंत्री एवं मगरलोड प्रभारी हेमलता यादव उपस्थित रहेंगी।उक्त बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य,जिला,मंडल के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य भूत अध्यक्ष से लेकर समस्त वरिष्ठ कार्यकर्ताओं भारतीय जनता पार्टी के समस्त जनपद सदस्य एवं सरपंच नगर पंचायत के पार्षद को उपस्थित होने की अपील भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु महामंत्री रामायण सिन्हा एवं यवन साहू ने किया है।

### जनपद अध्यक्ष ने स्कूल का किया निरीक्षण




**बीजापुर 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ईलमिडी के नवीन मॉडल बालक आश्रम संजय पारा स्कूल का निरीक्षण करने पहुंचे जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी एवं विधानसभा अध्यक्ष आईटी सेल शंकर खटबिना जी व आवापल्ली सरपंच श्रीमती मीनाक्षी नोल्ली जी ने क्लासरूम जाकर बच्चों से हालचाल जाने एवं पढ़ाई के क्षेत्र में बातचीत किए, तो बच्चे ने बताया कि हम पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, टीचर, बनेंगे बताएं एक क्लास रूम में एक बालक अपने सहपाठियों को पढ़ा रहा था तभी जनपद अध्यक्ष अनिता तेलम, सरपंच मीनाक्षी,अध्यक्ष खटबीन ने देख कर चुपचाप उस क्लास रूम में बैठ गए ,और बच्चों के द्वारा क्लास ले रहे क्लास अटेंड किए ,क्लास खत्म होने के बाद पड़ा रहे बच्चे को अध्यक्ष मैडम ने बुलाकर शाबाशी दी एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिए ,दौरान बच्चों ने अपने बीच जनपद अध्यक्ष मैडम को देखकर बहुत खुश हुए।

### इलमिडी मे धान खरीदी का शुभारंभ, जनपद अध्यक्ष ने किया किसानों का स्वागत



**बीजापुर 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**आज ईलमिडी धान खरीदी केंद्र में सर्वप्रथम धान बेचने लाए हुए किसान रमेश यालम जी का स्वागत किए, प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस वा उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर माननीय कमलेश कारम जी ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया ,एवं धान कांटा का अगरबत्ती जला कर पूजा किए गया । इस दौरान जनपद अध्यक्ष सुश्री अनीता तेलम जी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रत्ना सोढी जी, आवापल्ली सरपंच श्रीमती मीनाक्षी नोल्ली जी, विधानसभा अध्यक्ष आईटी सेल शंकर खटबिना जी, लेंस प्रबंधक श्री परीक्षित के जी,श्री गौरैया मरकाम, इलमिडी सरपंच श्री रामचंद्रन एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### विधानसभा उपचुनाव के बाद नगर में पुनः बहाल हुई चलित स्वास्थ्य सुविधा



**चारामा 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव हाल ही में संपन्न हुआ है। उपचुनाव की घोशणा के साथ ही चुनाव आयोग के द्वारा विधानसभा क्षेत्र सहित कांकेर जिले में आदर्ष आचार संहिता लागु किया गया था जिसके चलते मोबाईल मेडिकल युनिट की सेवा चुनाव अवधि के लिए रोक दी गई थी। भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव संपन्न होने के बाद अब पुनः मोबाईल मेडिकल युनिट की सेवा आम जनता के लिए षुरू कर दिया गया है। उपचुनाव के बाद मोबाईल मेडिकल युनिट की सेवा आज मंगलवार को चारामा नगर पंचायत के कोरर चौक स्थित सामुदायिक भवन के सामने लगायी गयी जिसमें आम लोगो ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाए एवं डॉक्टर के सलाह पर निःषुल्क दवाईयां भी प्राप्त किये। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ षासन द्वारा मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत मोबाईल मेडिकल युनिट का संचालन पुरे राज्य में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत नगरीय निकायों के स्लग क्षेत्रों में जाकर मोबाईल मेडिकल युनिट के माध्यम से सुलभ स्वास्थ्य सुविधायें आम नागरिकों को दिया जा रहा है। इस मोबाईल मेडिकल युनिट में विषेशज्ञ डॉक्टर के साथ ही नर्स एवं पैथोलॉजिस्ट की टीम होती है जहां पर मरीज को स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही साथ बीपी, षुगर की जॉच के साथ ही साथ विभिन्न प्रकार के पैथोलॉजी जॉच की सुविधाएं भी इस मोबाईल मेडिकल युनिट में मिलता है इसके अलावा मरीज को डॉक्टर के द्वारा लिखी दवांईयां भी निःषुल्क प्रदाय किया जाता है।

## बीजापुर के राजेंद्र कुमार गांधी बने माहेश्वरी समाज के संभागीय अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर 13 दिसंबर।** बस्तर संभाग माहेश्वरी समाज का चुनाव 10/12/2022 को जगदलपुर के माहेश्वरी भवन में सम्पन्न हुआ जिसमें बीजापुर के राजेंद्र कुमार गांधी संभागीय अध्यक्ष निर्वाचित हुए। जिनका आज बीजापुर में समाज के लोगों ने अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन पर उनका पुष्पहार पहनाकर एवं पटाके फोड़कर सम्मान किया। सम्मान समारोह में पहुँचे बीजापुर के विधायक और बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने राजेंद्र कुमार गांधी के संभागीय अध्यक्ष चुने जाने पर पूरे बीजापुर ज़िले वासियों की ओर से माहेश्वरी समाज को बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बीजापुर जैसे क्षेत्र से माहेश्वरी समाज का संभागीय अध्यक्ष बनना बीजापुर जिले के लिए गै़रवान्वित करने वाली बात है। नवनिर्वाचित संभागीय अध्यक्ष राजेंद्र कुमार गांधी ने नई ज़िम्मेदारी मिलने से खुशी ज़ाहिर किया और समाज के वरिष्ठजनों सहित सभी का आभार व्यक्त किया है और आगे कहा कि समाज के छोटे छोटे संघटकों को सक्रिय करते हुए युवा परिचय और समाज में बेहतर ताल मेल के साथ आगे बढ़ने की दिशा में काम करेंगे। विदित हो कि राजेंद्र कुमार गांधी और ओमप्रकाश टावरी के हुए कड़े मुक़ाबले में राजेंद्र कुमार गांधी तीन वोट से विजयी हुए। सम्मान समारोह में पीसीसी सदस्य व ज़िला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ज्योति कुमार, नगरपालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लूर, ज़िला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राजेश जैन, कंवर समाज बीजापुर के ज़िला अध्यक्ष कमलेश्वर सिंह पैंकरा, माहेश्वरी समाज के मदनलाल राठी, नरेश राठी, भंवरलाल केला, भंवरलाल गांधी, मुकेश राठी, अशोक राठी, दिनेश राठी, मूलचंद चांडक, दिलीप राठी, दिलीप केला, प्रवीण चांडक, राकेश राठी, पंकज गांधी, जसवंत गांधी, पन्नालाल केला, सहित गणमान्य लोग एवं समाज के लोग उपस्थित थे।

## आओ बात करें के माध्यम से जागरूकता लाने का प्रयास कर रहे हैं बीजादूतीर स्वयंसेवक

**बीजापुर 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ज्ञात हो कि जिले में जिला प्रशासन के प्रयास से बीजादूतीर स्वयंसेवक कार्यक्रम संचालित है जिसमें जिले के सैकड़ों युवा स्वयंसेवक के रूप में जुड़कर सेवा दे रहे हैं गर्भवती माता किशोरी ,युवा, बालिका बच्चे, बुजुर्ग, अक्सर मानसिक पीड़ा से ग्रसित होते हैं और पीड़ा को अपने अंदर रखकर तनाव की स्थिति में चले जाते हैं ÷आओ बात करें÷ प्रोग्राम में समुदाय को यह समझने में मदद मिल रहा कि कैसे एक दूसरे से बात करके तनाव से बाहर आ सकते हैं मानसिक पीड़ा से बाहर आने का एक ही माध्यम है एक दूसरे से बात करना एवं स्वयं प्रोत्साहित होना और सकारात्मक सोच रख कर जीवन जीना यह प्रयास में बीजादूतीर स्वयंसेवक लगातार लोगों को व्यवहार परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं समुदाय के साथ बात करके ,गृह भ्रमण के द्वारा , नारा लेखन के द्वारा मानसिक पीड़ा से बचने हेतु बीजादूतीर स्वयंसेवक मार्गदर्शन कर रहे हैं।



## जीएसटी कमिश्नर से मिलकर जीएसटी सरलीकरण के लिए चेंबर ने ज्ञापन सौंपा



**रायपुर 13 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 17 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने हेतु दिनांक 28-11-2022 को चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई थी । इसी तारतम्य में आज प्रदेश चेंबर अध्यक्ष के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने श्री अतुल गुप्ता (ढ्ढक्रस्), प्रिंसिपल कमिश्नर, सेन्ट्रल जीएसटी तथा श्री भीम सिंह (ढ्ढस्) राज्य जीएसटी आयुक्त से मिलकर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा ।चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि 17 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउन्सिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव देने तथा प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों की बैठक रखी गई थी जिसमे जीएसटी सरलीकरण को लेकर विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए ।

### अमेजन इन के क्रिसमस शॉपिंग स्टोर तैयार

**रायपुर 13 दिसंबर।** आप भी अपनी सीक्रेट सांता लिस्ट तैयार कर लें और अमेजन इन पर विशेष रूप से तैयार किए गए क्रिसमस स्टोर से खुद के और अपने प्रियजनों के लिए उपहार खरीद कर क्रिसमस की खुशियां बांटने के लिए तैयार हो जाइए। इस स्टोर में क्रिसमस डेकोर, गिफ्ट सेट, पार्टी एसेंशियल, स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक्स, किराने का सामान और घर का अन्?य सामान, होम डेकोर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एक्सेसरीज, अमेज़ॅन डिवाइस, फैशन ब्यूटी एसेंशियल के लिए शानदार डील्स और ऑफर उपलब्ध हैं। स्टोर 25 दिसंबर 2022 तक लाइव है। अमेजन इन पर विशेष रूप से तैयार किया गया क्रिसमस स्टोर घर बैठे खरीदारी करने और उपहार देकर खुशियां बांटने जैसी कस्टमर्स की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप है। कस्टमर्स हिमालया, द होल टूथ, फेरेरो रोचर, हर्शे, क्यूब्स, बेकर्स डोजेन, बेवज़िला सैमसंग, वनप्लस, सोनी, फास्ट्रैक, जीआईवीए, हैपिलो, रेड्मी, बोरोसिल, बजाज जैसे लोकप्रय ब्रांडों की खरीदारी यहां से कर सकते हैं।

### रक्तदान और समाजसेवा के क्षेत्र में मिला फिरोज नवाब को सुपर हीरो राज्यस्तरीय सम्मान

**रायपुर 13 दिसंबर।** ओम साई रक्तदाता सेवार्थ समिति जरही भटगांव जिला सूरजपुर द्वारा 11 दिसंबर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में रक्तदान और जनसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए बचेली जिला दंतेवाड़ा के समाजसेवी और पार्षद फिरोज नवाब को आमंत्रित किया गया था विदित हो की इस राज्य स्तरीय सम्मान सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पे छत्तीसगढ़ राज्य शासन (खाद्य मंत्री) अमरजीत भगत और स्थानीय विधायक और संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े विशिष्ट अतिथि शफी अहमद (श्रम कल्याण विभाग) वक्फ बोर्ड के उपाध्यक्ष इमरान सिद्दीकी ,अंबिकापुर महापौर अजय तिर्की के साथ भटगांव नगर पंचायत अध्यक्ष सूरज दास गुप्ता भी उपस्थित रहे 11 दिसंबर के इस राज स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजित कार्यक्रम में बचेली फिरोज नवाब को यह राज्य स्तरीय सुपर हीरो सम्मान उनके द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्कृष्ट सामाजिक कार्य को देखते हुए और विशेषकर रक्तदान के क्षेत्र में विशिष्ठ कार्य को देखते हुए उन्हें यह राज्यस्तरीय सुपर हीरो के पुरुस्कार से नवाजा गया इन्हे स्थानीय विधायक और संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े के हाथो दिया गया और सम्मानित फिरोज नवाब ने यह पुरस्कार दंतेवाड़ा जिला और बचेली बैलाडीला के सभी रक्तदाताओं को समर्पित किया और कहा की उन सभी रक्तवीरों द्वारा दिया गया समय समय रक्तदान से ही मुझे यह सम्मान मिला है और मेरे इस सामाजिक कार्य से प्रदेश स्तर पे दंतेवाड़ा जिला का नाम रोशन हुआ और हौसला बढ़ा है और समाजिक कार्य को और गति मिलेगा और जिसका मुझे बेहद खुशी मिला है की आज हम बेहद सुदूर क्षेत्र में कार्य करते है और उसके लिए प्रदेश स्तर के मंच से सम्मान मिलना एक गौरव का क्षण होता है कार्यक्रम के अध्यक्ष भूषण प्रसाद सूर्यवंशी कार्यक्रम के संस्थापक और संचालक एन. वासुदेव राव सचिव खेमसागर और अध्यक्ष रायपुर सुनील भारद्वाज की विशेष सहयोग से यह सम्मान समारोह का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ।




### पीएम आवास योजना की आड़ में झुग्गी बस्तीवासियों एवं गरीबों के साथ प्रदेश सरकार छल कर रही है:भाजपा

**रायपुर 13 दिसंबर।** भाजपा पार्षद दल ने आज भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा की प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की आड़ में झुग्गी बस्ती वासियों एवं गरीबों के साथ छल किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा मोर मकान मोर आस के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के द्वारा जो विज्ञापन निकाला गया है उस के संदर्भ में विरोधाभास है।भाजपा पार्षद दल ने कहा कि आवास मिशन के क्रियान्वयन हेतु समस्त नगर निगम आयुक्त को पत्र प्राप्त होता है जिसमें अन्य बातों के साथ यह भी कहा गया कि वार्ड वार सर्वेक्षण दल के द्वारा डिमांड एसेसमेंट सर्वे का सर्वेक्षण कार्य यथाशीघ्र करवाया जाए। मिशन के अनुरूप अस्थाई झुग्गी बस्तियों का सर्वे निगम के सहयोग से किया गया। जिसमें लगभग 10 हजार परिवारों को शहर के विभिन्न वार्डो में चिन्हित किया गया जो कि अस्थाई झुग्गी बस्ती थे जिनके पास स्थाई पट्टा नहीं है। भाजपा पार्षद दल ने कहा कि जब इन परिवारों का डीपीआर केंद्र सरकार को भेजा गया तो इनकी वित्तीय संरचना के संबंध में जो रिवाइज्ड सेंशन था वह इस प्रकार तय हुआ था कि 4.75 लाख रुपए प्रति आवास में 1.5 लाख रुपए केन्द्रांश, 2.5 लाख रुपये राज्यांश अब इस प्रक्रिया में केंद्र सरकार की सहमति के बाद 13 जनवरी 2017 को राज्य से टेंडर लगाने कहा गया।

## मोहारा में सामुदायिक भवन निर्माण का हेमा देशमुख ने किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 दिसम्बर।** नगर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली के अलावा सामुदायिक भवन, उद्यान, मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कडी में आज महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने मोहारा सिंगदई में जल संयंत्र गृह के सामने महापौर निधि अंतर्गत 5.00 लाख रूपये की लागत से सामुदायिक निर्माण कार्य का भूमिपूजन पूजा अर्चना कर श्रीफल फोड कर किया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य श्री मधुकर वंजारी व श्री गणेश पवार, पार्षद श्री अरूण देवांगन, पार्षद प्रतिनिधि श्री अवधेश प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में वार्ड के राजेन्द्र प्रजापति, गढबर प्रजापति, अशोक प्रजापति, मोरध्वज प्रजापति, टीकम प्रजापति, तुलसी प्रजापति, पींकी प्रजापति, शारदा प्रजापति, सीता प्रजापति, मीरा बाई प्रजापति, सरस्वती प्रजापति, जानकी प्रजापति, मीणा प्रजापति व लक्ष्मी प्रजापति ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों द्वारा सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का पूजा अर्चना कर, श्रीफल फोड कर भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने कहा कि नगर निगम द्वारा मूलभूत सुविधा रोड नाली निर्माण सहित राज्य प्रवर्तित योजनांतर्गत सामुदायिक भवन,मुक्तिधाम उन्नयन, तालाब सौंदर्यीकरण, उद्यान निर्माण कार्यो के लिये शासन द्वारा स्वीकृत राशि से सभी वार्डो में विकास कार्य कराये जा रहे है, इसी कडी में आज महापौर निधि अंतर्गत सिंगदई मोहारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिये भूमिपूजन किया गया, उक्त निर्माण कार्य प्रांरभ कर गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण कराया जायेगा ताकि वार्डवासियों को इसका लाभ मिल सके और वहा वे अपने धार्मिक, सामाजिक, परिवारिक कार्यो का सुचारू संचालन कर सके। इस अवसर पर निगम का अमला सहित वार्डवासी उपस्थित थे।



## जिला युवा महोत्सव का शुभारंभ किया महापौर ने

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव13 दिसम्बर।** जिला स्तरीय युवा महोत्सव का शुभारंभ आज महापौर श्रीमती हेमा देशमुख ने पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि अब जिम्मेदारी हमारे युवा गौरव की है कि अपने छत्तीसगढ़ की पहचान सिर्फ छत्तीसगढ़ में ही नहीं वरन पूरे भारत में अपनी पहचान है। स्वामी विवेकानंद के उद्धरण का स्मरण करते हुए उन्होंने युवाओं से कहा कि जागो, उठो और आगे बढ़ो, जब तक तुम्हें लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं छत्तीसगढ़ के खेल और इसकी पहचान के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल लगातार प्रयास कर रहे हैं। हम अपनी पहचान कायम रखें और अपनी संस्कृति को जीवित रखें। पहली बार छत्तीसगढ़ में ऐसा उत्सव मनाया जा रहा है, जिससे छत्तीसगढ़ की पहचान बन रही है। बासी हमारे रगों में दौड़ रहा है। ऐसा नहीं कि बासी सिर्फ छत्तीसगढ़ में खाते हैं। छत्तीसगढ़ की बासी को अभी पहचान मिली। इस उत्सव के माध्यम से खो-खो, गिल्ली डंडा खेलने को मिल रहा है। सुआ, करमा, आदिवासी लोक नृत्य यह हमारी पहचान है। यह कार्यक्रम वार्ड, ग्राम पंचायत, विकासखंड, जिला, संभाग, राज्य स्तर तक जाएगा। अमेरिका तक भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति पहुंची है। युवाओं की प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिये युवा महोत्सव के माध्यम से तथा खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढिय़ा ओलम्पिक तो रामायण मंडली प्रतियोगिता के माध्यम से राम का ननिहाल और कौशिल्या की जन्मभूमि व छत्तीसगढ़ की संस्कृति संरक्षित किया जा रहा है। जिला स्तरीय युवा महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किया गया। जिला स्तरीय युवा उत्सव के पहले दिन ऊर्जा एवं स्फूर्ति एवं तेज गति से पंथी नृत्य तथा उल्लास से भरपूर राउत नाचा की प्रस्तुति मोहक रही। एकल गायन एवं वादन, पंथी नृत्य, राउत नाचा, एकांकी नाटक, चित्रकला, डंडा नृत्य, कर्मा नृत्य, पारंपरिक वेशभूषा की प्रतियोगिता हुई। खेल प्रतियोगिता में कमला कॉलेज मैदान में कबड्डी, ठाकुर प्यारे लाल स्कूल में खो-खो, फुगड़ी, भौंरा, गेंड़ी, कुश्ती की प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण वर्मा, सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग श्री ए एक्का, नोडल अधिकारी खेल श्रीमती उषा चटर्जी एवं बड़ी संख्या में प्रतिभागी उपस्थित थे। जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन में शास्त्रीय गायन एकल में विकासखंड डोंगरगढ़ के श्री मुकेश कुमार हडग़े, गिरीश, डोंगरगांव विकासखंड के हिमांशु साहू, राजनांदगांव विकासखंड के निश्चय बंसोड़ ने भाग लिया। बांसुरी वादन में छुरिया विकासखंड के श्री कविलाश, तबला वादन में डोंगरगांव विकासखंड के श्री हिमांशु साहू, राजनांदगांव विकासखंड के हेमांक साहू, गोपी पटेल, हारमोनियम वादन में डोंगरगांव विकासखंड की कुमारी पायल कोठारी, डोंगरगढ़ विकासखंड के कुसुम मण्डावी, भरतनाट्यम में डोंगरगढ़ की यामिनी वर्मा, राजनांदगांव विकासखंड की अदिति सोनी, शास्त्रीय नृत्य कत्थक में राजनांदगांव विकासखंड की सभ्यता सोनी, चित्रकला में डोंगरगढ़ विकासखंड के योगेश कुमार वर्मा, छुरिया विकासखंड के शशि कंवर, डोंगरगांव विकासखंड के सुनील कुमार, राजनांदगांव विकासखंड के आमीनरजा, पारंपरिक वेशभूषा में राजनांदगांव विकासखंड की श्रीमती उषा चटर्जी, छुरिया विकासखंड के शशि कंवर, डोंगरगढ़ विकासखंड के हीना समरे, एकांकी नाटक में राजनांदगांव विकासखंड के परमेश्वरी वसानी, पंथी नृत्य में डोंगरगढ़ विकासखंड के श्री मनीष गायकवाड़ व साथी, डोंगरगांव विकासखंड के भिरत कुमार व साथी, राजनांदगांव विकासखंड के चेलक राम कुर्रे एवं साथी, छुरिया विकासखंड के दिव्या व साथी, राउत नाचा में राजनांदगांव विकासखंड में चन्द्रशेखर रजक व साथी, छुरिया विकासखंड के पवन यादव व साथी, डोंगरगांव विकासखंड के पवन कुमार व साथी ने हिस्सा लिया।

### एचडीएफसी बैंक ने स्टार्टअप इंडिया के साथ साझेदारी की

**रायपुर 13 दिसंबर।** आज एचडीएफसी बैंक ने भारत सरकार के फ्लैगशिप अभियान, 'स्टार्टअप इंडिया' के साथ साझेदारी में सोशल स्टार्टअप्स के लिए अपने छठवें वार्षिक ग्रांट्स कार्यक्रम का लॉन्च करने की घोषणा की। परिवर्तन स्मार्टअप ग्रांट्स नामक इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक प्रभाव के क्षेत्र में काम कर रहे स्टार्टअप्स की पहचान करना और उनके इन्क्यूबेटर्स को पूंजी की मदद देकर उनकी सहायता करना है। ये ग्रांट बैंक के सामाजिक अभियानों के लिए अम्ब्रेला कार्यक्रम, परिवर्तन के अंतर्गत दी जाती हैं। अभी तक बैंक 45 से ज्यादा इन्क्यूबेटर्स को 30 करोड़ रु. से ज्यादा वितरित कर चुका है, जिससे पर्यावरण, कृषि-व्यवसाय, एड-टेक, कचरा प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा, और कौशल विकास के क्षेत्रों में काम करने वाले 165 से ज्यादा स्टार्टअप्स को मदद मिली है। बैंक अपने अत्याधुनिक स्मार्ट-अप कार्यक्रम द्वारा स्टार्टअप्स को सक्षम बना रहा है।

### नगर निगम के अमले ने जी.ई.रोड में चलाया अभियान

## 73 अवैध विज्ञापन बोर्ड हटाने की कार्रवाई की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 13 दिसम्बर।** निगम सीमाक्षेत्र में निजी भवन के दीवाल, छत पर लगे होर्डिंग्स बोर्ड, विद्युत पोलो में लगे छोटे बेनर-पोस्टर, फ्लाई ओव्हर के पिल्हर में विज्ञापन बिना अनुमति के लगाये विज्ञापन बोर्ड नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के निर्देश पर निगम की टीम हटाने की कार्यवाही कर रही है। इसी कडी में गत दिनों 30 बोर्ड हटाये थे और आज जी.ई.रोड के डिवाईडर एवं विद्युत पोलो में लगे 73 पोस्टर व छोट विज्ञापन बोर्ड निगम टीम ने हटाई। निगम आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने बताया कि निगम सीमाक्षेत्रांतर्गत कतिपय विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा प्रायः इस निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के विज्ञापन हेतु बोर्ड/निजी भवनों के दीवाल एवं छत पर होर्डिंग्स बोर्ड/विद्युत पोलों में छोटे बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं सार्वजनिक शौचालय/फ्लाई ओव्हर के पिल्हरों में अन्य प्रकार का विज्ञापन लगाया जाता है और कई लोगों द्वारा लगाया भी गया है,जो कि छ0ग0 विज्ञापन पंजीयन एवं विनियमन उपविधि 2012 की कंडिका 9 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है एवं छ0ग0 नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 248 एवं 434 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। इस संबंध में पूर्व में संबंधितों को नोटिस के माध्यम से सूचित कर उनके विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये थे। किन्तु कतिपय लोगों के द्वारा अवैध होर्डिंग्स व बोर्ड नही हटाया गया। जिसे गत दिवस निगम की टीम ने कार्यवाही करते हुये आम्बेडकर चौक, कमला कालेज रोड के डिवाईडर एवं विद्युत पोलो में लगे 30 अवैध बोर्ड हटाये और आज राम दरबार से नया बस स्टैण्ड से आम्बेडकर चौक तक 73 छोटे विज्ञापन बोर्ड एंव पोस्टर हटाया गया। उक्त कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसी व संस्थाओ से कहा कि विज्ञापन बोर्ड लगाने नगर निगम से नियमानुसार विधिवत अनुमति एवं स्वीकृति ले लेवे। उन्होंने सर्वसंबंधित विज्ञापन एजेंसियों/संस्थानों एवं संबंधित व्यक्तियों को सूचित करते हुये कहा है कि निकाय के बिना पूर्वानुमति एवं स्वीकृति के लगाये गए होर्डिंग्स बोर्ड, बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन स्वेच्छा से हटा लेवें अन्यथा भविष्य में बिना किसी पूर्व सूचना के निगम सीमाक्षेत्रातंर्गत बिना अनुमति लगाये गये होर्डिंग्स बोर्ड/बैनर पोस्टर के लिए अर्थदंड अधिरोपित करते हुए बैनर पोस्टर एवं अन्य प्रकार के विज्ञापन बोर्ड निगम द्वारा हटा/जब्त कर लिया जावेगा एवं अवैध विज्ञापनकर्ताओं के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जावेंगी, जिससे उत्पन्न क्षति तथा संपूर्ण हर्जे खर्चे के लिए संबंधित एजेन्सी/संस्थान एवं व्यक्ति स्वयं उत्तरदायी होंगे।



संपादकीय

## आरक्षण की राह आसान नहीं

छत्तीसगढ़ में आरक्षण की राह कांग्रेस जितना आसान समझ रही थी, राह उतनी आसान नहीं है। जब संशोधित आरक्षण विधेयक विधानसभा में पारित नहीं हुआ था तो राज्यपाल ने एक बयाने में कहा था कि उन्होंने ही आदिवासियों के आरक्षण के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने को कहा था, उनके पास विधानसभा से पारित होकर आरक्षण विधेयक आएगा तो वह जल्दी ही उस पर हस्ताक्षर कर देंगी। संशोधित आरक्षण विधेयक को विधानसभा से पारित हुए एक सप्ताह से ज्यादा समय हो गया है। राज्यपाल उस पर अब तक हस्ताक्षर नहीं किया है। अभी तक उसके अध्ययन व जिलावार रोस्टक बनाने का काम चल रहा है। इस दौरान राज्यपाल ने यह बयान देकर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ा दी है कि उन्होंने तो कांग्रेस से सिर्फ आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाने को कहा था,कांग्रेस सरकार ने तो सभी का आरक्षण बढ़ा दिया है। ऐसा कहकर राज्यपाल ने एक तरह से संकेत में यह कहने की कोशिश की है कि आरक्षण में देरी के लिए कांग्रेस दोषी है। अगर उसने उनके कहे अनुसार आदिवासियों के लिए ही आरक्षण बढ़ाया होता तो आज उनको आरक्षण विधेयक पर हस्ताक्षर करने में कोई दिक्कत नहीं होती। आज आरक्षण विधेयक को लेकर सोचना पड़ रहा है तो इसकी वजह यह है कि कांग्रेस ने सभी का आरक्षण बढ़ा दिया है। सर्व आदिवासी समाज की भी मांग तो यही थी कि आदिवासी समाज के लिए अलग आरक्षण किया जाए। ताकि सबका आरक्षण किसी कारण से समाप्त होता है तो भी आदिवासियों का आरक्षम समाप्त न हो। यह सच है कि सरकार ने आदिवासी जैसा चाहते थे, वैसा तो नहीं किया है। इससे राज्यपाल को कहने का मौका मिला है तथा आदिवासियों को कहने का मौका मिलेगा कि सरकार उनके आरक्षम को लेकर गंभीर नहीं थी। सरकार अपने राजनीतिक हित के लिए आदिवासियों के साथ ही ओबीसी को भी ज्यादा आरक्षण दिया है ताकि चुनाव में उसे दोनों के वोट मिले तथा उसकी जीत आसान हो जाए। राजनीतिक रूप से देखा जाए तो यह सच भी लगता है ओबीसी को 27 तथा आदिवासियों को 32 फीसदी आरक्षण को मिला दिया जाए तो पचास प्रतिशत से ज्यादा हो जाता है। इतना किसी दल के जीतने के लिए काफी है। अब तक राज्यपाल ने संशोधित आरक्षण विधेयक पर दस्तखत नहीं किए हैं, इससे कांग्रेस तो कहेगी ही कि आरक्षण को रोका जा रहा है। यह राजनीतिक साजिश है। भाजपा तो पहले से कहती रही है कि इस विधेयक को कांग्रेस ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए जल्दी लेकर आई है। अब राज्यपाल इस प र दस्तखत नहीं कर रही हैं तो इसके लिए कांग्रेस दोषी है। अगर आने वाले दिनों में संशोधित आरक्षण विधेयक पर राज्यपाल दस्तखत नहीं करती हैं तो इसे लेकर राज्य में राजनीति तेज हो जाएगी। कांग्रेस भाजपा को आरक्षण लागू न होने के लिए दोषी ठहराएगी। भाजपा इसके लिए कांग्रेस को दोषी ठहराएगी। आदिवासी समाज भी आरक्षण लागू न होने पर कांग्रेस को ही दोषी ठहराएगा। क्योंकि सरकार तो कांग्रेस की है, आरक्षण की व्यवस्था करना उसका काम है.।

### आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। कार्य क्षेत्र पर अतिरिक्त आय के साधन बनेंगे। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा। सामाजिक गतिविधियों में पूरा समय ना दे पाने से लोगो से किसी से नाराजगी रहेगी। संध्या का समय मनोरंजन वाला रहेगा। उत्तम भोजन के साथ गृहस्थ का सुख मिलेगा। सन्तानों के ऊपर खर्च करना पड़ेगा। किसी गुप्त चिंता के कारण बेचैनी भी रह सकती है। सेहत आज अच्छी बनी रहेगी।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)**-आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी। धीरे धीरे स्थिति में सुधार होगा कार्य स्थल पर महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने से व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग आज आप पर ज्यादा भरोसा दिखाएँगे। व्यवसायी वर्ग आज चाह कर भी बेहतर सेवा नहीं दे पाएंगे जिस कारण आलोचना हो सकती है। पुराने कार्यो को पूर्ण करने के बाद ही नए कार्य हाथ लें। परिवार में तनाव रह सकता है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे। कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति अथवा भगीदारो की दखलंदाजी से थोड़ी परेशानी एवं बहस हो सकती है। किसी मांगलिक आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर भी मिलेगा। बाहर की अपेक्षा घर में समय बिताना पसंद करेंगे। संध्या के समय धन लाभ हो सकता है।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज दिन के आरम्भ में बनते कार्यो में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। मध्यान तक थोड़े बहुत कार्य सफल होने से धन की आमद होगी परन्तु खर्च भी अधिक रहने से बचत नहीं कर पाएंगे। दोपहर के बाद से घर एवं बाहर सहयोगी वातावरण बनने से कार्यो में सरलता रहेगी। समय से पहले ही कार्यो को पूर्ण करने में जुट जाएंगे संध्या के समय तक अधिकांश कार्य पूर्ण होने से धन की आवक होने लगेगी। धार में शांति रहेगी सामाजिक क्षेत्र से प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। वाणी एवं व्यवहार के बल पर कार्यो में थोड़े परिश्रम से अधिक सफलता मिल सकेगी। मनोबल भी आज बढ़ा हुआ रहेगा। परंतु आज आपको कोई ना कोई कमी भी अनुभव होगी। धन का आगमन होने से थकान भूल जाएंगे। संतानों पर ध्यान देंने की आवश्यकता है। स्त्री से सम्बन्ध भावनात्मक रहेंगे। सुख के साधनों पर खर्च करेंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रातः काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी परन्तु इसमें व्यवधान भी आएंगे। कार्य क्षेत्र पर अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा। नौकरों के ऊपर ज्यादा विश्वास हानि का कारण बन सकता है। वाणी में कठोरता रहने से घर में कलह रहेगी। आर्थिक लेन-देन सोच समझ कर करें। पारिवारिक सदस्य अथवा अन्य भी अपने काम से ही बात करेंगे। संध्या के समय किसी महत्त्वपूर्ण कार्य के बनने से प्रसन्न रहेंगे।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है। आपसे वाद-विवाद में कोई नहीं जीत पायेगा। बड़बोलेपन के कारण महिलाओं से मतभेद हो सकते है। दिन के उत्तरार्ध में कार्य भार बढ़ने से कमर अथवा अन्य अंगों में दर्द की शिकायत रहेगी। पारिवारिक वातावरण में उतार-चढ़ाव आएंगे फिर भी आनंद रहेगा। आकस्मिक लाभ होगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी। कार्य क्षेत्र पर केवल धन लाभ पाने के उद्देश्य से कार्य ना करे व्यवहार में कुशलता एवं मिठास रखने से अप्राप्त लक्ष्मी भी प्राप्त कर सकते है। पारिवारिक जीवन में आनंद रहेगा। मित्र रिश्तेदारो से घर में चहल पहल बनेगी कही घूमने की योजना बन सकती है। धन लाभ में विलम्ब होगा परन्तु कार्य रुकेंगे नहीं। सेहत में थोड़ा उतार-चढ़ाव लगा रहेगा।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलतफहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है। परोपकार का शुभ फल भी मिलने से प्रसन्नता भी रहेगी। कार्य क्षेत्र पर कम समय देने के बाद भी संतोषजनक धन लाभ हो जाएगा। दाम्पत्य जीवन पहले से बेहतर रहेगा। सन्तानो की प्रगति की सूचना मिलेगी। स्वयं एवं परिजनों की सेहत का विशेष ध्यान रखें। आयवश्यक वस्तुओ पर ही खर्च करेंगे।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये अन्यथा मान हानि कोर्ट-कचहरी की नौबत आ सकती है। प्रेम प्रसंगों से आज दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा। आलसी प्रवृति का लाभ प्रतिस्पर्धी उठा सकते है सावधान रहें। धन लाभ के लिये आज विशेष परिश्रम करना पड़ेगा फिर भी संतोष जनक लाभ हो जाएगा। घर में भाई बंधू अथवा स्त्री से अनबन हो सकती है। सरकारी कार्यो में सफलता मिलेगी। जोड़ो सम्बन्धित समस्या रह सकती है।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। व्यवसाय के ऊपर अधिक ध्यान देने के बाद भी कार्य विलम्ब से पूर्ण होंगे लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु धनागम के लिए थोड़ी प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। अधिकारी वर्ग भी गर्म हो सकते है। सफ़ेद वस्तुओ के कार्य से जुड़े जातको को आकस्मिक धन लाभ अथवा नए अनुबंध मिल सकते है। परिवार के लिए आप महत्त्वपूर्ण रहेंगे। व्यर्थ की यात्रा हो सकती है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ज, दे, दो, चा, ची)**-आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है। आज किसी के आगे समर्पण कर सकते है इसका फल शुभ ही रहेगा। बाहरी स्थान के कार्यो में सफलता की संभावना ज्यादा रहेगी। नए अनुबंध भी मिल सकते है। पत्नी अथवा किसी अन्य महिला के भाग्य से लाभ होगा। अविवाहितो कि लिए नए रिश्ते आएंगे। मानसिक रूप से संतोषी रहेंगे।

# सामान्य नहीं हैं ये नतीजे

राजनीति

कृष्ण प्रताप सिंह

एक मजेदार प्रसंग से बात शुरू करते हैं। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के नेता केशवप्रसाद मौर्य ने अति उत्साह में गुरुवार को मतगणना का पहला रुझान आने से पहले ही ट्वीट कर दिया, 'आज यूपी के उपचुनाव परिणाम भविष्य के लिए निर्णायक संदेश देने वाले होंगे' तो आम तौर पर उसे आजमगढ़ और रामपुर लोक सभा सीटों के गत उपचुनाव में उनकी पार्टी को हासिल हुई जीत की खुमारी में प्रदर्शित अति आत्मविश्वास बताया गया।

अलबत्ता, कुछ लोगों ने यह कहकर उनके अधैर्य की चुटकी भी ली कि इस ट्वीट से पहले उन्हें कम-से-कम इतना तो सोच लेना चाहिए था कि कभी-कभी ईवीएम से जिन्न भी निकलने लग जाते हैं, लेकिन नतीजे आने के बाद लखनऊ में भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर सन्नाटा पसर गया और बकौल समाजवादी पार्टी, मौर्य अपना ट्वीट डिलीट कर भाग खड़े हुए। हालांकि मौर्य चाहें तो यह सोचकर खुश भी हो सकते हैं कि मतदाताओं ने उन्हें गलत सिद्ध होने से बचा लिया है-न सिर्फ प्रदेश के उपचुनावों के, बल्कि गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनावों के मतदाताओं ने भी। क्योंकि भविष्य के लिए निर्णायक संदेश देने में उन्होंने भी कोई कोताही नहीं ही की है। अब प्रेक्षक और विश्लेषक उनके संदेश की व्याख्या में मुब्तिला हैं, और देख कर हैरत होती है कि उनमें कई यह जताने में ढेर सारा पसीना बहा रहे हैं कि ये संदेश जितने निर्णायक दिख रहे हैं, वास्तव में उतने हैं नहीं। लेकिन इन प्रेक्षकों से भी मतदाताओं के इस संदेश की अनसुनी संभव नहीं हो पा रही कि देश भर में लोकतंत्र के सम्मुख उपस्थित गलाघोंटू अंदेशों के बावजूद वे बदलाव की अपनी शक्ति को लेकर निराश होने को तैयार नहीं हैं।

मतदाताओं ने जता दिया है कि वे अपनी पर आ जाएं तो हर तरह का गठजोड़ या समीकरण भी सत्ताधीशों के किसी काम का नहीं। उन पार्टियों के भी काम का नहीं, जो दावा करती हैं कि उनकी सरकारों के खिलाफ तो एंटी इनकम्बैंसी होती ही नहीं है। इस एंटी इन्कम्बैंसी ने एमसीडी के चुनाव में तो अपना रंग दिखाया ही, जिस पर पंद्रह साल से भाजपा का कब्जा था, उस हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भी दिखाया है, जहां कांग्रेस ने अरसे बाद, हर पांच साल में सरकार बदलने के रिवाज के तहत ही सही, भाजपा को सीधे मुकाबले में करारी शिकस्त दी है। इस तरह कि बड़बोले केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में भाजपा का खाता तक नहीं खुल पाया है। गौरतलब है कि हिमाचल प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा का गृह प्रदेश है। इस रूप में उसे गंवाने का उसका दुख उतना ही बड़ा होना चाहिए जितना प्रधानमंत्री का गृह राज्य जीत लेने का हर्ष। अगर वह कहें कि हिमाचल तो वह हर चुनाव में सत्तापलट के रिवाज के कारण हारी तो गुजरात में भी उसने सरकारें दोहराने के रिवाज के कारण ही इतिहास बनाया है। जहां तक गुजरात में भाजपा की अभूतपूर्व जीत की बात है, किसे नहीं मालूम कि वह जानें किस रणनीति के तहत कांग्रेस द्वारा उसे दिए गए अनौपचारिक वॉकओवर और आम आदमी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय पार्टी बनने के लिए भाजपा विरोधी मतों में अविवेकपूर्ण विभाजन कराने का फल है। एमसीडी में भाजपा को हराकर खुश हो रही आम आदमी पार्टी जब भी सच्चा आत्मावलोकन करेगी, बहुत ग्लानिग्रस्त होगी कि उसने गुजरात के लोगों की रात पांच साल और लंबी करने में 'महत्त्वपूर्ण' भूमिका निभाई। भला हो हिमाचल के मतदाताओं का जिन्होंने उसे महज एक प्रतिशत वोट दिया और सारी सीटों पर उसकी जमानत जब्त करा दी वरना उनकी रात भी और लंबी होनी तय थीं। एमसीडी में मतदाताओं ने भी विधानसभा चुनाव के मुकाबले उसके वोट बारह प्रतिशत घटाए ही हैं। हां, जैसे भी बने, लोकतांत्रिक मूल्यों को हराने की कवायदों के कीचड़ में प्रधानमंत्री तक को लथपथ कर चुनाव जीत लेना ही गर्व की कसौटी हो और इसके लिए गैंगरेप करने वालों को संस्कारी बताने तक की मान्यता हो तो 'गुजरातवासियों के दिलों पर अपने राज' के लिए भाजपा न सिर्फ अपनी पीठ भरपूर ठोंक सकती है, बल्कि जश्न भी मना सकती है, लेकिन क्या वह याद करना चाहेगी कि जब इसी तरह वामपंथी दल प. बंगाल में अजेय हुआ करते थे, वह उनकी जीत को किस रूप में देखती थी?

फिर भी भाजपा नेताओं के इस कथन में कोई मीन-मेख नहीं निकाला जा सकता कि गुजरात में भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के करिश्मे से ही जीती है, लेकिन यह साफ होना अभी बाकी है कि भाजपा नेता एमसीडी और हिमाचल प्रदेश में भाजपा की हार के पीछे भी उनके करिश्मे की भूमिका मानते हैं, या नहीं? इस प्रदेश के मतदाताओं से तो प्रधानमंत्री यह तक कह आए थे कि वे उनके नाम पर केवल भाजपा का चुनाव चिह्न देखकर वोट दें, इस पर कतई ध्यान न दें कि प्रत्याशी कौन है। फिर? विडम्बना यह कि उत्तर प्रदेश के उपचुनाव नतीजों ने इस बाबत मुंह खोलने के भाजपा नेताओं के संकट को और गहरा कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रचार करने गुजरात गए थे तो उन्हें 'शो स्टापर' कहा जा रहा था। उनकी रैलियों में भाजपा के झंडे लगे बुलडोजर प्रदर्शित किए जा रहे थे। भाजपाई वहां भाजपा की जीत में इन बुलडोजरों का तनिक भी योगदान मानेंगे तो उन्हें इस सवाल से गुजरना होगा कि ये बुलडोजर उप्र में रामपुर में आजम खां के अरमानों को रौंदने के अलावा कुछ क्यों नहीं कर पाए? मैनपुरी में तो मान लेते हैं कि मुलायम सिंह यादव के निधन के कारण सपा के प्रति सहानुभति की लहर उमड़ी हुई थी, लेकिन भाजपा ने जिन रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाकर इमोशनल अत्याचार के रास्ते वहां उन पर सपा से न सिर्फ मुलायम की विरासत, बल्कि मायावती के दलित वोटबैंक की तर्ज पर पिछड़ों का वोटबैंक छीन लेने का तकिया रखा, वे खुद अपने बूथ पर 187 वोटों से क्यों हार गए?

क्यों भाजपा के राज्य सभा सदस्य हरनाथ सिंह यादव के गांव में भाजपा को तीन ही वोट मिले? योगी के बुलडोजर टिकट को लेकर प्रतिद्वंद्वी रालोद में 'बगावत' के बावजूद भाजपा की खतौली विधानसभा सीट भी क्यों नहीं बचा सके? गौरतलब है कि बिहार में इसी तर्ज पर एक विधानसभा सीट गंवाने के 'अपराध' में भाजपा वहां के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा मांग रही है। हां, इन सबसे बड़ा सवाल यह है कि ऐसे में कौन विश्वास करेगा कि यह वही भाजपा है, जो कभी मूल्याधारित राजनीति की बात किया करती थी?

# मुखिया मुख सो चाहिए...

व्यंग्य

डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव

यूं तो रियासत का राजा हमेशा शेर ही होता है किंतु शेर को भी अब यह चिंता सताने लगी है कि आने वाले चुनाव में कहीं कोई और राजा के पद को न हथिया ले ? इसी बात से चिंतित राजा ने अब अपने पक्ष के लोगों से मिलने के अलावा अन्य लोगों से भी मुलाकात का अवसर निकालना शुरू किया है । अपनी मांद को छोड़कर जंगल के हर कोने में महाराजा शेर के द्वारा सभी लोगों की राय जानने और उनकी तकलीफों को टटोलने मेल मुलाकात का समय शुरू किया गया है । रियासत के राजा शेर को इस तरह अपने बीच पाकर हर छोटा जंगल का रहवासी और अपने महाराज के पक्ष में मतदान करने वाले शख्स ने बड़े आश्चर्य का भी अनुभव किया है। कारण यह कि विगत 3 से 4 वर्षों के बीच उन्हें अपने राजा के दर्शन भी नसीब नहीं थे। अब अचानक अपने राजा के समक्ष अपनी समस्या रखने के लिए सभी उतावले दिखाई पड़ रहे थे। कुछ तो इसलिए भी उत्साहित थे कि आने वाले चुनाव में राजा उन्हें भी अपने प्रत्याशी के रूप में स्थान देने विचार कर सके। इसलिए वे उसकी आवभगत में खुद को समर्पित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। लोकतंत्र के आने वाले त्योहार में मतदाता इस बात को लेकर चर्चा करते भी देखे और सुने जा रहे हैं कि फलां - फलां राजा को मोहित करने में किस प्रकार की चापलूसी में मस्त है। यह तो आने वाला चुनाव ही बता सकेगा की राजा ने किस पर अपना विश्वास जमा पाया है और वह उसे अपने साथ शासन में शामिल करना चाहता है। इसके लिए यह भी जरूरी होगा कि अपने राजा के लिए शिकार पहुंचाने मैं कौन माहिर है। उसे ही राजा के दल में अथवा उसके शासनकाल में दी जाने वाली कुर्सी मिल सकेगी।

रियासत को कई छोटे-छोटे हिस्सों में बांटने के बाद शेर - ए -बबर को शायद यह लगने लगा है कि अब अन्य लोगों को भी अधिकार मिलने से लोग उसके पक्ष में शिकार करते हुए उस तक अच्छे -अच्छे स्वाद पहुंचाते रहेंगे। मुझे तो विगत दिनों रियासत के राजा द्वारा शुरू की गई मुहिम के बाद गोस्वामी तुलसी दास जी याद आ रहे हैं ≍ उन्होंने कहा है ÷ मुखिया मुख को चाहिए ,खान - पान को एक, पालै - पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ÷ शायद इसी तरह की सोच के चलते आने वाले चुनाव में अपनी धाक जमाने की ताकत भी राजा को मिलने लगी है। जहां तुलसीदास जी ने यह कहा है कि मुखिया का व्यवहार मुख के समान होना चाहिए वह खाता तो अकेला है किंतु पूरे शरीर का पालन पोषण बहुत अच्छे तरीके से करता है। इसी तरह मुखिया जो इस समय अपनी चिंता में भटकता दिखाई पड़ रहा है क्या खाने पीने के बाद अपने सभी लोगों को स्वस्थ एवं शारीरिक रूप से मजबूत रख पाएगा यह भी एक सवाल उठ रहा है।

यह भी देखा जा रहा है कि अपने पक्ष में अच्छा माहौल तैयार करने के लिए राजा के द्वारा अलग-अलग क्षेत्र से युवा तुर्कों को अपने साथ लेकर चलने की परिपाटी भी शुरू कर दी गई है। राजा के साथ कदमताल करने वाले लोगों ने भी अपने मन में इस बात को बैठाना शुरू कर दिया है कि अब तो आने वाले समय में चुनाव की तस्वीर उन लोगों द्वारा ही बनाई जाएगी। राजा के साथ चलने के बाद ऐसे लोगों ने अपनी धौंस दिखाना भी शुरू कर दिया है। इन लोगों का मानना है कि राजा केवल उन लोगों को ही अपनी जमात में शामिल करेगा जिन लोगों को इनके द्वारा राजा तक पहुंचाया जाएगा। चुनाव की रणभेरी के लिए घोषणा होते ही राजा को अपने सूबे में सुबह शाम लोगों की जमघट लगानी ही होगी। कारण यह की चुनाव के दौर में भीड़ को ही अब लोकतंत्र की ताकत माना जाने लगा है। यदि सत्ता के नजदीक रहने वाले के आसपास लोगों की भीड़ ना लगे तो उसकी ताकत को कमजोर मान लिया जाता है और चुनावी दंगल में उसकी ताकत ना दिखने से उसे बाहर का रास्ता भी दिखा दिया जाता है। वर्तमान में गद्दी में आसीन राजा के द्वारा विगत कई माह से अपनी जनता के बीच पहुंचकर उनका दर्द दूर करने चौपाल लगाई जा रही है। उक्त चौपाल में यह बात भी प्रमुख रूप से सामने आ रही है कि राजा ने उन लोगों को चौपाल का कार्य सौंप रखा है जो उसकी दिमागी कसरत के अनुसार चौपाल में उसके मन की बात को आम जनता द्वारा रखवा सके । मजे की बात यह देखने में आई है कि पूरी चौपालों में केवल उन्हें ही अपने सवाल रखने का अवसर मिल पाया है जो राजा के पक्ष को बेहतर रूप से समझ पाने की हैसियत रखते हैं । राजा ने खुद भी अनेक अवसरों पर ऐसे लोगों के प्रश्न को डाल दिया है जो उसकी मंशा के अनुसार नहीं पूछे गए हैं या फिर सत्ता और शासन के खिलाफ रहे हैं । राजा की इस तरह की कार्यवाही को लेकर भी जन चौपाल में विभिन्न तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही है। यह कहते भी देखा और सुना जा रहा है कि राजा ने एक तरह से माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए ललचाई नीतियों के साथ इस तरह के मुलाकात कार्यक्रम की योजना बनाई है , जो उसे किसी भी रूप में फिर से सत्ता के सुख का आनंद नहीं दिला पाएगी । ऐसा लगता है कि खुद सत्ता की कुर्सी पर विराजमान नायक को यह लगने लगा है कि लंबे समय के बाद मिली कुर्सी के चारों पांव लड़खड़ाने लगे हैं। यही कारण है कि कुर्सी के सभी पावों को मजबूत करने के लिए कुशल कारीगरों की तलाश उसके द्वारा की जाने लगी है। यदि कुर्सी के पैर ही मजबूत नहीं होंगे तो उस पर ज्यादा देर तक बैठा नहीं जा सकेगा । इस तरह का भय ही वह वजह है जिसने सत्ता के शीर्षस्थ व्यक्ति को आम जनता तक पहुंचने विवश कर दिया है। कहीं ना कहीं सत्ता की बागडोर किसी और के हाथ जाने का डर सताने लगा है।

जिस तरह किसी त्योहार के पूर्व घरों को रंग पेंट तथा अन्य साज - सजावट की सामग्री से सुशोभित किया जाता है ठीक उसी तरह सूबे के मुखिया द्वारा मुलाकात के लिए निकलने पर सड़कों को कालीन का रूप देने का प्रयास भी किया गया । ऐसा लगने लगा था कि अब शहरों की सड़कें पैरों को गद्दीदार अहसास जरूर कराएंगी । आज जब मुखिया अपने घर लौट चुका है तब स्थिति ऐसी है कि कालीन तो दूर सड़क पर झाड़ू डालने वाला भी नजर नही आ रहा है ।

हमने अपने स्कूली जीवन में जिस तरह के कर्तव्य निष्ठ राजाओं की कहानी पढ़ी हैं, उस तरह के राजा अब केवल यादों में सिमट कर रह गए हैं । अब के राजाओं ने आपादमस्तक अपना ही स्वर्ण इतिहास लिखना उचित समझ रखा है । जिस युग से हम इनकी तुलना करना चाह रहे हैं वह युग छल और कपट से कहीं दूर वास्तव में पालए -पोसए सकल अंग को सार्थक करता दिखाई पड़ता रहा है । वर्तमान सत्ता और सत्ता धारियों के लिए तुलसीदास जी की रचना ने संदेश तो दिया है किंतु उसे अमल में लाना किसी भी राजा के बस की बात नहीं लग पा रही है। मुखिया को अपनी जनता का मुख बताते हुए गोस्वामी जी ने यह समझाना चाहा है कि एक मुखिया के नाते वह जिस काम को भी करें वह सारी जनता को सुख और समृद्धि प्रदान करने वाला होना चाहिए।

वर्तमान में शायद गोस्वामी जी की उक्त गंभीर रचना को कहीं भी सार्थक होते नहीं देखा जा रहा है। मुखिया का मुख तो हर प्रकार का स्वाद चख रहा है किंतु जनता जनार्दन अपना पेट भरने को भी तरस रही है। चिंता को अपनी जनता के साथ बांटने के उद्देश्य से मुखिया ने जिस तरह मेल मुलाकात का समय तय कर उनसे हाल-चाल जानना चाहा वह भी जनता के दुख दर्द को कितना मरहम लगा पाया है यह आने वाला समय तय करेगा। मुखिया से मेल मुलाकात करने वालों को उनके शरीर की ताकत किस तरह मिल पाई है यह भी उनके लौटने के बाद अब जनता द्वारा मूल्यांकित की जाने लगी है।

सेहत

## कान की बीमारी टिनिटस क्या है?

कई बार हमारे आसपास किसी भी तरह की आवाज नहीं होने के बावजूद हमें कानों में सीटी या भिनभिनाने जैसी आवाजें सुनाई देती हैं। यह आवाजें हमारे कानों से ही आती हैं और थोड़ी देर बाद बंद हो जाती हैं। हालांकि अगर किसी को बार-बार ऐसी आवाजें सुनाई दे रही हैं तो यह खतरनाक हो सकता है क्योंकि यह कानों की बीमारी टिनिटस का एक लक्षण है। आइए आज टिनिटस के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**क्या होता है टिनिटस?**-टिनिटस कान से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है जिससे ग्रस्त व्यक्ति को कानों के अंदर से सीटी या भिनभिनाने जैसी आवाज सुनाई देती है। यह बीमारी सुनने की क्षमता कम होने, कान में मैल के जमाव और कान में चोट या संक्रमण आदि के कारण हो सकती है। अगर इसका इलाज सही समय पर नहीं कराया जाए तो इससे मरीज को सोने में परेशानी, निराशा और अवसाद जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

**टिनिटस किस-किस वजह से हो सकती है?**-टिनिटस होने के पीछे का कारण बहरापन, कान में संक्रमण या कान में ब्लॉकेज हो सकता है जो तरल पदार्थ, मैल, गंदगी या अन्य बाहरी सामग्रियों के जमा होने के कारण होता है। इसके अलावा रक्त वाहिका संबंधी डिसऑर्डर, कान की हड्डी में बदलाव और अन्य पुरानी स्थितियां भी टिनिटस का कारण बन सकती हैं। सिर या गर्दन की चोटें, कैंसर और एंटी-डिप्रेसेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का सेवन इस बीमारी को बढ़ा सकते हैं।

**क्या हैं टिनिटस के लक्षण?**-टिनिटस के शुरुआती लक्षण में कानों में सीटी बजने या भिनभिनाने की आवाजें सुनाई देती हैं। इसके अलावा आप गर्जना, फुफकार या भनभनाहट जैसी आवाजों का भी लंबे समय तक अनुभव करते हैं। इसके साथ ही कान में दर्द भी महसूस होता है। कुछ मामलों में ये आवाजें तेज हो सकती हैं, जिसकी वजह से बाहरी आवाजें सुनना या किसी काम में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।

**मरीज की स्थिति के आधार पर होता है टिनिटस का इलाज**-डॉक्टर मरीज की स्थिति के आधार पर टिनिटस के इलाज का तरीका तय करते हैं। आमतौर पर डॉक्टर सबसे पहले जांच करके यह देखते हैं कि मरीज की सुनने की क्षमता कितनी है। इस प्रक्रिया को ऑडियोमेट्री कहते हैं। इसके बाद वह एक टाइम्पेनोमीटर का उपयोग करके आपके कान के परदे की जांच करते हैं। यह जांच डिसऑर्डर का पता लगाने और फिर आवश्यक दवाओं का सुझाव देने में मदद करती है।

**टिनिटस की रोकथाम कैसे करें?**-टिनिटस को रोकने के लिए अपनी सुनने की क्षमता की सुरक्षित करने की कोशिश करें। इसके लिए अपने कानों में रुई रखने की कोशिश करें ताकि तेज आवाज के संपर्क में आने से बच सकें और हेडफोन पर गाना सुनते समय आवाज को हमेशा कम रखें। इसके अलावा रोजाना एक्सरसाइज करें और हृदय स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वस्थ खाना खाएं। इसके साथ ही शराब, निकोटिन और कैफीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित कर दें।

# चुनावी भाषण और हिंसा

सामयिक

विनीत नारायण

पिछले कुछ वर्षों से देश के एक प्रमुख राजनैतिक दल के बड़े नेताओं द्वारा चुनावी सभाओं में बहुत हिंसक और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है।

और इससे न सिर्फ राजनीति में कड़वाहट पैदा हो रही है, बल्कि समाज में भी वैमनस्य पैदा हो रहा है।

जब से आजादी मिली है सैकड़ों चुनाव हो चुके हैं पर ऐसी भाषा का प्रयोग अपने विरोधी दलों के प्रति किसी बड़े नेता ने कभी नहीं किया। एक प्रथा थी कि चुनावी जनसभाओं में सभी नेता सत्तारूढ़ दल की नीतियों की आलोचना करते थे और जनता के सामने अपनी श्रेष्ठ छवि प्रस्तुत करते थे। सत्तारूढ़ दल के नेता अपनी उपलब्धियां गिनाते थे और भविष्य के लिए चुनावी वायदे करते थे। पर इस पूरे आदान-प्रदान में भाषा की गरिमा बनी रहती थी। प्रायः अपने विपक्षी नेता के ऊपर व्यक्तिगत टीका-टिप्पणी करने से बचा जाता था। इतना ही नहीं, बल्कि एक दूसरे का इतना ख्याल रखा जाता था कि अपने विपक्षी दल के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं के विरुद्ध जानबूझ कर हल्के उम्मीदवार खड़े किए जाते थे, जिससे उस बड़े नेता को जीतने में सुविधा हो। ऐसा इस भावना से किया जाता था कि लोक सभा में देश के बड़े नेताओं की उपस्थिति से सदन की गरिमा बढ़ती है। आजकल लोकतंत्र की इन स्वस्थ परंपराओं को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है, जिसका बहुत बुरा असर समाज पर पड़ रहा है।

जब किसी दल के बड़े नेता ही जनसभाओं में अभद्र भाषा का प्रयोग करेंगे तो उनके समर्थक और कार्यकर्ता कैसे शालीन व्यवहार करेंगे? सोशल मीडिया में प्रयोग की जा रही अभद्र भाषा इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुछ दलों की ट्रोल आर्मी दूसरे दलों के नेताओं के प्रति बेहद अपमानजनक और छिछली भाषा का प्रयोग करती है। उन्हें गाली तक देते हैं। उनके बारे में व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी से झूठा ज्ञान प्राप्त करके उसका विपक्षियों के प्रति दुरुपयोग करते हैं। मसलन, नेहरू खानदान को मुसलमान बताना जबकि इस बात के दर्जनों सबूत हैं कि नेहरू खानदान सदियों से सनातन धर्मी ही रहा है जबकि उसे मुसलमान बताने वालों के नेताओं की नास्तिकता जगजाहिर है। इनके बहुत से नेताओं के पूर्वजों ने कभी कोई तीर्थयात्रा की हो, इसका कोई प्रमाण नहीं मिलता। जिन दलों ने चुनावी राजनीति को इस कदर गिरा दिया है, उन्हें सोचना चाहिए कि यह सब करने से क्या उन्हें हमेशा वांछित फल मिल रहे हैं? नहीं मिल रहे। अक्सर अपेक्षा के विपरीत बहुत अपमानजनक परिणाम भी मिल रहे हैं। फिर यह सब करने की क्या जरूरत है। सही है कि प्रचार-प्रसार पर अरबों रुपया खर्च करके हानिकारक पेय पदाथरे जैसे पेप्सी कोला को घर-घर बेचा जाता है, वैसे ही चुनावी प्रचार-प्रसार में नकारा और असफल राजनेताओं को भी महान बनाकर बेचा जाता है। अब यह तो मतदाता की बुद्धि और विवेक पर निर्भर करता है कि वह किसे अपना मत देता है। अक्सर अपराधी, भ्रष्टाचारी और माफिया चुनाव जीत जाते हैं, और सच्चरित्र उम्मीदवारों की जमानत तक जब्त हो जाती है। इसका मतलब यह हुआ कि चुनाव का परिणाम क्या होगा, इसका कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता।

ऐसे में अपमानजनक, आक्रामक और छिछली भाषा में अपने प्रतिद्वंद्वियों पर हमला करने वाले नेता अपने ही छिछले व्यक्तित्व का परिचय देते हैं। उन्हें सोचना चाहिए कि राजनैतिक जीवन में इस गंदगी को घोल कर वे स्वयं ही गंदे हो रहे हैं। आश्चर्य तो तब होता है, जब देश के महत्त्वपूर्ण पदों पर विराजे बड़े राजनेता ऐसी भाषा का प्रयोग करने में संकोच नहीं करते, जो भाषा उनके पद की गरिमा के अनुकूल नहीं होती। मुझे याद है कि 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री जुल्फीकार अली भुट्टो ने बयान दिया, 'हम एक हजार साल तक भारत से युद्ध लड़ेंगे।' इस उत्तेजक बयान को सुनकर भी भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने कोई उत्तेजना नहीं दिखाई। कोई भड़काऊ बयान नहीं दिया। जब वे एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रही थीं तो उन्होंने बड़े आम लहजे में कहा, 'वे कहते हैं कि हम एक हजार साल तक लड़ेंगे। हम कहते हैं कि हम शांतिपूर्ण सहअस्तित्व से रहेंगे।' इस सरल से वक्तव्य में कितनी शालीनता थी। न भुट्टो का नाम लिया न पाकिस्तान का, न अभद्र भाषा का प्रयोग किया और न कोई उत्तेजना दिखाई। इससे जहां एक ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भुट्टो की अंतरराष्ट्रीय छवि धूमिल हुई वहीं इन्दिरा गांधी ने संयमित रहकर अपनी बड़ी लकीर खींच दी।

ऐसे व्यक्तित्व के कारण उस दौर में भी इन्दिरा गांधी की छवि पूरी दुनिया में एक ताकतवर नेता की थी जिन्होंने अपनी इसी काबिलियत के बल पर पड़ोसी देश सिक्किम का भारत में विलय कर लिया और बांग्लादेश को पाकिस्तान से अलग करवा दिया। 1947 से आज तक इतनी बड़ी अंतरराष्ट्रीय सफलता भारत के किसी प्रधानमंत्री को कभी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि शालीन भाषा बोलकर भी कोई राजनेता अपने प्रतिद्वंद्वियों को परास्त कर सकता है।

## एक नजर

### लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश



**जगदलपुर 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा कोष लेखा एवं पेंशन के संयुक्त संचालक श्री धीरज नशीने द्वारा की गई। सोमवार 12 दिसम्बर को संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में सभी सातों जिलों के कोषालय और सहायक कोषालय अधिकारियों को लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में जिले में अनुमानित पेंशन प्राप्त कर रहे प्रकरण की अद्यतन सूची, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन द्वारा पेंशन प्रकरण में लगाए गए आपत्ति, पेंशन भुगतान आदेश जारी प्रकरणों मे संयुक्त संचालक स्तर पर सुधार किये जाने वाले लंबित प्रकरण, आहरण संवितरण अधिकारी व कोषालय अधिकारी द्वारा सेवानिवृत्ति उपरान्त कार्मिक संपदा में सुधार हेतु संयुक्त संचालक. को भेजे गये लंबित प्रकरण, पेंशन भुगतान आदेश के लिए संयुक्त संचालक को नहीं भेजे गए प्रकरणों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही जी.पी.एफ. मिसिंग क्रेडिट की वर्तमान वस्तुस्थिति और कोषालय प्रबंधन व संचालन पर चर्चा की गई। 30 दिन से अधिक अवधि पूर्ण कर चुके पेंशन प्रकरणों की कार्यवाही की जानकारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

### लघु अवधि के रोजगार प्रशिक्षण के लिए 20 दिसम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** निजी क्षेत्र में नौकरी की इच्छा रखने वालों के लिए माईक्रोसॉफ्ट द्वारा नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल पर पंजीकृत माईक्रोसॉफ्ट डिजी सक्षम योजना के तहत निःशुल्क रोजगार प्रशिक्षण के लिए 20 दिसम्बर तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में कार्यालयीन समय में आवेदन आमंत्रित किया गया है। नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल 222.ठुष्ह्य.द्दश्1.द्बठ्ठ पर भी ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। कक्षा 12वीं एवं उससे अधिक शैक्षणिक योग्यताधारी 18 वर्ष से अधिक आयु के युवक-युवतियां आवेदन कर सकते हैं। पाठ्यक्रम लेने के लिए एनसीएस उपयोगकर्ता नाम और पासवर्ड का उपयोग करके पंजीकरण, लॉगिन करना होगा। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में कार्यालयीन समय में या मोबाईल नंबर 70000-90756 से संपर्क किया जा सकता है।

### पीएम आवास योजना के अंतिम किस्त की राशि 2 करोड़ 28 लाख रुपये जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण अंतर्गत) पूर्ण हो चुके आवासों में अंतिम किस्त की राषि डायरेक्ट बैंक ट्रांसफर के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के बैंक खाता में जारी की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास पूर्ण होने के बाद कांकेर जिले के 1730 हितग्राहियों को अंतिम किस्त की राषि 02 करोड़ 28 लाख रूपये की राषि जारी किया गया है। जिन हितग्राहियों को तृतीय किस्त की राषि जारी की जा चुकी है, उनके द्वारा आवास पूर्ण होने के पश्चात उन्हें भी अंतिम किस्त की राषि जारी की जायेगी।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए 14 दिसम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज में काउंसलिंग

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला प्रशासन द्वारा जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने के

# पैरा बेल तैयार करने में कांकेर राज्य में प्रथम

## बेलर मशीन से 200 टन पैरा बेल तैयार, गौठानों को दिया गया पैरा बेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में कृषि अभियांत्रिकी जिला कांकेर द्वारा अपने कार्यालय के बेलर मशीन से विकासखण्ड कांकेर के ग्राम-आतुरगांव, सिंगारभाट, माटवाड़ालाल, गढ़पिछवाड़ी, नादनंमारा, बेवर्ती, पोटगांव, पुसवाड़ा, ब्यासकोंगेरा, पुसावण्ड, कोदागांव, देवकोंगेरा एवं माकड़ी तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम-बागोडार, कुरना, सरोना, सारवण्डी, मालगांव, बागोड़ एवं बाबु साल्हेटोला तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम-डोण्डे, पी. व्ही. 112, पी. व्ही. 87 एवं साबेर के कृशकों के खेतों में हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई उपरांत पराली को पैरा बेल बनाकर नजदीक के गौठानों-श्रीगुहान, कुरना, माटवाड़ा लाल, डोण्डे, गढ़पिछवाड़ी, साबेर, बेवर्ती, पोटगांव, पुसवाड़ा, ब्यासकोंगेरा, कोदागांव, सरोना, सारवण्डी, देवकोंगेरा, माकड़ी खुना, मालगांव एवं बागोड़ में पशुओं के चारा हेतु गौठान समिति द्वारा भण्डारण किया गया हैं।

बेलर मशीन से पैरा बंडल हेतु ग्राम नादनंमारा के कृषक भुवनराम साहू, ग्राम-माटवाड़ा लाल के कृषक पुरनराम सोनकर, ग्राम-कुरना के कृषक उमेश निषाद, ग्राम-डोण्डे के कृषक श्रीमती शांतिदेवी नेताम, ग्राम-पी.व्ही-112 (पखांजुर) के कृषक शंकर महाजन, ग्राम-साबेर के कृषक निर्मल देवनाथ एवं सुबल सरकार, ग्राम-कोदागांव के कृषक राम गुलाल साहू एवं राजकुमार साहू, ग्राम-गढ़पिछवाड़ी के कृषक कोमल राम नाग, देवजी सलाम, चमरूराम सलाम तथा अन्य 70 कृषकों द्वारा पैरादान किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा खेत में पड़े पराली को न जलाकर गौठानों में दान करने हेतु कृषकों से अपील किया गया है। उन्होंने कहा कि बेलर मशीन का अधिक से अधिक उपयोग कर खेत में पड़े पराली को पैरा बेल बनाकर गौठान को दान किया जाय।

सहायक कृषि अभियंता एच.एल. देवांगन ने बताया कि जिले में 24 ग्रामों के 82 कृषकों के खेत में बेलर मशीन से 8025 पैरा बेल तैयार किया जाकर लगभग 200 टन पैरा बेल गौठान समिति के माध्यम से जिले के 17 गौठानों में पशुओं के चारा हेतु उपलब्ध कराया गया है। पैरा बेल तैयार करने में कांकेर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पहले जिले के किसान रबी फसल की तैयारी के लिए खेत में पड़े हुए धान के पराली को जलाते थे, जिससे पर्यावरण प्रदुषण होता था एवं मिट्टी की उर्वरकता शक्ति भी कमजोर हो जाती थी। वर्तमान में बेलर मशीन के उपयोग होने से जिले के किसान स्वयं आगे आकर गौठानों के लिए पैरादान कर रहे है।

# ई-जनचौपाल में 59 आवेदन प्राप्त

## ई-जनचौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर।** भानुप्रतापपुर विधानसभा का उप निर्वाचन संपन्न होने के बाद जिले में सोमवार से पुनः ई-जनचौपाल प्रारंभ हो चुका है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम ग्रामीणों की फरियाद सुनी तथा उनके विधिवत निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। सोमवार को 59 व्यक्तियों द्वारा कलेक्टर को अपनी समस्या बताई गई, जिनका नियमानुसार निराकरण किया जायेगा। अंतागढ़ विकासखण्ड से 02, भानुप्रतापपुर एवं दुर्गूकोंदल विकासखण्ड से 01-01 और चारामा एवं नरहरपुर विकासखण्ड से 03-03 लोगों ने जनपद कार्यालय स्थित वीडियों कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से तथा 49 व्यक्तियों द्वारा सीधे मुलाकात कर कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला को अपनी समस्या से अवगत कराया, जिनका निराकरण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, एसडीएम कांकेर



धनंजय नेताम, संयुक्त कलेक्टर ए.एस. पैकरा, डिप्टी कलेक्टर अशोक मारबल सहित कार्यपालन अभियंता पीएचई, जिला शिक्षा अधिकारी, खाद्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण भी मौजूद थे। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने सभी एसडीएम एवं जनपद सीईओ को ई-जन चौपाल का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश देते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में दीवार लेखन एवं मुनादी कराई जाये, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इससे लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि जनपद पंचायत कार्यालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में उपस्थित होकर ग्रामीण जन अपनी समस्या व शिकायत को ई-जन चौपाल में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को बता सकते हैं।

# विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन जनवरी से मार्च तक

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में मीजल्स रूबेला का उन्नमूलन हेतु माह जनवरी 2023 से मार्च 2023 तक प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रत्येक दिवस में टीकाकरण सत्र आयोजित कर विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन किया जायेगा, जिसमें समस्त 0 से 16 वर्ष तक के बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं को छूटे हुए टीके लगाकर टीकाकृत किया जायेगा। सभी पात्र बच्चों को मीजल्स रूबेला का पहला डोज बच्चे के जन्म के 9 माह से 12 माह आयु के भीतर और दूसरा डोज जन्म के 16 से 24 माह के भीतर दिया जाएगा। नियमित टीकाकरण के तहत पात्र हितग्राही बच्चों को उनके आयु के अनुरूप समयावधि में बी.सी.जी., हेपेटाइटिस बी, पोलियो, एफ.आई.पी.व्ही., रोटावायरस, पेंटावेलेंट, पी.सी.वी., डी.पी.टी. बूस्टर तथा गर्भवती महिलाओं और किशोर-किशोरियों को टीडी का टीका लगाया जाएगा। जिले में मितानिनों द्वारा गृह भेंट के दौरान शून्य से 16 वर्ष तक के बच्चे और गर्भवती महिलाओं की जानकारी ली जाएगी। जिसके अनुरूप सूक्ष्म कार्ययोजना तैयार कर शत-प्रतिशत बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जायेगा। इसके लिए जिला एवं विकास खण्ड स्तर पर समस्त तैयारियां की जा रही है। उक्त अभियान के सफल क्रियान्वयन जिला प्रशासन के सहयोग से स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, महिला एवं बाल विकास विभाग से आपसी समन्वय स्थापित कर किया जाएगा।

# क्रमोन्नति अभियान चलायेगा एसोसिएशन

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 13 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला ने कहा कि वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत क्रमोन्नति देने व प्रथम नियुक्ति तिथि से अर्हकारी सेवा मान्य करते हुए पुरानी पेंशन की गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जल्द ही सक्षम अधिकारियों से मिलकर मांग पत्र सौपेगा। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, सूर्यकान्त सिन्हा, कमल किशोर रावत, नोहर साहू,शैनी रविन्द्र, पोरस बिंझेकर, खोमेंद्र देवांगन, सुभाष कोडोपी, रमा कर्मा, शंकर चौधरी ने कहा है कि पदोन्नति में वन टाइम रिलेक्सेशन का लाभ सहायक शिक्षकों को मिला है, आगे शिक्षक संवर्ग को भी पदोन्नति का लाभ प्राप्त होगा, पर पदोन्नति से वंचित सहायक शिक्षकों के लिए क्रमोन्नत



वेतनमान व शिक्षक एवं व्याख्याता संवर्ग के लिए समयमान वेतनमान के लिए सरकार को निर्णय लेना होगा, प्रथम नियुक्ति तिथि की गणना कर 20 वर्ष में पूर्ण पेंशन देने ज्ञापन सौपा जाएगा। संजय शर्मा ने कहा कि अब छत्तीसगढ़ में पुरानी पेंशन लागू हो गई है, किन्तु पूर्ण पेंशन 1 लाख 65 हजार शिक्षको का मामला है जिसमे एल बी संवर्ग के 70 हजार सहायक शिक्षक एवं 95 हजार शिक्षक, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला व व्याख्याता है, पुरानी पेंशन में अभी बड़ी पेंच है, शिक्षक संवर्ग के एनपीएस कटौती की राशि के सम्बंध में मुख्यमंत्री जी प्रयासरत है, किन्तु अब तक पीएफआरडीए द्वारा राशि जारी नही किये जाने से शिक्षक संवर्ग चिंतित है, शिक्षक संवर्ग का पेंशन राशि शिक्षको के खाता में प्रक्रिया अपनाकर जल्द जारी किया जावे।

शासन द्वारा 1 नवंबर 2004 से पेंशन की गणना करने उल्लेख किया गया है परंतु एल बी संवर्ग के शिक्षकों के सम्बंध में शासन को स्पस्ट निर्देश जारी करना चाहिए। सहायक शिक्षक स्वतंत्र रूप से वेतन विसंगति के लिए लड़े पर अब तक कुछ नही मिला है, यह समझते हुए हजारो सहायक शिक्षको ने प्रधान पाठक प्राथमिक शाला के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर लिया है। एक ही सूची के वरिष्ठ सहायक शिक्षको को पदोन्नति मिल रही साथ ही उसी सूची के पात्र हजारो शिक्षक पद न होने से पदोन्नति से वंचित है, ऐसे हजारो सहायक शिक्षको को वन टाइम रिलेक्सेशन के तहत क्रमोन्नति वेतनमान दिया जावे। पूर्व सेवा अवधि की गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से 20 वर्ष की सेवा को पूर्ण पेंशन हेतु मान्य कर पुरानी पेंशन लागू करने, 2013 में लागू शिक्षक समतुल्य वेतनमान को 1.86 गुणांक के आधार पर वेतनमान निर्धारण कर संशोधित एल पी सी जारी करने, पूर्व सेवा अवधि को जोड़ते हुए सहायक शिक्षको को प्रचलित नियम अनुसार सीधे उच्च वर्ग शिक्षक का 4200 ग्रेड पे का उच्चतर वेतनमान देते हुए क्रमोन्नति का आदेश करने तथा शिक्षक व व्याख्याता के लिए समयमान वेतनमान का आदेश जारी करने की मांग की जाएगी।

## समाचार संक्षेप

### पुलिस बल ने किया सिविक एक्शन कार्यक्रम उपयोगी सामान बांटे गए



**नारायणपुर 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** घुर नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ राज्य के जिला नारायणपुर में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवान नक्सल अभियान के साथ-साथ सुदूर अंचल के गरीब लोगों की मदद भी कर रहे हैं ।45वीं बटालियन आई.टी.बी.पी. की बी कम्पनी कैम्प कडेनार द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत कडेनार सी.ओ.बी. के अन्तर्गत आने वाले गांवों के ग्रामीणों को सामान वितरण तथा स्कूली बच्चों को शिक्षा संबंधी सामान का वितरित किया गया। इस कैम्प में कडेनार कीलम, मन्दोरा, बडा बुर्गम् गर्दापाल, दुकातूर, चिकपाल आदि गाँवों के ग्रामीणों को खेती में इस्तेमाल होने वाले औजार (जैसे- गती, फावडा, पंजी, दराती, खुरपी, इत्यादि ) तथा स्कूल के बच्चों को स्टेशनरी की सामग्रियों व स्कूल बैग का वितरण किया गया। इस मौके पर विकास सिंह भण्डारी, सहायक सेनानी 45वीं बटालियन, आई0टी0बी0पी0 एयम स्थानीय गावों के सरपंच, आंगनवाड़ी की कार्यकर्ता तथा स्कूलों के अध्यापक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में विकास सिंह भण्डारी सहायक सेनानी 45वीं बटालियन, आई0टी0बी0पी0 ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि आई0टी0बी0पी0 आपकी सेवा एवं सुरक्षा हेतु ही यहाँ पर तैनात है हमें अपना मित्र समझे किसी भी प्रकार की समस्या आने पर आप लोग कभी भी कैम्प में आकर हमें बताए। हमारे जवान सदैव आप लोगों की सेवा के लिए तत्पर है। विकास सिंह भण्डारी सहायक सेनानी 45वीं बटालियन, आई.टी.बी.पी. ने सभी ग्रामीणों को इस कार्यक्रम में शामिल होने व सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया व धन्यवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान जवानो द्वारा दूर-दराज से आए ग्रामीणों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई, जिसकी ग्रामीणों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### जिले के कौशल प्रशिक्षित होनहार युवाओं



### को रोजगार में मिली सफलता

**उत्तर बस्तर कांकेर 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के बेरोजगार युवकों के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कांकेर जिले में उपलब्ध संसाधन एवं रोजगार की संभावनाओं से युवाओं को सक्षम बनाने तथा युवाओं में रोजगार एवं स्व-रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने का पूरा प्रयास जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले के कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर उन्हें निजी कंपनियों में नियोजित की जा रही है। इसके अलावा प्रशिक्षण प्राप्त कर युवा स्व-रोजगार की स्थापना भी कर सकते हैं। शिक्षित बेरोजगार युवाओं की परेशानियों को दूर करने के लिए कलेक्टर द्वारा उन्हें लाइवलीहुड कॉलेज के माध्यम से कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास भी किये जा रहे हैं। जिले के सभी विकासखण्डों से चयनित युवाओं को विभिन्न कोर्स में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य एवं अन्य राज्यों में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा सिक्युरिटी गार्ड कोर्स में युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिले के सभी विकासखण्डों में काउंसलिंग का आयोजन कर उन्हें प्रशिक्षण एवं उससे होने वाले लाभ की विस्तृत जानकारी दी गई। काउंसलिंग उपरांत प्रशिक्षण के लिए कुल 28 युवाओं का चयन किया गया तथा प्रशिक्षण के दौरान विशेष क्लास आयोजित कर युवाओं को व्यक्तित्व विकास के प्रशिक्षण भी दिये गये, जिसमें स्पोकन इंग्लिश, कम्युनिकेशन स्कील एवं आत्मरक्षा के गुर भी सिखाये गये हैं। प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है, उन्हें सिक्युरिटी गार्ड में नौकरी प्रदान की गई है। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 04 युवाओं को, रायपुर में 04 युवाओं को और राज्य के बाहर आंध्रप्रदेश में 07 युवाओं को, गुलबर्गा में 02 और बंगलौर में 11 युवाओं को सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी प्रदान की गई है, जहां पर उन्हें औसतन 16 हजार रूपये मासिक मानदेय प्राप्त हो रहा है। इस प्रकार अब तक जिले में 98 युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा चुका है तथा स्व-रोजगार एवं रोजगान्मुखी प्रशिक्षण लगातार जारी है। जिले के बेरोजगार युवकों के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कांकेर जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत् है।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण के निर्देश

**जगदलपुर 13 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा कोष लेखा एवं पेंशन के संयुक्त संचालक श्री धीरज नशीने द्वारा की गई। सोमवार 12 दिसंबर को संभागीय कोष लेखा एवं पेंशन कार्यालय में आयोजित बैठक में

## सुपेबेड़ा में नहीं बन पाया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

# शिलान्यास के बाद ग्रामीणों के सपनों का सत्यानाश

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग 13 दिसंबर।** किडनी प्रभावित गांव सुपेबेड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं है। गांव में लगातार किडनी पीड़ितों की मौत के बाद यह गांव सुर्खियों में आ गया है। लगातार मौत के बाद शासन-प्रशासन ने हर स्तर पर प्रयास कर गांव वालों को राहत देने की कोशिश तो की, लेकिन शासन-प्रशासन के तमाम दावों के बाद भी सुपेबेड़ा गांव की ना तस्वीर बदली और न ही तकदीर। गांव में पांच महीने पहले 7 जून 2022 को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने दौरा कर गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने भवन निर्माण के लिए शिलान्यास किया था। मंत्री ने अपने दौरे के दौरान दावा किया था कि जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का काम शुरू हो जायेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने ग्रामीणों को यह भी भरोसा दिलाया था कि अधूरे पड़ा उपस्वास्थ्य केंद्र का काम भी शुरू कर उसे भी जल्द ही पूरा कर देंगे। वहीं मंत्री के लौटते ही कछुए की गति से चल रहे उपस्वास्थ्य केंद्र के काम को भी गति नहीं मिली। आज लगभग तीन साल बीत गए लेकिन उपस्वास्थ्य केंद्र का काम अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है।ग्रामीणों का कहना है कि उपस्वास्थ्य केंद्र का काम कब तक पूरा होगा। इसका जवाब






अधिकारियों के पास भी नहीं है।

**उपस्वास्थ्य और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एक:** एक कर्मचारी के भरोसे - गांव के त्रिलोचन सोनवानी ने बताया कि गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए कर्मचारी ही नहीं है। त्रिलोचन ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में राजेश साहू पदस्थ है, जबकि उपस्वास्थ्य केंद्र में आर. एच. ओ प्रमिला मंडावी पदस्थ है। गांव की सरपंच चंद्रकला मसरा के मुताबिक दो ही कर्मचारियों के भरोसे उपस्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। सरपंच के मुताबिक यदि दोनों भवनों का काम पूरा हो जाता तो किडनी पीड़ितों के साथ ही ग्रामीणों को भी बहुत ज्यादा राहत मिल जाती।

**विधायक ने घेरा :** मामले को लेकर ज़ब हमने विन्द्रानवागढ़ विधायक डमरूधर पुजारी से सम्पर्क किया तो उन्होंने शासन की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया। विधायक ने कहा कि सूबे के स्वास्थ्य मंत्री सुपेबेड़ा आते हैं। और पांच महीने पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास कर जाते हैं। और पांच महीने बाद भी काम शुरू नहीं होता। तो इससे समझा जा सकता है कि सरकार आमजनों के लिए कितनी गंभीरता से काम कर रही है। विधायक ने कहा कि दोनों भवन क्यों अधूरा है। इसकी जानकारी अब विधानसभा में मांगूगा। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़ा करते हुए कहा कि अधिकारी भी सुपेबेड़ा को लेकर गंभीर नहीं हैं।

**सुपेबेड़ा को लेकर अधिकारी भी नहीं है गंभीर:** गांव के त्रिलोचन सोनवानी ने आरोप लगाया कि गांव में फ्लोराइड के दोनों प्लांट पिछले छह महीने से ख़राब है। मामले की जानकारी पीएचई विभाग को भी दी जा चुकी है। लेकिन विभाग ने आज छह महीने बीतने के बाद भी प्लांट को सुधारने के लिए अब तक उचित कदम नहीं उठाया है। त्रिलोचन के मुताबिक कई बार विभाग को जानकारी दी गई लेकिन आज तक विभाग के लोगों ने उचित कदम उठाना मुनासिब नहीं समझा है। एसडीओ ने कहा सभी प्लांट चालू है। पीएचई एसडीओ अरुण कुमार भार्गव ने कहा गांव में लगाए गए सभी प्लांट चालू हैं। हर महीने हमारे कर्मचारी जाकर प्लांट का देखरेख करता है। एसडीओ ने कहा कि 6 महीने से प्लांट बंद होने का जो आरोप लगाया जा रहा है। वह गलत है। उन्होंने कहा कि बीच में एक फ्लोराइड का प्लांट बंद हुआ था। उसे तुरंत बनाकर शुरू कर दिया गया था। एसडीओ के मुताबिक सुपेबेड़ा में लगाए गए सारे प्लांट चालू हैं, हैंडपम्प चालू है, सारे वाटर सप्लाई चालू है।

**विधायक को नहीं करनी चाहिए राजनीति:** विधायक डमरूधर पुजारी के बयान पर पलटवार करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि विधायक को सुपेबेड़ा जैसे गंभीर मामलों में राजनीति नहीं करनी चाहिए, वे भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधि है। यदि उन्हें चिंता है तो अधिकारियों से जानकारी लेकर काम को शुरू करवाने की दिशा में पहल करनी चाहिए। उन्हें सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करने का कोई अधिकार नहीं है। हमारी सरकार सुपेबेड़ा के लिए बहुत ज्यादा गंभीर है। शासन वहां के किडनी पीड़ितों के स्वास्थ्य को लेकर भी गंभीरता से काम कर रही है। जहाँ तक भवन का काम शुरू नहीं होने की बात है इसकी जानकारी अधिकारी से लेकर जल्द ही भवन को शुरू करवाने की दिशा में उचित कदम उठाया जायेगा। मामले में गरियाबंद कलक्टर प्रभात मलिक ने कहा कि उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के काम में हो रही लेटलतीफी को लेकर ठेकेदार के खिलाफ नोटिस जारी किया गया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन के टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद काम शुरू हो जायेगा।

## एक नजर

### सीएम बसना विस क्षेत्र में 64.13 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**महासमुंद,13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 दिसम्बर को बसना विधानसभा क्षेत्र में 64 करोड़ 13 लाख 92 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 32 करोड़ 64 लाख 09 हजार रुपए के 37 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 32 करोड़ 59 लाख 83 हजार रुपए के 23 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री बघेल भूमिपूजन में नवीन सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, और महाविद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण आदि कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यों में स्कूल भवन निर्माण, आहता निर्माण, सांस्कृतिक भवन निर्माण, सीसी रोड, सामुदायिक भवन, सामुदायिक भवन निर्माण आदि शामिल है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार 13 दिसम्बर को बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गोपालपुर और ग्राम पिरदा में भेंट मुलाकात कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बसना के ग्राम पिरदा एवं ग्राम गोपालपुर में आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे और राज्य शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। मुख्यमंत्री इस मौके पर हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी करेंगे। वह बसना रेस्ट हाउस में विश्राम करेंगे। दूसरे दिन 14 दिसम्बर को जिला अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे।

### सीएम खल्लारी विस क्षेत्र में 29.26 करोड़ के कार्यों का करेंगे भूमिपूजन एवं लोकार्पण

**महासमुंद,13 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरूवार 15 दिसम्बर को खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में 29 करोड़ 26 लाख 05 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसमें 25 करोड़ 04 लाख 84 हजार रुपए के 41 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 4 करोड़ 21 लाख 21 हजार रुपए के 42 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री बघेल भूमिपूजन में नवीन सड़क निर्माण, पुल-पुलिया, और नवीन विश्राम गृह निर्माण, हाई स्कूल भवन एवं नवीन महाविद्यालय निर्माण आदि कार्य शामिल है। लोकार्पण कार्यों में स्कूल भवन निर्माण, आहता निर्माण, सांस्कृतिक भवन निर्माण, सीसी रोड, रंगमंच, सामुदायिक भवन निर्माण आदि शामिल है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार 14 दिसम्बर को बसना से हेलीकॉप्टर द्वारा खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बगारपाली आएंगे और आम जनता से भेंट मुलाकात करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री बघेल ग्राम एमके बाहरा आएंगे। यहां भी वह जनता से रूबरू होंगे और राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी लेंगे। इसी दिन रात्रि में जनप्रतिनिधियों से भी मुलाकात करेंगे और रात्रि विश्राम बागबाहरा रेस्ट हाउस में करेंगे। 15 दिसम्बर को जिला और ब्लॉक अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेंगे। उसके बाद प्रेसवार्ता करेंगे।

### बेमौसम बारिश से धान की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करें: कलेक्टर

**महासमुंद,13 दिसंबर।** मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर निलेशकुमार क्षीरसागर ने सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। एकाएक मौसम की करवट से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सहकारिता, बैंक, खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने कहा। उन्होंने संभावित बेमौसम बारिश को ध्यान में रखते हुए समर्थन मूल्य पर खरीदे जा रहे धान की समुचित सुरक्षा के उपाय करने कहा है। धान खरीदी के निरीक्षण के लिए नियुक्त समस्त जिला अधिकारियों को अपने-अपने धान खरीदी केंद्रों में बारिश से धान के बचाव की समुचित व्यवस्था करें और जानकारी लेते रहे। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी उपार्जन केन्द्रों में धान की स्टेकिंग बारिश से बचाव के लिए उचित तरीक़े से ढका हुआ हो, यह सुनिश्चित करें।

# मानव तस्करी के शिकार युवकों को घर लाने परिजन कर रहे फरियाद

## मानव तस्करी पर आयोजित कार्यशाला में उठ रहे सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव,13 दिसंबर।** मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के प्रति लोगो मे जागरूकता लाने के लिए हर साल ग्रामीण क्षेत्रो मे बडी तादाद मे कार्यशाला आयोजित की जाती है,जिसमे शासन-प्रशासन की ओर से बाहर जाकर काम करने से मना करने के अलावा साज बाग की दुनिया मे ना फंसने की हिदायत दी जाती है,परंतु शासन-प्रशासन द्वारा लगाये जाने वाली कार्यशाला लोगो को कितना जागरूक कर पा रही है या फिर उसका कितना सार्थक असर हो रहा है यह पीडित परिजनो की फरियाद सुनने के बाद पता चलता है। ऐसा ही कुछ तमता क्षेत्र के युवको के साथ भी घटित हुआ है,जहा के नौ युवको को उंची नौकरी,उंचा साज बाग का सपना दिखाकर दो दलालो द्वारा तमिलनाडु भेज दिया गया,जिसमे से पांच युवक तंग होकर वहा से भाग खडे हुये,वे अपने गांव पहुंचकर वहा होने वाले अत्याचारो से परिजनो को अवगत



कराया,जिसके बाद परिजनो ने तमिलनाडू से वापस नही लौट पाये चार युवको की यहा के थाने मे शिकायत दर्ज करायी है। परिजनो ने बताया कि तमिलनाडू ले जाने के बाद युवको से किसी प्रकार का संपर्क नही हो पा रहा है,उन्होने बताया कि वहा उन्हे बंदी की तरह रखा जा रहा है,जिसके कारण चार युवको को वापस लाने के लिए एक माह पूर्व परिजनो ने यहा के थाने मे लिखित शिकायत दर्ज करा दी है। बताया जाता है कि बाकी शेष चार युवक एक माह से दलालो के चंगुल मे आकर तमिलनाडू मे कैद की जिंदगी गुजर बसर कर रहे है,जिसके कारण परिजनो ने अब थाना का सहारा लेकर अपने बच्चो को वापस लाने की फरियाद लगायी है,परंतु अब तक इस दिशा मे परिजनो को कोई न्याय नही मिल पाया है। एक माह पूर्व शिकायत दर्ज कराने के बाद भी अब तक बाहर गये युवको की तलाश नही की जा सकी है,जिसे देखकर लगता है कि मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध की रोकथाम या लोगो को जागरूकता करने के प्रति लगाये जाने वाली कार्यशाला का कोई सार्थक परिणाम सामने नही आ पा रहा है।

# योगासनों से रोग का निदान और स्वास्थ्य का वर्धन होता है:स्वामी विद्यानंद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**महासमुंद,13 दिसंबर।** दिव्य जीवन संघ, योग मित्र मंडल एवं मातृशक्ति द्वारा स्व. हेमन्त राठौड़ की स्मृति में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह स्थानीय शिवानंद सरस्वती योग भवन में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमति राशि महिलांग ने की विशेष अतिथि तिलक साव थे। प्रारंभ में अतिथियों ने स्वामी शिवानंद सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण पूजन किया। समारोह में शिवानंद योग मित्र मंडल के सचिव चंद्रशेखर साहू ने प्रतिवेदन पठन किया। उन्होंने बताया कि स्व. हेमन्त राठौड़ की स्मृति में आयोजित योग शिविर निःशुल्क रखी गई थी। शिविर में प्रत्येक दिन सुबह आसान, प्राणायाम एवं ध्यान, शाम को प्राणायाम, योगनिद्रा एवं त्राटक एवं दोपहर सत्र में महिलाओं को योग का अभ्यास कराया गया। इस शिविर में 62 पुरुष एवं 42 महिलाएं शामिल हुए। 9 दिसम्बर को कौंदकेरा के जंगल में जलनेति, कुंजल एवं दीर्घ शंख प्रक्षालन क्रिया में 60 योगाभ्यार्थियों ने लाभ लिया। तत्पश्चात नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि महिलांग ने कहा कि आज के दौर में शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक रूप से स्वस्थ होना आवश्यक है। जिसके लिए नियमित योग करना आवश्यक है। योग से शारीरिक सुंदरता भी बढ़ती है। योग के प्रति लोगों को जागरूक करना चाहिए। समारोह में योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योगासन के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती ने कहा कि योग एक युक्ति है। आसन का अभ्यास भावनाओं को नियंत्रित करता है, मानसिक शांति लाता है और शरीर के विभिन्न अंगों में प्राणों का समुचित वितरण करता है। इससे शरीर के आंतरिक अंगों की मालिश होती है और वे सुचारू ढंग से कार्य करते हैं योगासनों से रोग का निदान और स्वास्थ्य का वर्धन होता है। विशेष अतिथि तिलक साव ने कहा कि बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत करना आवश्यक है जिसके लिए स्कूलो में योग की शिक्षा दी जानी आवश्यक है। योग अभ्यास के अलावा खानपान में भी नियम के पालन करने से ही स्वास्थ लाभ मिलता है। योग प्रशिक्षण का पूरा कार्यक्रम योग प्रशिक्षण शिविर शिवानंद कुटीर योगासन के संचालक एवं योगाचार्य स्वामी विद्यानंद सरस्वती के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उनके द्वारा पिछले 32 वर्षो से नगरवासियों के स्वास्थ लाभ के लिए योगाभ्यास कराया जा रहा है । कार्यक्रम का संचालन हुकुमचंद शर्मा ने व आभार प्रदर्शन दिव्य जीवन संघ अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने किया। कार्यक्रम में परमानंद बजाज, चोइथराम, रामनिवास चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, भूपेंद्र राठौर, देव कुमार साहू , किशोर शुक्ला, डॉ रामकुमार चंद्राकर, रविन्द्र जैन, प्रदीप चंद्राकर, डॉ मधुराज देवागन के आलावा बड़ी संख्या में योग साधक उपस्थित थे।

### कृषि सेवा केन्द्र संचालकों का एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ

**रायगढ़, 13 दिसम्बर।** कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ में एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स का प्रारंभ डॉ.ए.के. वर्मा, निदेशक विस्तार सेवायें, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के मार्गदर्शन में 11 दिसम्बर 2022 को हुई। इस एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स में रायगढ़, बलौदाबाजार एवं जांजगीर-चांपा जिले के 29 कृषि सेवा केन्द्र के संचालक शामिल हैं। इस कोर्स के अंतर्गत प्रत्येक रविवार को कुल 48 सत्र वैज्ञानिक/प्राध्यापकों द्वारा कृषि पाठयक्रम की पढ़ाई कराई जायेगी। उदघाटन कार्यक्रम में डॉ.ए.के. सिंह, अधिष्ठाता, कृषि महाविद्यालय व कृषि अनुसंधान केन्द्र, इंजी.आर.के. स्वर्णकार, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ.मनीषा चौधरी, श्री के.के.पैकरा, डॉ. सी.पी.एस. सोलंकी, श्री के.डी.महंत, श्रीमति सविता, डॉ.एन.सी.बंजारा, वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, रायगढ़ शामिल हुये।

# पीएम आवास के लिए भाजपा पंचायत स्तर पर करेगी आंदोलन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,13 दिसंबर।** प्रधानमंत्री आवास को लेकर छत्तीसगढ़ सरकार की विफलता व प्रदेश के लाखों हितग्राहियों को पीएम आवास के लाभ से वंचित करने पर पूरे प्रदेश में भाजपा पंचायत स्तर पर आंदोलन करने जा रही है जिसकी रूपरेखा तैयार करने हेतु राजिम के नगर साहू समाज भवन में भाजपा मंडल राजिम की बैठक हुई जिसमें राजिम विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू, मोर आवास मोर अधिकार आंदोलन कार्यक्रम के राजिम मण्डल प्रभारी जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू,सह प्रभारी जिला सदस्य रोहित साहू,भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,तथा राजिम भाजपा मंडल के सैंकड़ों पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की उपस्थित रहे। इस बैठक में पंचायत स्तर पर होने वाले सम्मेलन के लिए सभी प्रभारी नियुक्त करने के साथ तिथि तय की गई। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि प्रधानमंत्री जी का सपना हर गरीब का पक्का मकान हो अपना लेकिन 2018 में भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार बनने के बाद पूरे स्वीकृत आवास को रोक दिया



है। हमे मंडल की सभी पंचायत में जिनका आवास स्वीकृत होने के बावजूद पूरा नहीं हुआ है और जिनका प्रतिक्षासूची में नाम है उनसे मिलकर उन्हें जानकारी देना है कि कैसे राज्य की भूपेश सरकार 8 लाख परिवारों के आवास को रोक दिया है यह सरकार विकास विरोधी सरकार है इसीलिए आवास योजना में नाम होने के बावजूद हितग्राहियों को किस्त की राशि के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि पूरे प्रदेश में आवास योजना को लेकर त्राहि-त्राहि मची हुई है।हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून की कमी नहीं है आने वाले समय में कांग्रेस सरकार को झकझोरने में यह कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। इस कार्यक्रम के मण्डल प्रभारी जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि मोर आवास मोर अधिकार के तहत पूरे जिले में हजारों हितग्राहियों का आवास रुका हुआ है राज्य सरकार को केंद्र की योजनाओं में अपना अंशदान देना होता है लेकिन भूपेश बघेल की कांग्रेस की सरकार अंश दान नहीं दे पाई जिसकी वजह से पूरे प्रदेश में लाखो परिवार अपने आवास से वंचित हो गए हैं। सह प्रभारी रोहित साहू ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों ने इस बाबत पत्र लिखकर लिखकर भूपेश बघेल को अवगत करवाया था और आवास के लिए 562 करोड़ रुपए स्वीकृति की जानकारी दी थी लेकिन सरकार की नाकामी की वजह से जनता परेशान है।मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ने कहा कि जनता की लड़ाई के लिए अभी हम पंचायत स्तर पर आंदोलन करेंगे उसके बाद विधानसभा स्तरीय आंदोलन होगा,उसके बाद जिला से प्रदेश स्तर पे आंदोलन किया जाएगा और फिर भी सरकार की आंखे नही खुली तो गरीबों के आवास के लिए आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इस दौरान बैठक में कमलेश साहू,संजीव चंद्राकर,सोमप्रकाश साहू,महामंत्री धर्मेन्द्र ध्रुव,दीपक साहू,होरीलाल साहू,मोहन साहू,हीरामणि साहू,मकसूदन साहू,शेखर साहू,रिकेश साहू,मोहित साहू,पूरन यादव,जितेंद्र साहू,मोती साहू,संतोष सोनकर,कमल नारायण देवांगन,निकम साहू,होरीलाल,प्रीतम साहू,खुशी साहू,मधु नत्थानी,सभी ग्रामो से आये भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाचार संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन अनुकंपा नियुक्ति और इलाज के लिए आर्थिक मदद सहित 8 आवेदन



सुकमा, 13 दिसंबर । शासन की मंशानुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए जिला कलेक्टोरेट में सोमवार को साप्ताहिक जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कुल 8 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कलेक्टर श्री हरिस. एस ने जिले के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों से रूबरू होते हुए उनकी विभिन्न मांगों और शिकायतों को सुना। साथ ही आवेदनों के जल्द निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।प्राप्त आवेदनों में श्रीमती दीपिका टाण्डे ने अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवेदन, इलाज हेतु आर्थिक सहायता, भृत्य पद की पदस्थापना आदेश जारी करने के संबंध में, निवास प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत डब्बा के ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत कुन्ना से ग्राम पंचायत डब्बा तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण, ग्राम पंचायत डब्बा में उप स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने संबंधित आवेदन किए गए। कलेक्टर श्री हरीस. एस ने इन आवेदनों के तत्काल निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वहीं मंगल समाज सामाजिक भवन निर्माण के आवेदन पर कलेक्टर श्री हरीस. एस ने बताया कि शासकीय भूमि जो आबंटन किया गया है, वहां जल्द ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा और इसके लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जा चुका है।





**सुकमा, 13 दिसंबर ।** कुम्हाररास प्रांगण में श्रीश्रीठाकुर अनुकूल चंद्रजी का 135 वाँ जन्मोत्सव का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कई कार्यक्रम हुए।

### शंखनाद यात्रा की शुउआत शिव मंदिर से हुई



**भिलाई,13 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई के जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में शंखनाद यात्रा चौथे दिन की शुरुआत शिव शक्ति मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रारम्भ हुई। बीचपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर सरकार की विफलताओं का आलम यह है कि डायरिया से लोगों की मौत हो रही है ।जनता को पीने का साफ़ पानी भी नही मिल पा रहा है । यात्रा में पूर्व प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा प्रभुनाथ मिश्रा ने शिरकत की और आम नागरिकों से मिलने जन-जन के द्वार तक पहुंचे यह यात्रा तीन दर्शन मंदिर केम्प 2 से प्रारंभ होकर वार्ड 27 से वार्ड 35 से तीन दर्शन मंदिर ,मदर टेरेसा नगर,बैकुंठधाम मंदिर,आशादीप कालोनी,संतोषी पारा,गांधी चौक ,मिलन चौक से होकर के अंदरूनी हिस्सों में भ्रमण की और आम नागरिकों की समस्याओं से रूबरू हुए झोपड़ी क्षेत्र में भारी गन्दगी देखने को मिली लोगों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि आज भी उन्हें पीने का पानी तक साफ नहीं मिल पा रहा है लोग गन्दगी में जीने के लिए मजबूर हैं। यात्रा के दौरान मंडल अध्यक्ष अनिल सोनी, विनोद चेलक पार्षद ,लतेल यादव ,मोहन तिवारी ,जय प्रकाश यादव,मदन सेन ,विनोद सिंह,अमित मिश्रा,बैद्यनाथ झा,राजकुमार जयसवाल,अवतार सिंह ,रवि मिश्रा,मयंक,संजय दानी,रश्मि सिंह ,मिथिला खिचारिया,उपासना साहू,नासिर,राजकिशोर ,गोलू सेन, चंदू,ओबेद,निखिल वार्ड स्तर के कार्यकर्ता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# गृहमंत्री ने किया मेला स्थल का अवलोकन

■ मेला स्थल को स्थायी रूप से विकसित किया जायेगा

■ मेला स्थल में सभी सुविधाएं होगी मौजूद

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 13 दिसम्बर ।** प्रदेश के लोक निर्माण, गृह, धर्मस्व मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू आज राजिम मेला के लिए चयनित नये स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने स्थल पर चल रहे कार्यो का जायजा लेते हुए शीघ्रता से नवीन स्थल को राजिम मेला के लिए स्थायी रूप से विकसित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं की आवश्यकता, स्थानीय नागरिकों के सुझाव और आगामी 100 सालों को ध्यान में रखते हुए अधोसंरचना विकास के कार्य किये जाए। स्थल का विकास इस तरह किया जाए कि श्रद्धालुओं को यह स्थान आकर्षित करे। इस स्थान को राम वनगमन परिपथ से भी जोड़ा जायेगा। श्री साहू ने मंदिर दर्शन आने-जाने के लिए फोर लेन सड़क के तर्ज पर सड़क विकसित करने कहा है। उन्होंने कहा कि पैदल यात्रियों के लिए आने-जाने के लिए अगल से चौड़ी सड़क हो। उन्होंने कहा कि नदी में बारहमासी पानी की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जायेगी। भविष्य में नदी में लगने वाले टेंट और अन्य दुकानें को इसी स्थल पर स्थानांतरित किया जायेगा। मंत्री श्री साहू ने आगामी 7 जनवरी 2023 को राजिम भक्तिन माता जयन्ती कार्यक्रम नवीन मेला स्थल पर कराने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंत्री श्री साहू ने राम वनपथ गमन पर निर्माणाधीन कार्यो का भी



अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि 7 जनवरी को राम वन गमन पथ पर महानदी तट पर स्थापित मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चन्द्र जी के मूर्ति का अनावरण भी किया जाएगा। उन्होंने इस हेतु अधिकारियों को सभी तैयारी पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए।कलेक्टर श्री प्रभात मलिक ने नवीन मेला स्थल पर ड्राइंग डिजाइन एवं निर्माणाधीन अधोसंरचना व स्वीकृत बजट राशि के संबंध में विस्तार पूर्वक अवगत कराया। यहां पर धर्मशाला, गार्डन, तटबंध, शौचालय, मंदिर जैसे निर्माण किये जायेंगे। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अमित कांबले, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रोक्तिमा यादव, अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई, अनुविभागीय अधिकारी राजिम सुश्री पूजा बंसल, जनपद पंचायत फिंगेश्वर की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि, नागरिक मौजूद थे।मंत्री के आने की खबर मीडिया तक को जानकारी नहीं उल्लेखनीय है कि मंत्री ताम्रध्वज साहू के आने की खबर मीडिया को नहीं दी गई थी। न ही जिम्मेदार अधिकारी अवगत कराया था। अलबत्ता सड़कों पर तैनात पुलिस बल को देखकर लोग एक दूसरे से पूछते रहे तब पता चला कि मंत्री ताम्रध्वज साहू नवीन मेला स्थल का अवलोकन करने के लिए आ रहे हैं। मीडिया की अनदेखी करने के कारण लोगों को सही जानकारियां नहीं मिल पाई। जिनकी चर्चा दिन भर होती रही।

# मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना एवं डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना का पात्र लोगों को मिल रहा लाभ

**रायगढ़, 13 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राथमिकता एवं अन्त्योदय राशन कार्डधारी परिवारों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नगद रहित उपचार लाभ दिलाने के लिये महत्वपूर्ण निर्णय लिये गए है। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना राज्य के नागरिकों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने की ओर एक और प्रयास है। इस योजना के अंतर्गत राज्य में प्रचलित एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे राज्य के नागरिकों को दुर्लभ बीमारियों के इलाज हेतु किसी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा और इस योजना के माध्यम से बीमारियों से पीड़ित पात्र परिवार शासकीय सहायता से उपचार लाभ प्राप्त कर स्वस्थ एवं निरोगी बन सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 20 लाख रूपये की राशि तक इलाज की सुविधा प्रदान की जायेगी। आवेदन हेतु पात्रता सूची अनुसार, उपचार हेतु अधिकृत चिकित्सालय, योजनांतर्गत चिकित्सालयों का पंजीयन, बीमारियों हेतु सहायता, रेफरल, उपचार हेतु सहायता राशि, आवेदन करने की प्रक्रिया, योजना का क्रियान्यवन, चिकित्सालय के बिल भुगतान, वित्त व्यवस्था, शिकायत निवारण एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही से स्वस्थ एवं बेहतर छत्तीसगढ़ का निर्माण करके हितग्राहियों को लाभान्वित प्रदान किया जा रहा है।

डॉ.खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने एवं इलाज में होने वाले व्यय व क्षति से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा डॉ.खूबचंद बघेल बघेल स्वास्थ्य योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य योजनांतर्गत पात्र परिवारों को चिन्हांकित बीमारियों के इलाज हेतु गुणवत्ता चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। योजनांतर्गत राज्य एवं राज्य के बाहरी शासकीय एवं निजी चिकित्सा संस्थाओं में भर्ती, सर्जरी, प्रोसीजर, जांच एवं थैरेपी से संबंधित समस्त खर्च शामिल रहेंगे। उपरोक्त बीमारियों से सभी योजना के पूर्व से ग्रस्त प्रकरणों को योजनांतर्गत इलाज लाभ प्राप्त होगा। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जनआरोग्य पात्र परिवार आर्थिक एवं जातीय जनगणना के पात्र हितग्राहियों को उनकी पात्रता के अनुसार 50 हजार से 5 लाख रूपये तक की स्वास्थ्य सहायता प्रदान की जाएगी।

# प्राथमिकता वाले कार्यों को चिन्हांकित कर सिंचाई क्षमता में करें वृद्धि:सीईओ

**रायगढ़, 13 दिसम्बर।** सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक ली। उन्होंने जल संसाधन विभाग को कहा कि नए सिंचाई निर्माण प्रपोजल बनाने के साथ मरम्मत कार्यों को किया जाए। इसमें प्राथमिकता वाले कार्यों को चिन्हांकित करने करने के निर्देश देते हुए उन्होंने छोटे प्रोजेक्ट के माध्यम से सिंचाई एरिया बढ़ने के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक धरमजयगढ़ श्री लालजीत सिंह राठिया भी उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ श्री मिश्रा ने जल संसाधन विभाग से वृहद, माध्यम एवं लघु परियोजना की जानकारी ली। उन्होंने जल भंडारण की स्थिति की जानकारी ली, संबंधित अधिकारी ने बताया की जिले में पर्याप्त जल उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि



धान के फसल में अधिक पानी लगता है, लिहाजा रबी धान फसलों को छोड़ दलहन, तिलहन फसलों को पानी देने निर्देशित किया गया है। सीईओ श्री मिश्रा ने कहा की हमें जल अनुपयोग रोकने के लिए दलहन, तिलहन जैसे फसलों को एक ही चक में लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जाए। इससे पानी कम व्यर्थ होगा एवं किसानों आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक जल स्रोत को उपयोगी बनाने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे प्राकृतिक जल का सिंचाई अथवा वाटर रिचार्ज के रूप में बेहतर उपयोग किया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि डबरी निर्माण पर भी कार्य किया जा सकता है। उन्होंने जल संसाधन के विभागीय अधिकारियों को जल भंडारण क्षेत्र में आवश्यक मरम्मत और प्राथमिकता वाले कार्यों की सूची बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कृषि विभाग से रबी फसल के प्रगति की जानकारी ली। उप संचालक कृषि श्री हरीश राठौर ने बताया कि तिलहन क्षेत्र विस्तार बढ़ाने के लिए कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सीईओ श्री मिश्रा ने कृषि विभाग के अधिकारी से जिन स्थानों में पानी की आवश्यकता होती है, उन स्थानों की जानकारी ली। उन्होंने नरवा निर्माण, प्राकृतिक जल संरक्षण की दिशा में ग्रामीणों से बात करने के निर्देश दिए ताकि ग्रामीणों की आवश्यकतानुसार एक से दो एकड़ जैसे छोटे स्थान को भी सिंचित किया जा सके।

## निधन

### जीवन लाल चंद्राकर

**महासमुंद ।** ग्राम खुसरुपाली (बागबाहरा) निवासी



जीवन लाल चंद्राकर (63) का निधन 12 दिसंबर को हो गया है, जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को गृह ग्राम खुसरुपाली में किया गया। वे डॉ. थानसिंग चंद्राकर, दाऊलाल चंद्राकर, गौतम चन्द्राकर, भूपेन्द्र चन्द्राकर के भाई एवं संदीप चंद्राकर, नीलेश चन्द्राकर, श्रद्धा चन्द्राकर के पिता थे।

## एक नजर

### अधिक गोबर खरीदी एवं पैरा दान करने वाले किए गए सम्मानित



**बलौदाबाजार, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ गोपाल वर्मा ने कसडोल विकासखंड अंतर्गत 116 पंचायतो के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक की विशेष बैठक ली। उक्त बैठक का आयोजन स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभागार में संपन्न हुई।जिसमे गोधन न्याय योजना, पैरा दान, मनरेगा स्वच्छ भारत मिशन के सम्बंध में विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होनें गांवो में पैरादान को बढ़ावा देने के लिए विशेष अभियान, गौधन के तहत गोबर खरीदी, मनेरगा के तहत गांवों में रोजगार मूलक कार्य करने सभी सरपंचों को अपूर्ण निर्माण कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस मौके पर सर्वाधिक पैरा दान करने वाले, सर्वाधिक गोबर खरीदी करने वाले तथा सर्वाधिक 100 दिवस रोजगार देंने वाले पंचायत को साल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

### लोस निर्वाचन 2019 के दौरान अधिग्रहित वाहनों की राशि प्राप्त करने आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन 2019 के दौरान निर्वाचन कार्य हेतु अधिग्रहित वाहनों के ऐसे मालिक जिन्होनें अपना वाहन किराया प्राप्त नहीं किये है। वे एक सप्ताह के भीतर कार्यालयीन समय में वाहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर वाहन किराया की राशि जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा उक्त अवधि के उपरांत प्राप्त दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा एवं अवितरित राशि शासन को समर्पित कर दिया जायेगा। तत्पश्चात संबंधित वाहन मालिक को वाहन किराया राशि का भुगतान नहीं होने की स्थिति में इस कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 14 को

**बलौदाबाजार, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत बलौदाबाजार- भाटापारा की सामान्य सभा की बैठक बैठक 14 दिसम्बर को दोपहर 12.00 बजें से जिला पंचायत सभागार में रखी गयी है। उक्त बैठक कोविड 19 प्रोटोकॉल एवं सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देश का पालन करतें हुए आयोजित की जा रहीं है। बैठक में वन विभाग, कृषि, धान खरीदी, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योलना, आदिम जाति कल्याण विभाग, उद्योग विभाग की प्रस्तावित नये उद्योग व रोजगार के संबंध में, 15वें वित्त के तहत वर्ष 2023-24 के कार्यो सहित जिला पंचायत अध्यक्ष की अनुमति से अन्य महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा की जाएगी।

### वंदे भारत के ज्यादा किराये का जालियावाला ने किया विरोध

**भाटापारा, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वंदे भारत एक्सप्रेस पटरी पर दौड़ते



ही महंगे किराए को लेकर युवा नेता शादाब जालियावाला का कहना है कि, केंद्र सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है। एक तरफचलती ट्रेनों को बंद कर रही है और दूसरी तरफनई ट्रेनों का शुरुआत कर रही है। उन्होंने कहा, ट्रेनों की शुरुआत कर रहे हैं अच्छी बात है, लेकिन उसके दर को 40 परसेंट बढ़ाकर लिया जा रहा है। वही रेलवे लाइन, वही जनता, वही रेल फिर पैसा अधिक क्यों ? शादाब जालियावाला ने कहा कि, वंदे भारत एक्सप्रेस खास आदमियों के लिए है आम आदमियों के लिए नहीं है। केंद्र सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि, आम परिवार के लोग ट्रेनों में सफर करते हैं, जिससे यातायात की सुविधा सरल सुगम और सस्ती हो। वहीं शादाब ने वंदे भारत एक्सप्रेस को लेकर कहा कि, रायपुर से नागपुर तक की टिकट 300 रुपए है और इसमे बहुत अधिक किराया लिया जा रहा है।

## समाज को एकजुट करने का वीर नारायण सिंह ने रास्ता दिखाया

# स्वतंत्रता आंदोलन में आदिवासी समाज के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता: ध्रुव

### शहीद वीर नारायण सिंह का इतिहास आदिवासियों के लिए है गौरव की बात

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 13 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस सर्व आदिवासी समाज तहसील छुरा द्वारा स्थानीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में कोसमबुड़ा अमात - गोड़ समाज भवन में पूजा अर्चना कर बाइक रैली के साथ युवाओं ने वीर नारायण सिंह के जयकारा लगाते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचे द्वितीय चरण में कार्यक्रम स्थल से सर्व आदिवासी समाज के बच्चे महिला पुरुष सैकड़ों की संख्या में कलश यात्रा लेकर सांस्कृतिक परंपरा रिलो नाच बाजा के साथ राजमहल पहुंचे।जहां राजमाता चंद्रकुमारी शाह राजकुमार यशपेन्द्र शाह ने कलश यात्रा का स्वागत किया तथा समाज प्रमुखों द्वारा राजपरिवार के सदस्यों का अभिनंदन कर न्यौता देकर कार्यक्रम स्थल आमंत्रित करके पुनः कार्यक्रम स्थल वापस हुए कार्यक्रम स्थल पर शहीद वीर नारायण सिंह एवं छत्रपति बड़ादेव की पूजा अर्चना समाज प्रमुखों द्वारा की गई एवं अतिथियों का स्वागत महुआ फूल, पीला पगड़ी, पीला चांवल, पीला पुष्प गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया गया। शहादत दिवस के अवसर पर पूरन सिंह ध्रुव जिला अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए आदिवासी समाज



के द्वारा किए गए बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता समाज एकजुट करने में वीर नारायण सिंह ने रास्ता दिखाया जो आज भी हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलकर अपने हक और अधिकार को प्राप्त कर सकते हैं।

छत्तर सिंह ठाकुर जिला संरक्षक आदिवासी समाज गरियाबंद ने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह का इतिहास आदिवासियों का गौरव देता है रायपुर का जय स्तंभ चौक उनकी वीरता की गाथा और देश के युवाओं के लिए प्रेरणा है आदिवासी समाज के पुरखा जिस रास्ते पर चले हैं उन रास्तों पर भी हम सबको चलना चाहिए तभी हमारा समाज की हमारी संस्कृति बना रहेगा आदिवासी समाज बहुत सीधा और सरल होता है हम सब प्रकृति पूजक हैं छत्तीसगढ़ में हमारे आदिवासियों की संख्या बहुत अधिक है आज पूरे भारतवर्ष में आदिवासियों समाज द्वारा शहीद वीर नारायण की शहादत दिवस कार्यक्रम मना रहे हैं रहे हैं और हम सब को जागरूक होना होगा आर के ध्रुव अतिरिक्त सीईओ जनपद ने कहा कि समाज को संगठित करना होगा।

संगठित समाज ही प्रदेश और देश के विकास में सहभागी देता है समाज में व्याप्त बुराइयों को छोड़कर शिक्षा स्वास्थ्य में सुधार करना भी समाज का दायित्व है समाज को संगठित करके सुधारने का कार्य प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी तत्पश्चात नगर के आदिवासी छात्रावास विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आदिवासी नृत्य प्रस्तुति किया एवं नगर की विद्यालयों ने भी अपनी प्रस्तुति दिया कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से समाज प्रमुख गण लेखराज धुर्वा सरपंच संघ अध्यक्ष, कौशल सिंह ठाकुर अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज तहसील, तोकेश्वरी मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत, केशरी ध्रुव जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद, भुवन लाल ठाकुर समाज प्रमुख, टंकेश्वर मरकाम अध्यक्ष राज गोड मड़ेली सर्कल, शिवदर्शन ध्रुव अध्यक्ष छुरा, मोहन ठाकुर जिला संरक्षक, सुधेराम ओटी अध्यक्ष छुरा अमात गोंड समाज, संतन सिंह ठाकुर सलाहकार, रंजीत ठाकुर अध्यक्ष छुरा राज, राम गोपाल संरक्षक छुरा सर्कल, फिरण सिंह ठाकुर छुरा सर्कल, सेवक राम उपाध्यक्ष फिरोश्वरी सर्कल, हेमलाल मरकाम सचिव, कंवल ध्रुव सलाहकार, आसाराम ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, होरीलाल धुव, उमेंद सिंह सॉरी राजगोंड समाज, विमल ठाकुर, महेश नागेश, हेमंत धुव, लीलाधर, गोकुल धुव, भूपेंद्र धुव, पुनितराम ठाकुर, रेख राम ध्रुव, कुलेश्वर मरकाम, परस सॉरी, कुलेश्वर दाऊ, हेमंत कंवर, कपिल ध्रुव, दारा सिंह ध्रुवा, महेश्वरी शाह, भगवती दीवान, लक्ष्मी ठाकुर हेमलता ध्रुव, शांति नागेश, जागृति ठाकुर, तुलेश्वरी कंवर, प्रेमवती ध्रुवा, रेखा प्रधान, परागा ध्रुव, काजल पैकरा, देव ध्रुवा, सुजाता, भावानी ठाकुर एवं हजारों की संख्या में समाज प्रमुखगण महिला पुरुष उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन पुराणिक नागेश एवं शीतल ध्रुव समाजसेवी ने किया।

## आईएसबीएम विवि ने मनाया विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता पखवाड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 13 दिसम्बर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय नवापारा (कोसमी) छुरा, गरियाबंद छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एचआईवी एड्स रोकथाम जन - जागरूकता कार्यक्रम शासन के आदेशानुसार विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा 1 से 15 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका थीम समानता था जो कि सभी का जन्मसिद्ध अधिकार है, चाहे वे एचआईवी संक्रमित ही क्यों ना हो विश्वविद्यालय के गोद ग्राम भैंसामुड़ा में एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया द्य जिसके अंतर्गत ग्राम भैसामुड़ा में एड्स जागरुकता रैली राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा निकाला गया, चौक- चौराहे, शा.प्रा.शाला, पंचायत भवन और शहीद चौक के पास नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया कि एड्स कैसे फैलता है और इसके रोकथाम के उपाय क्या हैं। सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही साथ स्वयंसेवकों ने समूह बनाकर घर-घर जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीणों से परिचर्चा किया गया। सभी ग्रामीणों ने इस अभियान से जुड़कर इसका लाभ उठाया। शिविर में ग्रामीणों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य विषयों की जानकारी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच बसंती कंवर, ग्राम सचिव दिलीप चंद्राकर, एवं मनोज कुमार साहू, ने अपना सहयोग प्रदान किया कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का सफल आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी के द्वारा किया गया।




## व्याख्यान में बताई सूचना प्रौद्योगिकी की महत्ता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 13 दिसम्बर।** शासकीय नेहरू स्नातकोतर महाविद्यालय मे प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के निर्देशन में तथा कम्प्यूटर विभाग की तूलिका चक्रवर्ती के मागदर्शन में विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर अतिथि व्याख्यायन का आयोजन किया गया। इस व्याख्यायन में विषय विशेषज्ञ के रूप में बीआईटी दुर्ग के मैनेजमेंट विभाग के सहायक प्राध्यापक डा अभिषेक चक्रवर्ती उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती के वंदन से की गयी। डा अभिषेक चक्रवर्ती का स्वागत वाणिज्य विभाग के सहा.प्राध्या. गोपाल कृष्ण यादव के द्वारा किया गया। इस व्याख्यायन में सूचना प्रद्योगिकी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए डा. अभिषेक चक्रवर्ती ने बताया की कैसे आज सूचना प्रद्योगिकी हर क्षेत्र में फैला है और कैसे उससे रोज़गार के अवसर प्राप्त हो रहे है। उन्होंने ये भी बताया कि आने वाले समय मे हर क्षेत्र मे कम्प्यूटर कि उपयोगिता बढ़ती ही जा रही और क्योंकि आने वाले समय मे हर क्षेत्र कम्प्यूटर से जुड़ जायेगा और कम्प्यूटर जानने वाले लोगो के लिए रोज़गार के अवसर बढ़ जाएंगे। अतः आज हम जो भी सीख रहे है उसे ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जन करने की कोशिश करे और हर कोशिश अब अपने भविष्य को और अच्छा करने के लिए करे। कार्यक्रम के अंत मे सहा.प्राध्या. गोपाल कृष्ण यादव ने आभार प्रदर्शन करते हुए विषय विशेषज्ञ डा चक्रवर्ती को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कम्प्यूटर साइंस विभाग सहित अन्य विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## आदर्श विद्यालय में आनंद मेला, मातृ सम्मेलन एवं सांस्कृतिक उत्सव का अभूतपूर्व आयोजन

# आनंद मेला में सिर्फ दो घंटे में बच्चों ने किया 28 हजार रुपए का व्यापार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**छुरा, 13 दिसम्बर।** शासकीय आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय द्वारा आयोजन किया गया। आनंद मेला, मातृ सम्मेलन एवं सांस्कृतिक उत्सव की अद्वितीय कार्यक्रम आयोजित हुआ।

नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, जनपद पंचायत अध्यक्ष तोकेश्वरी मांझी, वरिष्ठ पार्षद यशपेन्द्र शाह, मक्खू महाराज, भोलेशंकर जायसवाल, पार्षदगण भारती सोनी, मीना चंद्राकर, चित्ररेखा ध्रुव, देवमती साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष संतराम साहू, शिक्षाविद के.आर. सिन्हा, एस.आर. निषाद, बी.एल.तारक, उखराज ध्रुवा, रामसिंग ध्रुव के आतिथ्य में मां भारती, छत्तीसगढ़ महतारी, मां शारदे की पूजा अर्चना कर इस आयोजन की शुरुआत हुई। आनंद मेला में शालेय बच्चों द्वारा बड़े पैमाने पर स्टाल के माध्यम से खाने पीने की चीजें एवं विविध प्रदर्शनी लगाई गई थी। गढ़ कलेवा की तर्ज पर पारंपरिक छत्तीसगढ़ी व्यंजन माड़ा रोटी, चीला रोटी, हल्दी पत्ते से बना अंगाकर रोटी, सिलपट्टा चटनी, ठेठरी, खुरमी, अइरसा, गुजिया, चखली, कुशली, मूंग बड़ा, मुरकू, कटवा रोटी, मिर्ची भजिया का खूब लुत्फ उठाया। वही मोमोस, चाऊमीन, सोया चिल्ली, पनीर मसाला, मेथी पराठा, गोभी पराठा, आलू पराठा, आलू टिकिया, भेल, गुपचुप, इडली, दाबेली, पूड़ी सब्जी जैसे चटपटे व्यंजन का भी आनंद लिया।

प्रदर्शनी के माध्यम से धान से बने अलग-अलग तरह के झूमर, झालर, सिंघौला, बांस से बने विभिन्न सामग्री, कबाड़ से जुगाड़, अद्भुत कलाकृतियों, मिट्टी से बने खिलौने ने सबको आकर्षित किया। वही कागज एवं अन्य सामग्री द्वारा निर्मित छत्तीसगढ़ी आभूषणों ने भी खूब लुभाया। आनंद मेला की सभी सामग्री खरीदने के लिए पांच एवं दस के कूपन बनाए गए थे। बच्चों के व्यापार विनिमय की कला को निखारने के लिए बहुत सारे तरीके से मंच प्रदान किया गया था। महज़ दो घंटे में ही बच्चों ने अट्ठाईस हजार, सात सौ, छप्पन रुपए का व्यापार किया। पश्चात पालक- बालक- शिक्षक-समुदाय को जोड़ने के लिए मातृ सम्मेलन का व्यापक आयोजन किया गया। विदित हो कि आदर्श विद्यालय में छुरा ही नहीं वरन जिले के कोने-कोने से, दूरदराज से बच्चे पढ़ने आते हैं। गरियाबंद जिले के अलावा महासमुंद, धमतरी, रायपुर बलौदाबाजार जिले के बच्चे भी अध्ययनरत हैं। माताओं से विद्यालयीन बच्चों की पढ़ाई, नैतिक शिक्षा एवं अन्य गतिविधियों का फीडबैक लिया गया।

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक व्यंजन, पारंपरिक वेशभूषा और प्राचीन काल में उपयोग किए जाने वाले घरेलू एवं अन्य औजारों से संबंधित प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई। छत्तीसगढ़ी जनउला ने भी पूरे दर्शकदीर्घा को आनंद लेने का अवसर प्रदान किया। मजेदार प्रश्नों का मजेदार जवाब भी सुनने को मिला। सही जवाब देने वाली माताओं को सम्मानित भी किया गया। उपस्थित माताओं, जनप्रतिनिधियों का रस्साकस्सी और कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता भी रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में दर्शकों ने भाग लिया। आनंद मेला एवं मातृ सम्मेलन का संचालन वरिष्ठ शिक्षक एम.एल.सेन एवं सी.आर. सिन्हा ने किया। उपस्थित दर्शक एवं अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी। भोजन उपरांत सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रतिभाओं का मंचन हुआ।

## समाचार संक्षेप

### तीन मोटर साइकिल में आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अपराधों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र अपराध क्र 972/2022 धारा 457, 435 भादवि, अपराध क्र 973/22 धारा 435 भादवि के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपी का नाम नानू यादव पिता भरत लाल उम्र 30 साल साकिन षष्ठी मंदिर के पास बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 19 नवम्बर को प्रार्थी पवन महेश्वरी पिता अशोक महेश्वरी उम्र 40 साल साकिन कृष्णा विहार कालोनी बलौदाबाजार थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के घर के बांउड्री वाल अंदर रखे मोटर सायकल ।स्र डिलक्स ष्त्र22स्- 4047 को अज्ञात व्यक्ति बांउड्री वाल के अंदर घुसकर उक्त मोटर सायकल को आग लगा दिया जो पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया कि प्रार्थी के लिखित आवेदन पर तथा पुराना बस स्टैंड सिंधी कालोनी बलौदाबाजार में रमेश पंजवानी के घर के सामने खडी दो मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ष्त्र 04 च्क्क 8002 तथा ।स्र डिलक्स क्रमांक ष्त्र 22 क्क 7207 को आग लगा देने की रिपोर्ट पर अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। दौरान विवेचना के सीसीटीवी कैमरा फुटेज से खुलासा हुआ एवं मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी नानू यादव को पकडा गया जिससे पूछताछ कर मेमोरंडम कथन लिया गया। मेमोरंडम कथन में बताया कि पुरानी रंजशी के कारण दिनाक 19.11.22 के रात्रि में कृष्णा विहार कालोनी बलौदाबाजार में पवन महेश्वरी के घर के बांउड्री वाल अंदर रखे मोटर सायकल ।स्र डिलक्स ष्त्र22स्- 4047 को आग लगाने बाद पुराना बस स्टैंड सिंधी कालोनी बलौदाबाजार में खडी दो मोटर सायकल हीरो पैशन प्रो क्रमांक ष्त्र 04 च्क्क8002 तथा ।स्र डिलक्स क्रमांक ष्त्र 22 क्क7207 को भी आग लगाना स्वीकार किया है। आरोपी आदतन बदमाश है जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष रिमाण्ड में पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में प्र0आर0 अंशुमान पाण्डेय, प्र0आर0 समीर शुक्ला, सायबर सेल प्र0आर0 मो0 अरशद खान तथा आर0 यशवंत यादव का विशेष योगदान रहा।

### मौसम में नमी, सभी धान खरीदी केंद्रों को बारिश से बचाव के निर्देश जारी

**बलौदाबाजार, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मौसम में नमी एवं संभावित बारिश को देखते हुए कलेक्टर रजत बंसल ने आज पत्र जारी कर सभी धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को धान को बारिश से बचाने के लिए पर्याप्त वयस्था करने के निर्देश दिए है। इसके तहत सभी केंद्रों में कवर कैंप रखने कहा गया है। साथ ही उन्होंने दो टूक कहा है की बारिश से धान भीगा तो सीधा कार्रवाई खरीदी केंद्र प्रभारी पर होगा। उसके लिए जिम्मेदार स्वयं होगा। उन्होंने कहा कि किसान सुबह सुबह धान बेचने आते है तो उनके लिए अलाव जलाने की व्यवस्था भी करनी चाहिए। अभी एकाएक तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है जिससे जिले में ठंड बढ़ गयी है। इसके साथ ही सभी एसडीएम, जनपद सीईओ,सहकारिता,बैंक,खाद्य विभाग के अधिकारियों को फील्ड में जाकर निरीक्षण कर कार्यालय को प्रतिवेदन जमा करने के निर्देश दिए है।

### जुआ व सट्टा के मामले में दो गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 13 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जुआ सट्टा पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में थाना पलारी द्वारा विगत दो दिनों से लगातार कार्यवाही किया जा रहा है जिसमें थाना पलारी के क्षेत्रअन्तर्गत ग्राम छेरकापुर में रेड कार्यवाही करते हुए साइबर सेल एवम् थाना पलारी द्वारा रेड कार्यवाही कर 9 दिसम्बर को आरोपी लक्ष्यकांत मारकण्डेय उर्फगोलू पिता राजकुमार उम्र 27 साल निवासी छेरकापुर से सट्टा पट्टी एवं 19000रू जप्त कर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 698/22 धारा 4क जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया एवं 10 दिसम्बर को ग्राम कुकदा में रेड कर आरोपी चंद्रशेखर घृतलहरे पिता गुलाबचंद घृतलहरे उम्र 33 साल निवासी कुकदा से सट्टा पट्टी एवं नगदी रकम 2850रू जप्त कर थाना पलारी में अपराध क्रमांक 699/22 धारा 4क जुआ एक्ट पंजीबद्ध किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में सउनि नीरज दुबे, प्रआर ब्रम्हानंद देवांगन, अनिल महिलांगे एवं सायबर सेल बलौदाबाजार का योगदान रहा।

### कलेक्टर ने शासकीय राशन दुकान का किया औचक निरीक्षण

**कोरबा, 13 दिसम्बर।** कलेक्टर संजीव झा ने जनपद पंचायत पाली प्रवास के दौरान ग्राम पंचायत सिरकी में शासकीय उचित मूल्य की दुकान और हरदीबाजार में निर्माणाधीन नये तहसील भवन का औचक निरीक्षण किया। कलेक्टर झा ने शासकीय राशन दुकान में पहुंचकर राशन भण्डारण एवं हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण की जानकारी ली। राशन दुकान का संचालन दुर्गा स्व सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने राशन दुकान में उपलब्ध सुविधाओं और चांवल शक्कर, नमक एवं चने के भण्डारण का अवलोकन किया। कलेक्टर झा ने संचालनकर्ता समूह दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाओं से नवंबर एवं दिसंबर माह के राशन भण्डारण की जानकारी ली। स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि उनके यहां राशन वितरण से जुड़ी कोई समस्या नहीं है। कलेक्टर झा ने राशन वितरण के लिए उपयोग किए जाने वाले ई-पॉस मशीन के माध्यम से राशन वितरण की जानकारी ली। इसको लेकर दुकान प्रबंधन के लोगों ने बताया कि सर्वर ठीक रहने के दौरान राशन वितरण को लेकर किसी तरह की समस्या नहीं होती है। कलेक्टर संजीव झा ने राशन दुकान का निरीक्षण करने के बाद परिसर में ही निर्मित कचरा शेड का भी अवलोकन किया और संचालन को लेकर जानकारी लेने के साथ ही आवश्यक निर्देश दिए।


## न्यायालय तहसीलदार बेमेतरा जिला बेमेतरा

### ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार आवेदक द्वारा शासकीय भूमि अंतर्गत प्रदत्त पट्टों को फ्री होल्ड किए जाने आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है-

| क्र. | आवेदक का नाम | ग्राम/ प.ह.नं. | ख.नं. | धारित रकबा | कैफियत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सुरेश तेजवानी पिता स्व. वरियल दास तेजवानी | बेमेतरा/27 | 554/1 | 2108 वर्गफीट | आवासीय |
| 2 | सुरेश तेजवानी पिता स्व. वरियल दास तेजवानी | बेमेतरा/27 | 554/1 | 1073 वर्गफीट | आवासीय |

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा-आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.12.2022 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि पश्चात् प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बेमेतरा

## एक नजर

### चरामेति संस्था के माध्यम से ट्रायसाइकिल का वितरण



**रायपुर 13 दिसंबर।** बैंक ऑफ इंडिया के तात्यापारा स्थित आंचलिक कार्यालय में आयोजित वेलफेयर कार्यक्रम में चरामेति फाउंडेशन के माध्यम से श्रीमती अनिता साहू, बेमेतरा, श्री मन्नूलाल देवांगन को ट्रायसायकल प्रदान की गई। उक्त गरिमामय कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के एम. डी. एवं सी. ई. ओ श्री ए. के. दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैंक के महाप्रबंधक श्री लोकेश कृष्ण, आंचलिक प्रबंधक श्री विवेक प्रभु, उप आंचलिक प्रबंधक श्री नीरज कुमार दत्ता एवं चरामेति फाउंडेशन के राजेन्द्र ओझा, डॉ.मृणालिका ओझा, प्रशांत महतो, जी. पी. अखिलेश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त रोशन बहादुर सिंह, चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी, भूषण साहू, प्रेम प्रकाश साहू, निखिल, प्रकाश चौहान संतोष देवांगन आदि भी इस गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित थे। समस्त हितग्राहियों ने बताया कि इस तीन पहिया सायकिल से उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आयेगा। दूसरों पर आश्रित न रहकर खुद पर भरोसा एवं विश्वास बढ़ेगा। इस हेतु उन्होंने चरामेति फाउंडेशन एवं बैंक ऑफ इंडिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

### राज्य ओपन स्कूल मुख्य एवं अवसर परीक्षा की अंतिम तिथि 31 तक

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात 01 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रो. व्ही.के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं और समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में जमा कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाईट पर उपलब्ध है।

### युवक से मोबाइल की लूट

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** भनपुरी अंग्रेजी शराब दुकान के पास बाइक सवार दो युवकों ने एक युवक के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार परसुरामनगर रावाभाठा निवासी प्रार्थी मनोज कुमार साहू 40 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह शराब खरीदने भनपुरी अंग्रेजी शराब दुकान के सामने खड़ा था। तभी बाइक सवार अज्ञात दो व्यक्ति पीछे से आए और प्रार्थी के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग निकले। लूटे गए मोबाइल की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुराने विवाद पर महिला से मारपीट

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** गली नंबर 4 तेलीबांधा में पूर्व विवाद को लेकर युवक ने एक महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार गली नंबर 4 तेलीबांधा निवासी प्रार्थिया जया धामवानी 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी कुशल तोलवानी ने पुराना विवाद को लेकर प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 13 दिसम्बर ।** काशीराम नगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। गोंदवारा निवासी प्रार्थी मनीष सुमन 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने रिश्तेदार के यहां काशीराम नगर गया था। जहां वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलएच 5113 को घर के बाहर खड़ी किया था, जहां से अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

### निधन

### साध्वी पुष्पा

**रायपुर।** बागबाहरा में विराजित 103 वर्षीय जैन साध्वी पुष्पा श्री जी का निधन हो गया। समाजिक कार्यकर्ता ओमप्रकाश बरलोटा ने बताया की उनकी अंतिम क्रिया में छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आये हुये नागरिकों ने काफी संख्या में भाग लिया। आप काफी सरलमना एवं मिलनसार व्यक्तित्व की धनी थीं।

## मंदिर हसौद, चंदखुरी, अमलेश्वर नगर पालिका के चुनाव घोषित नहीं होने से रोष

### मतदाता सूची का प्रकाशन होने के बाद भी चुनाव नहीं

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** राजधानी से लगे मंदिर हसौद, चंदखुरी और अमलेश्वर नपा के चुनाव की घोषणा नहीं होने से स्थानीय नेताओं में रोष व्याप्त है। अगले वर्ष विधानसभा चुनाव को देखते हुए कतिपय महत्वाकांक्षी नेता चुनाव नहीं कराना चाहते इसलिए पूरी प्रक्रिया में अड़गा डाल रहे हैं।

राजधानी से लगे अमलेश्वर नगर पालिका में वार्ड विभाजन का काम पूरा हो गया है। यहां मतदाता सूची बनाई जा रही है। यह क्षेत्र मुख्यमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र में आता है। इसलिए यहां पर कई बिल्डर तथा अन्य महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय हो गए हैं। इस समय यहां की जमीन बेशकीमती हो गई है। मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण मुख्यमंत्री के करीबी भी काफी दबाव बनाए रहते हैं जिसके कारण चुनाव की प्रक्रिया में बार-बार बाधा आ रही है। मंदिर हसौद क्षेत्र अब आरंग विधानसभा क्षेत्र में आ गया है। यहां पर कुल 20 वार्ड हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन हो गया है। दावा-आपत्ति बुलाने के बाद यह सूची पूरी कर ली गई है। लेकिन राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कल नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा की गई है लेकिन अमलेश्वर, चंदखुरी, मंदिर हसौद, समोदा नगर पालिका चुनाव की घोषणा नहीं हुई है। चंदखुरी भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो गया है। इसलिए यहां पर जमीन का कीमतें काफी बढ़ गई है। समोदा क्षेत्र भी इस समय काफी विकसित हो गया है। यहां पर चुनाव को लेकर उठापटक तेज हो गई है। वर्तमान में नगरीय निकाय चुनाव के लिए 9 जनवरी को मतदान किया जाएगा। चुनाव आयुक्त के अनुसार यह मात्र उपचुनाव है जिसमें वार्डों के चुनाव हो रहे हैं। जिला पंचायतों के भी चुनाव की घोषणा की गई है। मंदिर हसौद क्षेत्र के भारसाधक मंत्री शिव डहरिया हैं इसलिए यहां पर कई महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय हो गए हैं। विधानसभा चुनाव को देखते हुए यहां पर भाजपा के कई नेता अपने-अपने समीकरण बैठा रहे हैं। सभी राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं बढ़ती जा रही है। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने कहा कि अमलेश्वर, मंदिर हसौद, चंदखुरी तथा समोदा में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि यहां पर आरक्षण और परिसीमन को लेकर कई समस्याएं आ रही है इसलिए यह चुनाव नहीं हो पा रहे हैं लेकिन सभी प्रक्रियाएं चल रही है। इधर मंदिर हसौद के महत्वाकांक्षी नेता शीघ्र ही राज्य निर्वाचन आयोग में जाकर चुनाव कराने की मांग करेंगे।

## सीमित टोकन देने से किसान परेशान

### सहकारी समितियों का चक्कर काट रहे किसान

मुख्य नगर संवाददाता



**रायपुर, 13 दिसम्बर।** धान खरीदी के लिए शासन द्वारा ऑनलाईन टोकन जारी करने का निर्देश अब सिरदर्द बनते जा रहा है। किसानों की जरूरत के अनुसार सीमित मात्रा में टोकन दिया जाता है। इधर समिति वाले किसानों को कैश इन बैंक के नाम से परेशान कर रहे हैं।

किसानों से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में मुख्यमंत्री के निर्देश पर अब किसानों को धान खरीदी का टोकन ऑनलाईन दिया जा रहा है। लेकिन इस टोकन में किसानों को ऋण पुस्तिका, जमीन का अभिलेख एवं ग्राम सेवक की स्वीकृति लेना अनिवार्य कर दिया गया है। किसानों ने बताया कि समितियों में टोकन काटा जा रहा है। कई गांवों में सर्वर डाउन होने तथा कनेक्शन नहीं होने से काफी परेशानी ग्रामीणों को हो रही है। किसानों ने बताया कि समितियों में यदि टोकन ऑनलाईन काट दिया जाता है तो इसे बैंक से कन्फर्म कराने को कहा जाता है इससे काफी परेशानी हो रही है। राज्य में धान खरीदी करने के लिए मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया गया है। अभी तक 42 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा जा चुका है। सहकारी समितियों द्वारा टोकन काटा जाता है। इस आधार पर जिला सहकारी बैंकों के द्वारा पैसा खाते में ट्रांसफर किया जाता है लेकिन किसानों को कई बैंक बंद होने से परेशानी हो रही है। केंद्र शासन द्वारा 8 से अधिक बैंक बंद कर दिए गए हैं। आईएफसी कोड नहीं बदलने से किसानों के खाते में पैसा नहीं जा रहा है। ज्ञात रहे सरकार ने यूको, कैनरा सहित कई अन्य बैंक बंद कर दिए हैं। कई बैंकों का विलय कर दिया गया है।

### जुआरी एवं सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने जुआ एवं सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई कर अलग-अलग थाना क्षेत्रों से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी ताशपत्ती सहित नकदी 5090 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पारसनगर में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी सौरव यादव 22 वर्ष सहित एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से ताशपत्ती सहित नकदी 5090 रुपए जब्त किया है। इसी तरह सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सट्टा खिलाते आरोपी अभिषेक शर्मा 31 वर्ष व कुशवंत छाबड़ा 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने बुक डाट इन साईट पर मो.फ़ोन के माध्यम से क्रिकेट में सट्टा-पट्टी का दांव लगाते पाए गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों के पास से 5 नग मोबाइल और स्क्रीन शार्ट का पैसा 86885 रुपए पाया गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।


### सरेआम शराब पीते 5 पकड़ाए

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** राजधानी पुलिस ने सरेआम शराब पीते 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम भैसा में शराब पीते आरोपी धर्मेन्द्र धृतलहरे 30 वर्ष व कैलाश बघेल 60 व ताराचंद वर्मा 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी भुनेश्वर सोनकर 28 वर्ष व रामाधार मरकाम 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## आदिवासी संग्रहालय में लगेंगी छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पेंटिंग

### राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित पेंटिंग का होगा उपयोग

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** नवा रायपुर में बनने जा रहे आदिवासी संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और जननायकों की आकर्षक पेंटिंग लगेगी। शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कलाकारों की चयनित पेंटिंग का उपयोग किया जाएगा। राजधानी रायपुर में 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयुक्त सह संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान श्रीमती शम्मी आबिदी ने कलाकारों को संबोधित करते हुए उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। इस चित्रकला प्रतियोगिता में 166 कलाकारों ने हिस्सा लिया। श्रीमती शम्मी आबिदी ने शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों का बहुमूल्य योगदान है। आदिम जाति एवं अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'आदि विद्रोह' में आदिवासी जननायकों के इतिहास और उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। यह चित्रकला प्रतियोगिता दो विधाओं-केनवास पेंटिंग और ड्राईंग सीट पेंटिंग में आयोजित की गई।



केनवास पेंटिंग प्रतियोगिता-16 से 25 आयु वर्ग में रूपेन्द्र साहू ने प्रथम, गौरव कुमार ने द्वितीय और दियांशु देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपक जुर्री, सूर्यकांत भोई, गौरव कुमार पटेल, मुकेश कुंजाम और सतीश साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। केनवास पेंटिंग प्रतियोगिता-25 आयु वर्ग से अधिक में श्री प्रकाश चंद्र सिंह ने प्रथम, पंकज यादव ने द्वितीय और हरिश कुमार गोंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु. सुरभी वर्मा, श्री हेमंत कुमार ध्रुव, कु. प्रशंसा वर्मा, श्री अजय देशकर, श्री दीपक कुमार शर्मा ने सांत्वना प्राप्त किया। केनवास पेंटिंग प्रतियोगिता 16 से 25 आयु वर्ग एवं 25 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार रूपये, द्वितीय को 8 हजार रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 6 हजार रूपये की सम्मान राशि, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। सांत्वना पुरस्कार में 5-5 प्रतिभागियों को एक-एक हजार रूपये की सम्मान राशि और प्रमाण पत्र दिया गया। ड्राईंग सीट पेंटिंग प्रतियोगिता-12 से 18 आयु वर्ग में उग्रेश बंजारा ने प्रथम, प्रयाग खलखो ने द्वितीय और अमृतांश एस.नाथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु. नैन्सी महिलांगे, कु. सानिया कमार, श्री पंकज कुमार नेताम, कु. एस. तान्या देवी और श्री तर्ण कुर्रे ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया ड्राईंग सीट पेंटिंग प्रतियोगिता 18 से 30 आयु वर्ग में गिरजा शंकर साहू ने प्रथम, कु. पुष्पा नेताम ने द्वितीय और पुनाराम निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। श्री त्रिलोक ठाकुर, कु. सुरभि अग्रवाल, श्री अमित अनंत, श्री ओंकेश्वर और प्रेमलाल पाईक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। ड्राईंग सीट पेंटिंग प्रतियोगिता-12 से 18 आयु वर्ग एवं 18 से 30 आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 2 हजार रूपये की सम्मान राशि, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। प्रत्येक वर्ग में 5-5 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक हजार रूपये की सम्मान राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अध्यक्ष कला अकादमी छत्तीसगढ़ श्री योगेन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ चित्रकार श्री हुकुम लाल वर्मा एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के सहायक प्राध्यापक फाईन आर्ट चित्रकला विभाग श्री संदीप किण्डो शामिल थे। निर्णायक मंडल के श्री योगेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी कलाकृतियां अपने आप में बेहद खूबसूरत थी। इनमें से किसी एक को चुनना बहुत मुश्किल था। उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अपर संचालक श्री ए.के. गढ़ेवाल और उपायुक्त श्री प्रज्ञान सेठ ने भी संबोधित किया।

## कृषि महाविद्यालय के भवन का उद्घाटन न होने से छात्र परेशान

### मुख्यमंत्री के साजा आने का इंतजार

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** राज्य में कृषि विभाग द्वारा बड़ी संख्या में कृषि महाविद्यालय खोले गए हैं लेकिन इनका उचित रखरखाव नहीं हो रहा है। कई जगह भवन निर्माण की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। जिसके कारण छात्र इस समय गोदाम अथवा अन्य स्थानों पर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। कृषि मंत्री रवींद्र चौबे ने भी अपने निर्वाचन क्षेत्र साजा के अंतर्गत मोहगांव कृषि फार्म में कृषि महाविद्यालय प्रारंभ किया है। इस फार्म की जमीन पहले राजाओं के पास थी लेकिन बाद में शासन को मिल गई। इस महाविद्यालय का नामकरण कुमारी देवी चौबे कृषि महाविद्यालय किया गया है। वर्तमान में यह भवन बनकर तैयार हो गया है। मौहाभांठा के पास मंत्री का गृह निवास है। इधर मोहगांव में महाविद्यालय भवन का उद्घाटन नहीं हुआ है इसलिए छात्र गोदाम में पढ़ाई करते हैं। छात्रों ने मांग की है कि शीघ्र ही भवन का उद्घाटन किया जाए। स्थानीय नेताओं के अनुसार यहां पर मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री के आने के बाद साजा को जिला बनाने की घोषणा हो सकती है। इसलिए यहां पर मुख्यमंत्री के आने का इंतजार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का दौरा कार्यक्रम दो बार स्थगित हो चुका है। पीड़ित छात्रों का कहना है कि उद्घाटन की औपचारिकता बाद में भले ही कर ली पर भवन को अध्यापन के लिए खोल देना चाहिए।



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भेंट-मुलाकात के लिए बसना-विधानसभा के पिथौरा तहसील के ग्राम गोपालपुर पहुंचे। उनके साथ गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,बसना विधायक देवेन्द्र बहादुर सिंह, सरायपाली विधायक किस्मत लाल नंद भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री बघेल का ग्रामीणों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उपस्थित अधिकारियों द्वारा फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया।

### ग्वाला डेयरी प्रोडक्टस के संचालक विनय ने पिया जहर

**रायपुर 13 दिसंबर।** ग्वाला डेयरी प्रोडक्टस के संचालक विनय ने आज फिनाइल पीकर जान देने की कोशिश की. यह घटना नगर निगम के दस्ता के सामने हुई जोकि उनकी दुकान बंद कराने पहुंचा था. विनय की हालत अभी गंभीर बताई जाती है. घटना एक बजे के आसपास की बताई जाती है. नगर निगम प्रशासन ने ग्वाला डेयरी प्रोडक्टस को कल नोटिस भेजते हुए अवैध पार्किंग का आरोप लगाया था और आज कार्यवाही करने की बात भी कही थी. इधर, नगर निगम का अमला आज दोपहर ग्वाला डेयरी प्रोडक्टस पहुंचा तो संचालक विनय की अमले के साथ बहस हुई और गुस्से में आकर उन्होंने जहर पी लिया।

### आज भी छाए बादल, बस्तर में वर्षा की संभावना

**रायपुर, 13 दिसम्बर।** प्रदेश में मौसम सुहावना हो गया है पिछले 2 दिनों से बादल छाए हुए है वही बादल के कारण ठंड में भी गिरावट आई है बता दे बंगाल से काफी मात्रा में नमी आने की वजह से प्रदेश में इसका असर देखा जा रहा है। रविवार को दिनभर बादल छाए रहे, वही दोपहर में कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई है। आज सोमवार को प्रदेश में कुछ स्थानों में वर्षा के साथ वज्रपात होने की आसार है। प्रदेश विभिन्न जिलों के भीतर एक से दो डिग्री तक तापमान में वृद्धि हो सकती है। बता दे की लगातार दो दिनों से राजधानी व अन्य जिलों में बादल छाए रहने की वजह से तापमान में वृद्धि हुई है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि बादल की वजह से न्यूनतम और अधिकत तापमान में वृद्धि हो रही है। रायपुर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस पहुंच चुका है। इसी तरह बाकी अन्य जिलों में भी तापमान में परिवर्तन देखा गया। रविवार को राजधानी में दोपहर दो बजे बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के मुताबिक रविवार को 90 प्रतिशत स्थानों पर बादल छाए रहे।

## वंदे भारत तो सिर्फ मुखौटा है मकसद रेलवे का निजीकरण करना: कांग्रेस

**रायपुर 13 दिसंबर।** रेल्वे को लेकर मोदी सरकार की कार्य प्रणाली से ऐसा प्रतीत हो रहा मोदी सरकार देश की सबसे विश्वसनीय यात्री सुविधा परिवहन के निजीकरण का षडयंत्र रच रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार ने देश की सबसे विश्वसनीय नागरिक परिवहन सुविधा मानी जानी वाली रेल सुविधा को मजाक बनाकर रख दिया है। पहले से आने जाने की तैयारी का ट्रेन की टिकट आरक्षित कराए जनता के साथ धोखा मोदी सरकार कर रही है। बीते 8 माह से अधिक हो चुका है जब ट्रेनों को अचानक स्थगित कर दिया जा रहा है। पूर्ववर्ती सरकारें रेल्वे को नागरिकों की सुविधा के लिये चलाती थी मोदी सरकार कमाने के लिये जनता को लूटने के लिये इस्तेमाल कर रही। रेल्वे जनता को मिलेन वाली सारी सुविधाये बंद कर दिया। वृद्ध, विकलांग, छात्रों की सुविधाये हटा दिया। रेल्वे स्टेशन पर टिकिट बिक्री बंद कर टिकिटों के दाम बढ़ा दिया गया। मोदी सरकार इतनी क्रूर और अमानवीय और गैर जिम्मेदार हो चुकी है कि अब एक्सप्रेस ट्रेनों को गंतव्य स्थान पहुंचने के पहले बीच रास्ते में रद्द कर घोषणा किया जा रहा है कि ट्रेन आगे नहीं जायेगी। आजादी के पहले से रेल आम आदमी की यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। मोदी सरकार ने इसको तबाह कर दिया है। राज्य की सारनाथ और नौतनवा जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को 68 दिनों के लिये बंद कर दिया गया है।



मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के मनमानी पर भाजपा के सांसद मौन रहकर आम जनता के पीड़ा को बढ़ाने में लगे हुए है। भाजपा के 9 सांसदों के निष्क्रियता का नुकसान छत्तीसगढ़ की जनता को उठाना पड़ रहा है छत्तीसगढ़ की जनता के परेशानियों में कभी भी भाजपा के सांसद जनता के पक्ष में खड़े नहीं हुए। बीते 11 महीना से 2600 से अधिक जो ट्रेन बंद हुई थी, जिस के चलते प्रदेश के ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अचानक ट्रेन रद्द कर दी जाती है महीनों पहले यात्रा के लिए आरक्षित टिकटों को रद्द कर दिया जाता है और लगातार मोदी सरकार छत्तीसगढ़ में ट्रेनबंदी कर रही है। 8 माह में प्रदेश से चलने वाली और प्रदेश से गुजरने वाली लगभग 800 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है ट्रेन यात्री हताश और परेशान है। हकीकत में भाजपा के सांसद एक जनप्रतिनिधि तो होने का दायित्व का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं रेल मंत्रालय के मनमानी पर हां में हां मिलाते हैं और रेल मंत्रालय के द्वारा की जा रही है गुमराह वाली बयानबाजी पर समर्थन करते हैं। भाजपा के नेता वंदे भारत का स्वागत कर ट्रेन यात्रियों के जख्मों पर नमक छिड़क रहे हैं। वंदे भारत का प्रोपोगंडा कर अनेक एक्सप्रेस औरह सुपर फास्ट ट्रेनो को रोकने के षडयंत्र को दबाया जा रहा है। सामान्य पेंसेन्जर ट्रेन भारत की जनता की लाइफ लाईन है। वंदे भारत ट्रेन की टिकट महंगी है जो गरीब जनता के पहुंच से बाहर है उक्त ट्रेन के चलते अन्य ट्रेनों को लेट किया जा रहा है जिसके कारण आम जनता को भी यात्रा के दौरान जो ट्रेनें चल रही है उस के माध्यम से गंतव्य तक जाने में भारी लेटलतीफी का सामना करना पड़ रहा है और गरीबों के जो ट्रेन एक्सप्रेस सुपरफास्ट लोकल ट्रेन बंद है छत्तीसगढ़ की जनता जो लोकल ट्रेन के माध्यम से एक शहर से दूसरे शहर अपने रोजमर्रा के कामों को निपटाने परिवार के सदस्यों का इलाज कराने और छात्र पढ़ाई करने के लिए जाते हैं प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले भी इस ट्रेन के माध्यम से रोजाना आनाजाना करते हैं वह बीते 11 महीने से हताश और परेशान हैं।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23